श्रावण कृष्ण पक्ष द्वितीया 01:46 तक उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 12 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 232, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुखोई लड़ाकू विमान से अस्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण 14

संविधान बचाव रैली राजनीतिक पर्यटन : प्रधान 12

## कांवड़ यात्रा शुरू



श्रावण मास शुरू होते ही शुक्रवार को हरिद्वार की हर की पैड़ी समेत गंगा के अन्य तटों पर कांवड़ियों का हुजूम उमड़ पड़ा। बम-बम भोले के उद्घोष हर तरफ सुनाई दिए। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में सुरक्षा के लिहाज से इस बार कड़े प्रबंध किए गए हैं।

# चुनाव आयोग को बेहिसाब ताकत नहीं दी जा सकती

## एक राष्ट्र, एक चुनाव पर जेपीसी की बैठक में पूर्व सीजेआई बोले

नई दिल्ली, एजेंसी

- विस चुनाव के संबंध में चुनाव आयोग को दी गई व्यापक छूट पर सवाल उठाए
- कहा- प्रस्तावित कानून संविधान के मूल ढांचे का नहीं करता उल्लंघन

देश के दो पूर्व प्रधान न्यायाधीशों न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेएस खेहर ने शुक्रवार को देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्तावित संविधान संशोधन विधेयक के कुछ प्रावधानों पर सवाल उठाए, जिनमें निर्वाचन आयोग को दी गई शक्तियां भी शामिल हैं।

पूर्व सीजेआई ने कहा कि कहा कि चुनाव आयोग को बेहिसाब ताकत नहीं दी जा सकती। हालांकि, उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि यह विचार संविधान के विरुद्ध है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। न्यायमूर्ति रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ के बाद



पूर्व सीजेआई खेहर और डीवाई चंद्रचूड़।

न्यायमूर्ति खेहर तीसरे पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) हैं, जिन्होंने विधेयक की धारा 82ए(5) के तहत विधानसभा चुनाव कराने के संबंध में चुनाव आयोग को दी गई व्यापक छूट पर सवाल उठाए हैं। न्यायमूर्ति खेहर के बाद न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ भाजपा सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता वाली संसद की संयुक्त समिति के समक्ष पेश हुए। उन्होंने पहले ही अपनी लिखित राय प्रस्तुत कर दी थी। एक सूत्र ने 'एक देश, एक चुनाव' विधेयक पर दोनों न्यायविदों द्वारा व्यक्त विचारों का सारांश देते हुए कहा कि दोनों पूर्व सीजेआई ने सुझाव दिया कि विधेयक में कुछ अस्पष्ट क्षेत्र हैं, जिन पर समिति को ध्यान देना चाहिए तथा उन्होंने कुछ सुझाव भी दिए।

दोनों पूर्व सीजेआई ने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता, जैसा कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, यह संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ नहीं करता।

### आपातकाल की स्थिति में क्या हो स्पष्टता जरूरी

प्रस्तावित कानून की एक अन्य धारा का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति खेहर ने कहा कि इसमें यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि आपातकाल की स्थिति में क्या होगा। सूत्रों ने बताया कि एक और मुद्दा यह उठाया गया कि अगर किसी कारणवश विधानसभा का कार्यकाल बहुत कम, जैसे कुछ महीने, रह जाए और फिर चुनाव इतने ही सीमित समय के लिए हों, तो क्या होगा। एक पूर्व सीजेआई ने कहा कि विधेयक में यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए।

# हमने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने उड़ाए, हमारा शीशा तक नहीं टूटा

## एनएसए बोले- पड़ोसी देश एक भी फोटो दिखाए जिसमें भारत का नुकसान नजर आए

चेन्नई, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को यहां कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की सटीक मारक क्षमता का प्रदर्शन हुआ, जिसमें पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कहा, हमें पता था कि कौन कहां है, जबकि हमारे यहां एक शीशा भी नहीं टूटा। डोभाल ने सीमा पार के खतरों को नाकाम करने में भारत की क्षमता और तकनीकी कौशल पर गौरवान्वित होने की बात कही।

उन्होंने कहा कि सटीकता इस स्तर की थी कि भारत को पता था कि कौन कहां है। उन्होंने कहा कि पूरा अभियान 7 मई को रात एक बजे के बाद शुरू हुआ और मुश्किल से 23 मिनट तक जारी रहा। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल ने पाकिस्तान द्वारा दावों को खारिज किया जिसमें उन्होंने भारत को नुकसान पहुंचाने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि क्या आप मुझे एक भी ऐसी तस्वीर दिखा सकते हैं, जिसमें दिखता हो कि भारत को इस दौरान कोई नुकसान हुआ है।

ऑपरेशन की प्रभावशीलता पर सवाल उठाने वाले न्यूयार्क टाइम्स समेत अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कवरेज पर एक प्रकार से निशाना साधते हुए डोभाल ने कहा, उन्होंने वही लिखा, जो वे चाहते थे। लेकिन उपग्रह चित्र असली कहानी बताते हैं कि 10 मई से पहले और बाद में 13 पाकिस्तानी एयरबेस में क्या हुआ।



### स्वदेशी प्रौद्योगिकी करें विकसित : डोभाल

छात्रों को संबोधित करते हुए डोभाल ने कहा कि प्रौद्योगिकी और युद्ध के बीच अहम संबंध है और देश को अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकसित करनी चाहिए। इससे पहले, पद्म विभूषण से सम्मानित और प्रख्यात नृत्यांगना पद्मा सुब्रह्मण्यम ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी और छात्रों की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा, मुझे इस पर (ऑपरेशन सिंदूर पर) गर्व है। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि हमारी कुछ बेहतरीन प्रणालियों ने काम किया, चाहे वह ब्रह्मोस (मिसाइल) हो, एकीकृत हवाई नियंत्रण और कमान प्रणाली हो या युद्धक्षेत्र निगरानी हो। हमने नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधा, सीमावर्ती क्षेत्रों में नहीं, बल्कि पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में थे और हम एक भी नहीं चूके।

### ढाई साल में 5जी विकसित करने के लिए आईआईटी मद्रास को सहारा

उन्होंने ढाई साल में 5जी विकसित करने में आईआईटी मद्रास और निजी क्षेत्र की भूमिका का उल्लेख किया, जबकि चीन को 5जी प्रौद्योगिकी विकसित करने में 12 साल से अधिक का समय लगा और उसने 300 अरब डॉलर खर्च किए। डोभाल ने कहा, यहां तक कि डेटा या सुरक्षा से संबंधित एक कील भी विश्वसनीय स्रोत से ही आनी चाहिए। यह या तो भारत में बनी हो या कहीं ऐसी जगह बनी हो, जो भारत के बहुत करीब हो।

## 'एक्स' ने भारत में सदस्यता शुल्क 48 प्रतिशत तक घटाया



**नई दिल्ली।** सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' ने भारत में खाता धारकों के लिए सदस्यता शुल्क को 48 प्रतिशत घटा दिया है। एलन मस्क की अगुवाई वाली सोशल मीडिया कंपनी ने मोबाइल एप के लिए प्रीमियम खाता का सदस्यता शुल्क मासिक आधार पर 900 रुपये से लगभग 48 प्रतिशत घटाकर लगभग 470 रुपये कर दिया है।

एक्स में 'प्रीमियम' और 'प्रीमियम-प्लस' सेवा के ग्राहकों को उनके नाम या आईडी के बगल में एक 'चेकमार्क' मिलता है। इसी तरह, 'एक्स' ने वेबसाइट खातों के लिए प्रीमियम ग्राहक शुल्क 650 रुपये से लगभग 34 प्रतिशत घटाकर 427 रुपये कर दिया है। कंपनी ने अपने हैंडल पर सामान्य ग्राहक के लिए मासिक शुल्क को 243.75 रुपये से 30 प्रतिशत घटाकर 170 रुपये कर दिया है।

# जापान ने इंटरनेट स्पीड का बनाया रिकॉर्ड एक सेकेंड में 10 हजार मूवी होंगी डाउनलोड


टोक्यो, एजेंसी

- 10.20 लाख जीबीपीएस की इंटरनेट स्पीड, भारत से 1.6 करोड़ गुना तेज

जापान ने 10.20 लाख गीगाबिट्स प्रति सेकेंड की इंटरनेट स्पीड हासिल करके नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस स्पीड से नेटफ्लिक्स की पूरी लाइब्रेरी या 10,000 4के मूवीज को महज एक सेकेंड में डाउनलोड कर सकते हैं। 150 जीबी का गेम 3 मिली सेकेंड में डाउनलोड होगा। ये भारत की औसत इंटरनेट स्पीड लगभग 63.55 एमबीपीएस से करीब 1.6 करोड़ गुना तेज है। वहीं, एवरेज अमेरिकी इंटरनेट स्पीड से 35 लाख गुना ज्यादा तेज है। यह उपलब्धि न केवल जापान, बल्कि वैश्विक रूप से डाटा ट्रांसफर, स्ट्रीमिंग और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है।

इससे पहले भी ये रिकॉर्ड जापान के नाम था। मार्च 2024 में जापान ने 402 टेराबिट्स प्रति सेकेंड यानी, 50,250 गीगाबिट्स प्रति सेकेंड की स्पीड हासिल की थी। यह रिकॉर्ड स्टैंडर्ड ऑप्टिकल फाइबर केबल्स का उपयोग करके बनाया गया था।

इस तकनीक को जापान के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशंस टेक्नोलॉजी (एनआईसीटी) के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। इसके लिए उन्नत फाइबर ऑप्टिक तकनीक और अत्याधुनिक सिग्नल प्रोसेसिंग का इस्तेमाल किया गया है। यह गति मौजूदा दुनिया में औसत घरेलू इंटरनेट कनेक्शन से 100000 गुना तेज है। इससे एक सेकंड में 10,000 से अधिक अल्ट्रा-हाई-डेफिनिशन 4के फिल्में डाउनलोड की जा सकती हैं।



### आएगा क्रांतिकारी बदलाव

यह तकनीक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), और वैश्विक डिजिटलीकरण की बढ़ती मांगों को पूरा करने में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। स्मार्ट सिटी, रिमोट हेल्थकेयर, और ऑनलाइन शिक्षा जैसे क्षेत्रों में तेज और विश्वसनीय डाटा ट्रांसफर से अभूतपूर्व प्रगति हो सकती है।


JPM GROUP OF INSTITUTIONS
Affiliated to Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly (MJPRU Code: 128)
Affiliated to SCERT, Lucknow (SCERT Code: 080004). Approved by NCTE, New Delhi
Affiliated to BTE, Lucknow (BTE Code: 2354) and Approved by PCI New Delhi (PCI Code: 5493)
JPM PG COLLEGE
JPM COLLEGE OF PHARMACY
JPM COLLEGE OF TEACHER'S TRAINING
Free Registration* - Upto 100% Scholarships
D.El.Ed.
₹20,000 Scholarship for All
B.El.Ed.
Upto ₹10,000 Scholarship for All
D.Pharma
B.Sc. (Bio. Tech)
NEW COURSE
B.Sc. (Environmental Sc.)
NEW COURSE
M.Sc. (Agriculture Hons)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
▪ B.Sc.(PCM/ZBC) ▪ B.Sc.(H.Sc.) ▪ BBA ▪ B.Com.
▪ M.Sc.(Chemistry/Zoology) ▪ M.Sc.(Human Dev.) ▪ BCA ▪ BA
▪ M.Sc. (H.Sc.) ▪ M.Sc. (Food & Nutrition) ▪ M.Com. ▪ MA
▪ M.Sc. (Ag) Agronomy / Animal Husbandry & Dairying / Agricultural Chemistry. ▪ B.Sc. (Agriculture Hons)
100% Placement Assistance
For Eligible Candidate
#T&C Apply.
Enquire Now
8899484668, 9149232322, 8057037500
www.jpmc.ac.in
Campus: Bhairpura Khajuria, Nainital Road, Bareilly (UP) 243202
City Office: City Heart Enclave, Opp. Model Town Gate, Stadium Road, Bareilly 243005 (UP)

अशोका फोम
SUMMER SALE
UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments
FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000

# सुखोई लड़ाकू विमान से अस्त्र मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- सौ किमी मार करने में सक्षम मिसाइल ने साधे सटीक निशाने



डीआरडीओ और वायु सेना ने हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का शुक्रवार को सुखोई-30 लड़ाकू विमान से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि व्यक्ति की देखने की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल का ओड़िशा के तट से परीक्षण किया गया। परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी तथा अत्यधिक गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों पर दो निशाने लगाए गए और दोनों बार मिसाइलों ने सटीक निशाना साधा। अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक नौवहन प्रणाली से सुसज्जित है। डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल से जुड़ी टीमों की सराहना की और कहा कि रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने भी बधाई दी।

# केंद्रीय योजनाओं में बिल देने के बाद ही होगा भुगतान

## शासनादेश जारी, नई व्यवस्था से 67 योजनाओं में बदलेगा मानक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बजट की स्वीकृति व भुगतान के नियम सख्त, स्पर्श प्रणाली लागू



**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने भारत सरकार की योजनाओं के लिए बजट आवंटन और भुगतान को लेकर नई गाइडलाइन का शासनादेश जारी कर दिया है। अब कार्यदायी संस्था व विभाग की ओर से बिल प्रस्तुत करने के बाद ही धनराशि मिलेगी।

सरकार ने 67 केंद्रीय योजनाओं में बजट की स्वीकृति व भुगतान के नियम सख्त करते हुए इसका पूरा लेखा-जोखा एसएनए-एसपीएआरएसएच (स्पर्श) प्रणाली से करने के निर्देश दिए हैं। वित्त विभाग के सचिव मिनिस्ती एस ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव समेत विभागाध्यक्ष व प्रमुख कार्यालयाध्यक्षों को जारी आदेश में कहा है कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देश के बाद केंद्र प्रायोजित योजनाओं में बजट आवंटन और भुगतान को लेकर स्पर्श प्रणाली पूरी तरह लागू होगी। इसके लिए संबंधित विभाग अपने स्तर पर सुनिश्चित करेंगे कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं में लाभार्थी या वेंडर को परियोजनाओं की गाइडलाइन के अनुसार अनुमन्यता व देयता होने पर ही भुगतान किया जा रहा है। इन योजनाओं में की जाने वाली वित्तीय स्वीकृतियों में सभी मदों व घटकों का उल्लेख करने के साथ इसकी सूचना मुख्य कोषाधिकारी साइबर ट्रेजरी, लखनऊ को करना अनिवार्य होगा।

शासन ने निर्देश दिए हैं कि एसएनए स्पर्श पोर्टल पर सभी इंप्लीमेंटिंग एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए बिलों को मिशन व योजना मुख्यालय के आहरण-वितरण अधिकारी के माध्यम से साइबर ट्रेजरी में प्रस्तुत किए जाएंगे।

### योजनाओं में आएगी पारदर्शिता और जवाबदेही

नई प्रणाली के लागू होने से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। बीती 30 जून को कार्यशाला में भारत सरकार के अधिकारियों ने बजट आवंटन की इस नई व्यवस्था के बारे में विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षित भी किया है। पहले केंद्र की 67 योजनाओं में से 28 योजनाओं के बजट आवंटन में नई व्यवस्था लागू थी, लेकिन अब 39 योजनाओं में भी व्यवस्था लागू होगी।

## एक नजर

### हज यात्रा के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हज 2026 यात्रा को जाने वाले यात्रियों के लिए ऑनलाइन हज आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जो लोग हज यात्रा को जाना चाहते हैं। वह अपने समस्त कागजात पासपोर्ट, फोटो लाकर हज ई सुविधा केंद्र मदरसा नुरुल हुदा बिजलीपुरा से ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। यह जानकारी मदरसा प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने दी है।

### सम्पत्ति कर पर छूट 30 सितंबर तक जारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** नगर निगम की सीमा में स्थित सभी भवन स्वामियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्ति कर पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। नगर आयुक्त ने बताया कि छूट आगामी 30 सितम्बर तक जारी रहेगी, लेकिन छूट का लाभ तभी दिया जाएगा। जब मांग पत्र में दर्शित सम्पत्ति कर की सम्पूर्ण धनराशि एक मुश्त निगम कोष में जमा की जाएगी। निगम द्वारा भवन स्वामियों को मांग पत्र वितरित कराएं जा रहे है। यदि किसी भवन स्वामी को अपना सम्पत्ति कर जमा करना है, तो वह ई- नगर सेवा से स्वयं ही बिल डाउनलोड कर सकते है।

# जिले भर के 80 तालाबों को कराया जाएगा कब्जामुक्त, होगा पौधरोपण

## दोनों किनारों पर 40 हजार पौधे किए जाएंगे रोपित, प्लान तैयार

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** नदी पुनर्जीवन अभियान के बीच एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम के तहत डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने इनायतपुर स्थित भैंसी नदी पर वृहद पौधरोपण किया। साथ ही अगले चरण में नदी के किनारों पर मौजूद 80 तालाबों को भी जीवन दिलाने का दावा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम एवं प्रभागीय वनाधिकारी विनोद कुमार ने ग्राम करनापुर में गायत्री परिवार के साधकों के साथ गायत्री मंत्रोच्चार एवं हरिशंकरी के रोपण के साथ किया गया। लोक भारती, गायत्री परिवार, बालाजी सेवा समिति समेत विभिन्न हितकारी स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय ग्रामवासियों ने भैंसी मईया व गंगा मईया की जयकारों से वातावरण को गुंजायमान करते हुए एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण किया। डीएम ने भैंसी नदी पर किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि भैंसी नदी



पुवायां में भैंसी नदी किनारे पौधरोपण करते डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह व अन्य।

- पुवायां पहुंचे डीएम, भैंसी पुल के पास नदी किनारे किया पौधरोपण

की लगभग 56 किमी लंबाई में खुदाई का कार्य मात्र 20 दिनों में पूर्ण किया गया। इससे नदी को उसके वास्तविक स्वरूप में पुनः लाया गया। इस पुनीत कार्य में सामाजिक एवं स्थानीय नागरिकों की महती भूमिका रही है।

नदी के किनारे वन विभाग, मनरेगा एवं स्थानीय टीमों के माध्यम से लगभग 40 हजार पौधे रोपे जा रहे है। साथ ही नदी जल के संरक्षण के लिए सघन वृक्षारोपण के अतिरिक्त निकटवर्ती चिन्हित 80 तालाबों में वर्षा जल संचयन का कार्य भी किया जाएगा। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा। जल्द ही तालाबों में खुदाई और कब्जामुक्त कराने का काम करना है। जिससे तालाब नदी को बचाने में सहयोग कर सकें। नदी खुदाई का कार्य 12 जून से शुरू होकर 20 दिनों तक चला।

### वृक्षों के संरक्षण को टोली बनाकर देखभाल करेंगे लोक भारती के कार्यकर्ता

लोक भारती के कार्यकर्ता राजीव सिंह ने वृक्षों के संरक्षण के लिए टोली बनाकर दीर्घकालिक देखभाल की बात कही। डीपीओ जिला गंगा समिति डॉ. विनय कुमार सक्सेना ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर एसडीएम पुवायां चित्रा निर्वाल, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार यशोवर्धन सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी वीरेश राव, लोक भारती के कार्यकर्ता आलोक मिश्रा, कृष्ण कुमार गुप्ता, अधीर, संजय त्रिपाठी, वन विभाग, गायत्री परिवार, बालाजी सेवा समिति, दशमेश कान्वेंट विद्यालय के छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे। स्कूल संचालक बलदेव सिंह ने बताया कि विद्यालय के बच्चे भी एक हजार वृक्ष लगाकर नदी को सहयोग करेंगे। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

## डाकघर में हुआ अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम



शिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेते युवा।

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विभिन्न जिलों में भारतीय डाक विभाग युवाओं के लिए अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम चला रहा हैं। इसके अंतर्गत घंटाघर डाकघर शाखा में शिक्षण कार्यक्रम संचालित हुआ। यहां दो युवाओं ने आवदेन पश्चात सम्पूर्ण कार्यक्रम में 20 दिन तक भाग लिया।

जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया ने बताया कि अनुभव आधारित शिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली जनपद की ऐनुल हुदा अंसारी और इलमा खान ने अपना अनुभव साझा किए। उन्होंने सीखा कि डाक विभाग द्वारा विभिन्न सेवाएं जैसे डाक वितरण, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, मनी ऑर्डर, पार्सल सेवा, आधार लिंकिंग और बैंकिंग जैसी तमाम सेवाएं किस तरह से सुचारू रूप से चलाई जाती हैं।

# दिव्यांगों के पुनर्वास के लिए डोर टू डोर होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 0-18 वर्ष के दिव्यांगों का चिंहाकन कर रिपोर्ट बनेगी
- 30 अगस्त तक दिव्यांगों के कल्याण को चलेगी ड्राइव

**अमृत विचार :** अब उन दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा की किरण से जोड़ा जाएगा, जो किसी कारणों से स्कूल न जा पाने से शिक्षा से वंचित हो रहे है और सरकारी की तमाम योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। जनपद में एक जिला व ब्लॉक स्तरीय समिति गठित की जाएगी। विभाग समन्वय स्थापित कर दिव्यांग बच्चों का पुनर्वास करने के लिए 3 जुलाई से 30 अगस्त तक अभियान चलाएंगे। इसमें 0-18 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, उपकरण, शादी अनुदान आदि का लाभ दिलाने को कार्य किया जाएगा।

ब्लॉक वार शिविर आयोजित किए जाने है। इसमें डोर टू डोर सत्यापन कर टीमें डाटा एकत्रित कर दिव्यांगजन अधिकारी को उपलब्ध कराएगी। अब तक चिंहित 2164 बच्चों का दिव्यांग सर्टिफिकेट सीएमओ ने जारी किया है। इस अभियान में सबसे पहला कार्य बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग का होगा, जोकि छोटे बच्चों

> दिव्यांग बच्चों का चिंहाकन कराया जा रहा है। इसके लिए अलग अलग विभागों को पत्र भेजकर सूचनाएं एकत्रित की गई है, जिसके आधार पर आगे इन बच्चों को शिक्षा, उपकरण, सार्टिफिकेट आदि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की योजनाओं से लाभांवित कराया जाएगा।
>
> - प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी **संजय कुमार**

को आंगनबाड़ी केंद्रों तक लाकर वहां मिलने वाले लाभ दिलाने का कार्य करेगा। बीएसए उन बच्चों के एडमिशन परिषदीय विद्यालयों में कराएंगे। इसी प्रकार महिला कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग भी दिव्यांग बच्चों को अपने विभाग से मिलने वाली योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करेंगे। समिति में सीडीओ अध्यक्ष, सदस्यों में डीआईओएस, बीएसए, डीपीओ, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि के नाम शामिल किए गए हैं।

# 25 एकड़ भूमि कब्जा मुक्त, बनेगा सहजन वन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** भावलखेड़ा के ग्राम तुर्की में सहजन वन की स्थापना को चिन्हित 25 एकड़ भूमि का डीएम व सीडीओ ने स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए। वर्षों से अवैध कब्जे में रही भूमि को कब्जामुक्त कराया। अब उसे हरियाली से संवारने की योजना तेजी से आगे बढ़ रही है।

इस अभियान के तहत 18 जुलाई को वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मनरेगा, उद्यान विभाग, ग्राम पंचायत और ग्राम विकास विभाग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई



भावलखेड़ा में सहजन वन की स्थापना के लिए निरीक्षण करते डीएम व सीडीओ।

- भावलखेड़ा के तुर्की में सहजन वन की स्थापना को भूमि चिन्हित

है। वृक्षारोपण के इस महाअभियान में करीब 250 स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे, जो अपने हाथों से पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण में योगदान देंगे। भूमि को छह खंडों में विभाजित कर योजनाबद्ध ढंग से हरियाली बढ़ाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। डीएम ने निर्देश दिए कि वृक्षों की नियमित देखभाल के लिए मनरेगा के अंतर्गत एक वर्ष के लिए केयरटेकर की नियुक्ति की जाए। साथ ही उन्होंने सहजन वन का प्रवेश द्वार निर्माण कराने और पौधों की सुरक्षा को तारवाड़ लगाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि प्रकृति की सेवा ही जनसेवा है और यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित विरासत साबित होगा। इस दौरान सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक, खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा अभिषेक अग्रवाल सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण व वृद्धि विषय पर की चर्चा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय में लगाया गया।

एलएडीसीएस चीफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार मिश्र ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विषय पर चर्चा की। विश्व जनसंख्या दिवस पर चर्चा करते हुए जनसंख्या नियंत्रण एवं जनसंख्या वृद्धि के विषय में चर्चा की। एलएडीसीएस असिस्टेंट विवेक शर्मा ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि व्यक्ति, समाज, देश और विश्व के लिए विभिन्न समस्याऐं उत्पन्न करती



शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय विधिक शिविर में मौजूद वक्ता। ● अमृत विचार

- जिला जज के निर्देशानुसार लगाया विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर

है। इस कारण आमजन को उनके मूलभूत अधिकरों का लाभ पूर्णरूप से नहीं मिल पाता है और उससे वंचित रहते हैं और राज्य सामान्य नागरिकों मूलभूत अधिकारों की प्राप्ति के लक्ष्य में विफल हो जाती है। पीएलवी अनिल कुमार वर्मा ने जनसंख्या मुद्दों और समाज पर उनके प्रभाव के बारे में जागरूक करने के विषय में बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नम्बर 18001805235 से अवगत कराया। प्राचार्य जय शंकर ओझा ने आभार व्यक्त कर शिविर का समापन किया। संचालन मो. अफजल ने किया गया। शिविर में प्रदीप कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. दीप्ति गंगवार, रंजना खंडेलवाल, अरविन्द कुमार, डॉ. प्रेम सागर, सचिन कुमार व छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
V.A.U. The path to education
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing Must have Passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001993, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
| --- | --- | --- |
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in

# चिकित्सक के आवास में गिरा प्लास्टर, टला हादसा

**पुवायां, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक के आवास की सीढ़ियों पर छत का प्लास्टर अचानक नीचे आ गिरा। इसमें चिकित्सक बाल बाल बच गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां में चिकित्साधिकारी डॉ. नरेंद्र पाल व चिकित्सक एमके सिंह परिसर में ही बने आवासों में रहते हैं। आवास काफी जर्जर अवस्था मे हैं। शुक्रवार सुबह जब चिकित्सक अपने आवासों में थे तभी अचानक तेज आवाज हुई। बाहर देखने पर पता चला कि छत के प्लास्टर का एक बड़ा हिस्सा अचानक नीचे आ गिरा। अच्छा ये हुए कि उस समय सीढ़ियों पर या आवासों के बाहर कोई मौजूद नहीं था वरना बड़ी घटना हो सकती थी। जर्जर आवासों को



चिकित्सक के आवास का गिरा प्लास्टर।

दुरुस्त न किए जाने को लेकर चिकित्साकर्मियो में रोष व्याप्त है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आवासों की बुरी हालत को लेकर कई बार खबरें भी प्रकाशित हो चुकी हैं जिनको लेकर सीएमओ विवेक मिश्रा ने आवासों का निरीक्षण करवाने की बात भी कही थी, लेकिन समय के साथ बात आई गई हो गई।

# स्कूलों में नामांकन बढ़ाने को लेकर निकली रैली

**निगोही, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र निगोही में परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत कई गांवों में रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज ने किया। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई तक जिन बच्चों की आयु छह वर्ष पूरी हो रही है उनका नामांकन अनिवार्य रूप से प्राथमिक विद्यालयों में किया जाएगा, जबकि तीन से छह वर्ष तक की आयु वाले बच्चों को आंगनबाड़ी बाल वाटिका में दाखिला दिलाया जाएगा।

संविलियन विद्यालय रतूली में इंचार्ज प्रधानाध्यापक क्रांति कुमार

- ग्रामीणों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

सिंह के निर्देशन में निकली रैली ने पूरे गांव में घूमकर अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एआरपी बृजेश कुमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के साथ-साथ कई मूलभूत सुविधाएं भी निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। संविलियन विद्यालय पतराजपुर में इंप्रअ आजम खान के नेतृत्व में भी उत्साहपूर्ण रैली निकाली गई।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेंद्र सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को नियमित विद्यालय भेजना जरूरी है।




स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने को रैली निकालते विद्यार्थी व शिक्षक।

## सार-संक्षेप

### ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में किया पौधरोपण



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छ वातावरण को लेकर नियामतपुर स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में प्रबंधन की ओर से वृक्षारोपण किया गया। स्कूल निदेशक अभय यादव, तनु यादव व शोभा राजपूत ने बच्चों व स्टाफ के साथ स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। वातावरण को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान ज्योति अवस्थी, वैशाली सक्सेना, नैना दीक्षित, पूनम सक्सेना आदि ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

### जूनियर बालिका वर्ग में जिज्ञासा का चयन



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में जिला स्तरीय राइफल पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ मेजबान कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार कपूर ने किया। एयर राइफल प्रतियोगिता में हिमांशु, हर्षित, शिव श्रीवास्तव, शौर्य, सीनियर वर्ग एयर राइफल साइड प्रतियोगिता में आशीष कुमार, यश कुमार वर्मा, प्रकाश कुमार, सब जूनियर पिस्टल प्रतियोगिता में रंजीत, सौरभ श्रीवास्तव, वासुदेव मौर्य, सीनियर पिस्टल वर्ग में अंश मोहन मिश्रा, सत्यम वर्मा, अमन सिंह, सब जूनियर बालिका वर्ग में आकांक्षा तथा जूनियर बालिका वर्ग में जिज्ञासा कश्यप का चयन हुआ है। प्रतियोगिता संपन्न कराने में अतुल कुमार श्रीवास्तव, रामनिरंजन वर्मा, कैप्टन रामकुमार, राहुल सिंह, संजय कुमार अग्निहोत्री, राम सिंह, बुधपाल सिंह, रामकुमार मौर्य, सुरेश कुमार, सुशील गुप्ता, सुनील कुमार वर्मा, प्रेम, सिंह आदि का योगदान रहा।

### रास्ते में कबाड़ रखने वाले को नोटिस जारी



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत हाई रिस्क विलेज जमौर का एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, फॉगिंग, एंटीलार्वा छिड़काव, ऑयल बॉल पोटली जमे गंदे पानी में डलवाने आदि कार्य कराया। साथ ही गांव के प्रवेश रास्ते पर कबाड़ रखने वाले के खिलाफ नोटिस दिलाया। वहीं नाली पर कबाड़ रख नाली को जाम किया था उसको भी खुलवाया। एडीएम वित्त ने गांव की स्वच्छता को सचिव व ग्राम प्रधान को दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण में पाया कि गांव दिमागी बुखार आदि कोई केस नहीं है। इस दौरान एडीओ पंचायत सचिव, सफाई कर्मी आदि मौजूद थे।

### नगर उद्योग व्यापार मंडल ने किया पौधरोपण



**पुवायां, अमृत विचार :** नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंडी परिसर में एसडीएम के साथ पौधरोपण किया। शुक्रवार को व्यापार मंडल प्रदेश प्रचार मंत्री कपिल गुप्ता ने नगर टीम व एसडीएम चित्रा निर्वाल के साथ मंडी परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस दौरान नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष के के लील, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरज शर्मा राजा, लकी गुप्ता, सुनील अग्रवाल, निलेश ओमर, सुरेंद्र पाल, विनोद कटियार, जयप्रकाश गुप्ता, हरिश्याम गुप्ता, सतीश गुप्ता, अमित गुप्ता, अखिलेश अग्निहोत्री शशि, मदनपाल आदि उपस्थित रहे।

### आपदा प्रबंधन बैठक में रेड क्रॉस ने किया प्रतिभाग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने बाढ़ आपदा प्रबंधन विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तर की एक बैठक की। इसमें जनपद से जिला प्रशासन के निर्देशन पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने प्रतिभाग किया। एडीएम वित्त नोडल आपदा प्रबंधन अधिकारी अरविंद कुमार ने सराहनीय आपदा प्रबंध की पूर्व में की गई तैयारियों की जानकारी दी। आपदा प्रबंधन में जो सामग्री आवश्यक होगी रेड क्रॉस ने उसे उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### सन सिक्का की जीत बना विवाद, युवक की पिटाई

**कलान, अमृत विचार** : कलान थाना क्षेत्र के ग्राम तिलौआ निवासी ओम सिंह उस समय गंभीर रूप से घायल हो गया जब वह सन सिक्का में जीत गया। हारने वाले अवधेश आदि ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। घायल ओम सिंह को पीएचसी भेजा गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद आगे की जांच जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास, रिपोर्ट दर्ज

**कलान, अमृत विचार** : कलान थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार रात मानवता को शर्मसार करने वाली घटना हुई। एक किशोरी जब खेत में शौच के लिए गई थी, तभी घात लगाए बैठे दो युवकों ने उसे पकड़ लिया और जबरन कपड़े उतरवाकर दुष्कर्म का प्रयास किया। किशोरी के चीखने पर मां और चाची मौके पर पहुंचीं, लेकिन आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज कर पीट दिया। पीड़िता के परिजनों ने थाना प्रभारी को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### गोकशी में सात आरोपियों पर लगाई गैंगस्टर

**तिलहर, अमृत विचार** : निगोही पुलिस ने गोकशी और संगठित अपराध में लिप्त एक सक्रिय गैंग के सात सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि भूरा निवासी मोहल्ला खेड़ा, निगोही इस गैंग का लीडर है। अन्य सदस्यों में मोहम्मद तौकीर, कल्लू कुरैशी, मुन्ना, मुजीब, मुन्ना उर्फ बहरा तालगांव, अनीस ग्यासपुर, बीसलपुर, पीलीभीत शामिल हैं। सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर से उछलकर गिरा मजदूर, गंभीर घायल

**पुवायां, अमृत विचार** : सिंधौली क्षेत्र के गांव कमलापुर निवासी रामलड़ैते ईंट भट्ठे पर काम करता है। वहीं पुवायां के घनश्यामपुर निवासी रिंकू ट्रैक्टर किराए पर चलाता है। शुक्रवार को रामलड़ैते ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि गुरुवार शाम वह ईंट उतार कर वापस आ रहा था ट्रैक्टर रिंकू चला रहा था, जो काफी तेज और लापरवाही से चला रहा था। रामलड़ैते ने उसे कई बार ट्रैक्टर धीरे चलाने के लिए कहा लेकिन वह नहीं माना। इसी बीच उसने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे वह उछलकर ट्रैक्टर से दूर जा गिरा। इस दौरान उसके सिर में गंभीर चोटें आ गईं।

# कांवड़ यात्रा से पहले ठीक नहीं हुई सड़क, फिर गड्ढों से जूझेंगे शिवभक्त

## मिश्रीपुर से हरदोई बाईपास तक की सड़क बदहाल, गड्ढे वाली सड़कों से गुजरने को होंगे मजबूर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/रौसरकोठी

**अमृत विचार :** सावन का महीना शुरू हो चुका है और शिवभक्तों की कांवड़ यात्रा भी जोरों पर है, लेकिन मिश्रीपुर से हरदोई बाईपास तक की सड़क की हालत अभी तक जस की तस बनी हुई है। यह सड़क लंबे समय से बदहाल है। यहां जगह-जगह गड्ढे हैं। इनमें भरा पानी हादसे को दावत दे रहा है। अब कांवड़ यात्रा में भक्तों को इन्हीं टूटे-फूटे रास्तों से गुजरना पड़ेगा।

स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने बताया कि यह मार्ग कांवड़ यात्रा का प्रमुख मार्ग है, लेकिन यहां कोई सुध लेने वाला नहीं है। सड़क में गड्ढे इतने अधिक हैं कि बारिश के पानी से ये पूरी तरह भर जाते हैं और दिखाई भी नहीं देते। ऐसे में दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीते वर्ष सावन के दौरान ही सड़क में गड्ढों को मिट्टी और मलबा डालकर भर दिया गया था, लेकिन



मिश्रीपुर से हरदोई बाईपास मार्ग की खस्ताहाल सड़क। ● अमृत विचार

कुछ ही दिनों बाद वह फिर से उभर आए। इस बार भी अभी तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। अधिकारी निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचे। राहगीरों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस सड़क की हालत वर्षों से खराब है। हर साल सावन से पहले सड़क सुधार की मांग की जाती है, लेकिन शासन-प्रशासन की नींद तभी खुलती है जब कोई दुर्घटना हो जाती है या मीडिया में मामला आता है। इसके बावजूद सड़क की स्थायी मरम्मत कभी नहीं कराई जाती। बारिश के चलते सड़क पर बने गड्ढे और अधिक खतरनाक हो गए हैं। वाहन चालकों को अंदाजा नहीं होता कि पानी के नीचे कितनी गहराई है।



ये सड़क तो जैसे आफत बन गई है। हर साल सावन आता है, हर साल यही हालत रहती है। बीते साल मिट्टी डालकर जैसे-तैसे खानापूरी की गई थी। इस बार तो वो भी नहीं किया गया। कांवड़िये यहां गिर जाएं तो भगवान ही मालिक है। अधिकारी आते ही नहीं और आते भी हैं तो ध्यान नहीं देते।

– विश्राम वर्मा



हम लोग रोज इसी रास्ते से मंडी जाते हैं। अब तो इतना डर लगने लगा है कि बाइक चलाते वक्त मन में डर बना रहता है कि कहीं पानी में छिपा गड्ढा न हो। कांवड़ यात्रा तो शुरू हो गई है, हजारों शिवभक्त इसी रास्ते से जाएंगे। जिम्मेदार बस कागजों पर मरम्मत दिखाकर अपनी पीठ थपथपा लेते हैं।

– अभिषेक मिश्रा

### गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे बाइक सवार


कई बार बाइक सवार और राहगीर इन गड्ढों की चपेट में आकर चोटिल हो जाते हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि कांवड़ियों की संख्या दिन-व-दिन बढ़ती जा रही है और ऐसे में किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। न ही गड्ढों को भरने का कार्य शुरू किया गया और न ही सड़क की मरम्मत के लिए कोई सूचना जारी की गई। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है ताकि सावन माह में शिवभक्त सुरक्षित यात्रा कर सकें।

## डीएम सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में दूसरे पायदान पर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : जनपद में विकास कार्यों, जनशिकायतों के निस्तारण एवं अन्य कार्यों के कारण डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने एक बार पुनः उत्तर प्रदेश सरकार से जून के लिए जारी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 9.12 अंकों के साथ राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह रैंकिंग प्रशासनिक कार्यकुशलता, जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन, विकास कार्यों और राजस्व संग्रह जैसे अहम पैमानों के आधार पर तय की गई है। इसके अतिरिक्त आईजीआरएस के निस्तारण में भी जनपद ने दूसरे स्थान प्राप्त किया है। पहला स्थान श्रावस्ती व तीसरा अमेठी का आया है।



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह।





# ई-रिक्शा में लगी आग, चीखे स्कूली बच्चे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बैट्री की तार की चिंगारी निकलने से वाहन में लगी आग
- अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर पाया काबू

**अमृत विचार :** शहर में कच्चा कटरा मोड़ पर ई-रिक्शा पर स्कूली बच्चे सवार थे। अचानक ई-रिक्शा में बैटरी की तार की चिंगारी निकलने पर पीछे आग लग गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने बच्चों को नीचे सुरक्षित उतारा और फायर एक्सटिंग्विशर की सहायता से आग को बुझाया। इधर, बच्चों के परिवार वालों को पता चला तो तुरंत पहुंच गए और बच्चों को बाइक पर बैठाकर घर ले आए।

शहर में स्थित मोहल्ला सिंजई में सेठ नवल किशोर भगतराम सरस्वती शिशु मंदिर के दस बच्चे ई-रिक्शा से आया-जाया करते थे। शुक्रवार को एक बजे स्कूल के बच्चों की छुट्टी हुई और ई-रिक्शे पर बैठकर घर आ रहे थे। बैटरी के तार की चिंगारी से ई-रिक्शा के पीछे धुंआ निकल रहा था और एक स्थान पर हल्की से आग लगी थी। इधर, अग्निशमन अधिकारी डी बीएन पटेल की ई-रिक्शा के पीछे धुंआ निकलते देखा और वाहन को रोककर तुरंत ई-रिक्शा रुकवाया। उन्होंने और अन्य कर्मचारियों ने ई-रिक्शा पर सवार बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।



ई-रिक्शे में लगी आग बुझाता दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

आग की खबर सुनकर बच्चे घबरा गए। अग्निशमन अधिकारी और कर्मचारियों ने तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर से ई-रिक्शा में लगी आग को बुझाया। किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। उधर, बच्चों के परिवार वाले आ गए और बच्चों को बाइक पर बैठाकर घर ले गए।

# झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने वाले दो गिरफ्तार

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

- अलग-अलग स्थानों से मोबाइल छीने, दो मोबाइल बरामद

**अमृत विचार :** झपट्टा मारकर एक व्यक्ति का मोबाइल छीनने के मामले में पुलिस ने दो बाइक सवारों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल बरामद किए है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चमरपुर कलां निवासी वीरेंद्र कुमार गुरुवार की दोपहर पैदल खेत पर जा रहे थे। वह मोबाइल से बात कर रहे थे। रास्तें में बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन लिया। दोनों बदमाश मोबाइल लेकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। शुक्रवार को पुलिस ने बरीखास पुलिया के निकट दो बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल बरामद किए है। पकड़े गए आरोपी धीरज निवासी सिकंदरपुर कलां थाना मदनापुर और पवन कुमार निवासी सिकंदरपुर कलां थाना मदनापुर है। पूछताछ के दौरान उन्होंने ने बताया कि एक मोबाइल चरमपुर कला गांव के एक् व्यक्ति और दूसरा मोबाइल दिउरा गांव के एक व्यक्ति से छीना था। दोनों मोबाइल सस्ते दाम में बेचने की फिराक में है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक अंकित चौधरी, अरुण कुमार व सिपाही रोनिश थे।

## सार-संक्षेप

### तमंचे के साथ दो बदमाश पुलिस ने किए गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : कलान थाना के उप निरीक्षक अशोक शर्मा ने शुक्रवार की सुबह 10 :30 बजे मिलकिया जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने उसकी तलाश ली तो उसके पास तमंचा व कारतूस मिला। पकड़ा गया राम खिलाड़ी निवासी झकरैली थाना कलान है। उसपर पहले से मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक राम कुमार शर्मा आदि थे। इधर, खुटार पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया वाशिद निवासी केशरपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी जिला पीलीभीत है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक महीपाल व मनोज कुमार आदि थे।

### तीसरे दिन बहन के घर मिली लापता छात्रा

**कलान, अमृत विचार** : परौर थाना क्षेत्र के गांव नारायन नगला पश्चिमी निवासी अमर सिंह ने थाने पर दर्ज कराई गुमशुदगी में कहा है कि उसकी पुत्री राजा अजय सिंह इंटर कॉलेज परौर में कक्षा बारह में पढ़ती है। बुधवार को वह स्कूल से अपने चचेरे भाई सोनू के साथ स्कूल से छुट्टी लेकर घर के लिए निकली थी। रास्ते से उसने सोनू को पुन: स्कूल भेज दिया। मगर शाम तक वह घर नहीं पहुंची। खोजबीन करने पर पता चला कि रास्ते में रामगंगा नदी के किनारे उसका किताबों से भरा बैग तथा दुपट्टा पड़ा मिला। इस पर पुलिस ने रामगंगा नदी में गोताखोरों को उतारकर उसकी तलाश कराई, मगर कुछ भी पता नहीं चला था। तीसरे दिन शुक्रवार को जलालाबाद में बहन के घर मिली। लड़की के मिल जाने पर परिजनों व पुलिस ने राहत की सांस ली है।

### करंट की चपेट में आई रसोईया की पोती

**तिलहर, अमृत विचार** : शहर के आरवीएम इंटर कॉलेज के मुख्य द्वार के बाहर वर्षों से लगे खतरनाक ट्रांसफार्मरों ने शुक्रवार को एक मासूम बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। घटना शुक्रवार दोपहर की है। निजामगंज मोहल्ला निवासी कॉलेज की रसोईया ओमवती की छह वर्षीय पोती भी कॉलेज पहुंची थी। जैसे ही बच्ची कॉलेज के अंदर जाने लगी, वह बाहर लगे ट्रांसफार्मर के सपोर्टिंग जाल के संपर्क में आ गई, जिसमें करंट दौड़ रहा था। बच्ची के करंट की चपेट में आते ही वह चीख उठी और छात्र-छात्राओं में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। बच्ची के करंट की चपेट में आने के बाद गुस्साए छात्रों ने प्रदर्शन कर बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और ट्रांसफार्मर हटाने की मांग दोहराई।

### अभियान चलाकर 36 वाहनों का किया चालान

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : सड़क सुरक्षा अभियान के क्रम में जनपद में 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रवर्तन सर्वेश कुमार सिंह एवं पीटीओ आरपी गौतम द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें मदनापुर क्षेत्र में निजी वाहन में स्कूल बच्चे परिवहन करते चार वाहन एवं एक वाहन परिवहन कार्यालय में सीज करते हुए छह वाहनों के विरुद्ध चालान किया। अभियान में अभी तक 36 वाहनों का चालान किया गया है। वहीं सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक विकास कुमार यादव ने जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जाकर लगभग 334 वाहनों की फिटनेस एवं प्रपत्र भी चेक किए गए। एआरटीओ प्रवर्तन ने सभी विद्यालयों में संचालित वाहन के वाहन स्वामियों व स्कूल प्रबन्धकों को निर्देशित किया है कि वह विद्यालय में संचालित वाहनों के समस्त प्रपत्र फिटनेस, परमिट, बीमा प्रदूषण वैध कराने के उपरान्त ही वाहनों का संचालन कराएं।

### बुजुर्ग महिला पर बंदरों ने किया हमला, घायल

**मदनापुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव चिती राजपूत में बंदरों का आतंक देखने को मिला। सुनीता देवी (65) पर दो बंदरों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि एक बंदर कपड़ा ले जा रहा था जिसे सुनीता देवी ने भगाया तो दोनों बंदरों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में सुनीता देवी के पैर हाथ और अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई हैं। कई जगह शरीर मे काट लिया। इससे उनके शरीर मे इन्फेक्शन फैल सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे बेटे रामरतन ने अपनी घायल मां को बचाया और मदनापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां उनका इलाज चल रहा है।

### चोरी की गणेश मूर्ति के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार** : खुदागंज पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से चांदी की गणेश की मूर्ति, दो हजार रुपये, 800 सिक्के बरामद किए है। खुदागंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला हनुमान गली निवासी विकास अग्रवाल ने 25 जून को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि चोर उसकी दुकान से नगदी आदि सामान चुराकर ले गए थे। पुलिस चोरों की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को दिन में 10 :15 बजे देवा नदी पुल के पास एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की चांदी की गणेश मूर्ति, दो हजार रुपए और 800 सिक्के बरामद किए है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक विक्रांत, सिपाही सावन मलिक, अभिषेक आदि थे।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित तमंचा के साथ गिरफ्तार

**खुटार, अमृत विचार** : खुटार पुलिस पूरनपुर रोड भरकलीगंज गांव के समीप गुरुवार रात 12 बजे गश्त कर रही थी। पुलिस को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास एक 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम वासिद निवासी पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव केसरपुर का बताया। पुलिस ने शुक्रवार को वासिद को कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### घर में घुसकर चोरों ने नकदी और जेवर किया साफ

**खुटार, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी मुनीश वर्मा ने थाने में तहरीर देकर चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करते हुए बताया कि गुरुवार रात वह अपने घर के दरवाजे पर लेटा था, जबकि बच्चे घर के आंगन में लेटे हुए थे। दरवाजे में कुंडी ना लगी होने के कारण चोर दरवाजे से घर में घुस गए और कमरे में रखे बक्से में पांच हजार की नगदी व एक जोड़ी कुंडल व एक जोड़ी पायल चोरी कर ले गए। सुबह जागने पर कमरे में जाकर देखा तो बक्सा खुला पड़ा था और कपड़े बिखरे हुए थे। इस पर उन्हें चोरी होने का एहसास हुआ और उन्होंने मौके पर 112 डायल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इसके बाद मुनीष वर्मा ने थाने पहुंचकर चोरों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### पुलिस ने चोरी के माल समेत आरोपियों को दबोचा

**बंडा, अमृत विचार** : बंडा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को समय करीब ढाई बजे आलमपुर पिपरिया गांव से सुनासीर नाथ जाने वाले रास्ते पर गेट के पास से दो लोगों को हिरासत में लिया। इनमें दलेलपुर जगदीशपुर निवासी शिवम के पास से जेवर व नकदी बरामद हुई। उसके साथी गांव मियांपुर सनवात निवासी सोनपाल के पास से भी जेवर व कैश बरामद हुआ। सोनपाल ने बताया कि शिवम और उसके बड़े भाई पंकज के साथ मिलकर दोनों ने चोरी की घटना की अंजाम दिया था। दोनों शुक्रवार को कहीं बाहर जाकर चोरी किए गए माल को कहीं बाहर जाकर बेचने की फिराक में थे लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया।

# कांवड़ियों को पीटने वाले चालक-परिचालक गिरफ्तार

- बस पुलिस के कब्जे में, गौ रक्षा दल के विरोध पर रिपोर्ट दर्ज

**अल्हागंज, अमृत विचार :** शिवभक्तों के साथ अभद्रता और मारपीट के मामले में फर्रुखाबाद से आ रही एक प्राइवेट बस के चालक और परिचालक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना रोजा के गांव अटसलिया निवासी अंशुल यादव अपने साथियों के साथ पांचाल घाट फर्रुखाबाद से कांटे-कील लगे टाट पर लेटते हुए गोला गोकर्णनाथ में जलाभिषेक के लिए कांवड़ यात्रा पर निकले थे। उनके साथ उनके मित्र अजीत व एक दर्जन अन्य शिवभक्त थे। जैसे ही यह कांवड़ दल मऊ मोड़ शाहजहांपुर के पास फर्रुखाबाद-अल्हागंज हाईवे पर पहुंचा, उसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रही प्राइवेट बस को भारी भीड़ के चलते रुकना पड़ा। अजीत ने चालक से बस को साइड से निकालने को कहा, जिससे बस चालक जावेद निवासी शमशाबाद और परिचालक आशु शर्मा नाराज हो गए। कांवड़ियों से गाली-गलौज और मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि अजीत को जबरन बस में बैठाकर कुछ दूरी तक ले जाया गया और फिर रास्ते में उतार कर छोड़ दिया गया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। फर्रुखाबाद के गौ रक्षा दल के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी। पुलिस ने तुरंत बस को जब्त कर लिया और चालक-परिचालक को हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के अनुसार नामजद तहरीर मिलने पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस को मिले साक्ष्य, शीघ्र खुलासे का दावा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- छात्र अनुराग यादव की हत्या करने का मामला
- एसओजी और पुलिस कर रही संदिग्धों से पूछताछ

**अमृत विचार :** गुरुकुल महाविद्यालय के छात्र अनुराग यादव की हत्या के मामले में पुलिस को कुछ साक्ष्य मिले है। पुलिस चार छात्रों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का दावा है कि घटना का शीघ्र खुलासा कर दिया जाएगा।

कन्नौज के छिबरामऊ थाना के गांव रामखेड़ा निवासी बृजेश कुमार ने तिलहर थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 वर्षीय पुत्र अनुराग यादव का 12 अप्रैल को गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर में कक्षा छह में प्रवेश कराया था। 8 जुलाई की सुबह पांच बजे विद्यालय से फोन आया था कि अनुराग की तबीयत ठीक नहीं है, जितनी जल्दी हो सके तो यहां आ जाओ। वह परिवार वालों के साथ विद्यालय पहुंचा और प्राचार्य ने बताया कि अनुराग अस्पताल में भर्ती है। वह अस्पताल गए तो उन्होंने देखा कि उसके बेटे का शव मोर्चरी में रखा है। उसके शरीर में गंभीर चोट के निशान थे और नाक व कान खून निकल रहा था। आरोप था कि उसकी बेटी की षड्यंत्र के तहत हत्या की गयी है। पुलिस ने प्रबंधक, प्रमुख आचार्य, वार्डन, सुरक्षा गार्ड, जिमनास्ट प्रमुख ब्रह्मचारी, व्यवस्थापक के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। एसओजी चार छात्रों से अभी भी पूछताछ कर रही है। पुलिस को घटना के कुछ साक्ष्य मिले है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि घटना का शीघ्र खुलासा होगा।



गुरुकुल में जानकारी करतीं विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार

> छात्र अनुराग यादव की मौत पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना के कुछ साक्ष्य मिले है और साक्ष्य जुटाए जा रहे है। पुलिस टीमें अपने स्तर से लगी हुई है। घटना का शीघ्र खुलासा हो जाएगा। विवेचना की जा रही है।
>
> – **राजेश द्विवेदी**, एसपी

### विधायक ने विद्यालय प्रशासन से ली जानकारी

**तिलहर, अमृत विचार** : विधायक सलोना कुशवाह शुक्रवार को गुरुकुल महाविद्यालय में पहुंचकर गुरुकुल प्रशासन से मिली। उन्होंने गुरुकुल प्रशासन से छात्र अनुराग की मौत के मामले में पूरी जानकारी ली। गुरुकुल प्रशासन से जानकारी करने के विधायक तिलहर थाना पहुंची। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार से अब तक की गई जांच के बारे में जानकारी की। उन्होंने कहा कि मामला एक छात्र की मौत व शिक्षण संस्थान का है। उन्होंने सभी बिन्दुओं पर पुलिस जांच करें और सच्चाई सबके सामने लाए।

# प्लेटफार्म के निर्माणाधीन स्थान पर कराएं बैरिकेडिंग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मुरादाबाद मंडल के डीआरएम ने निरीक्षण कर दिए निर्देश
- भोलागंज में रेलवे की भूमि से अवैध कब्जा हटाने को कहा

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह ने निरीक्षण कर निर्देश दिए कि स्टेशन के प्लेटफार्म पर हो रहे निर्माण कार्य को लेकर यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से गड्ढे वाले स्थान पर बैरिकेडिंग की जाए। उन्होंने भोलागंज में रेलवे की भूमि पर अवैध कब्जा हटाकर के रेलवे बाउंड्री पोस्ट लगाने के भी निर्देश दिए।

मुरादाबाद मंडल के डीआरएम राजकुमार सिंह अधिकारियों के साथ प्लेटफार्म एक पर पहुंचे। उन्होंने अमृत योजना के तहत फुट ओवरब्रिज के निर्माण कार्य को देखा। प्लेटफार्म पर ब्रिज के पीलर बनाने के लिए गड्ढे खोद रखे है। प्लेटफार्म पर खोद रखे कई फिट गड्ढे को देखकर अधिकारी से कहा कि इसके चारों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से बेरीकेडिंग क्यों नहीं कराई गई। यदि कोई यात्री गड्ढे में गिर जाए तो कौन जिम्मेदार होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि से गड्ढों के चारों तरफ बैरिकेडिंग की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्लेटफार्म एनाउंस सिस्टम पर्याप्त होने चाहिए और घड़ी लगाई जाए। डीआरएम रोडवेज रेलवे फाटक के निकट गए। उन्होंने देखा कि सिविल का गंदा पानी रेल पटरी की तरफ रेलवे नाले में गिराया जा रहा है। संबंधित अधिकारी ने कहा कि ट्रैक पर पानी भर जाने से दिक्कत होगी। डीआरएम ने निर्देश दिए कि जो उचित हो वहीं कार्य करें। यहां पर निरीक्षण करने के बाद डीआरएम भोलागंज में गए और रेलवे की जमीन को देखा। उन्होंने देखा कि अधिकांश लोगों ने रेल की जमीन पर कब्जा कर रखा था। उन्होंने निर्देश दिए कि रेल की जमीन की नाप-जोख करके कब्जा मुक्त कराकर ग्रिल से बेरिकेडिंग कराए। अप लाइन की जननायक एक्सप्रेस का पहले एनाउंस हुआ कि प्लेटफार्म तीन पर आएगी और सूचना पट पर लिखा था। अचानक प्लेटफार्म बदल दिया और एनाउंस हुआ कि ट्रेन प्लेटफार्म चार पर आ रही है। यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों को प्लेटफार्म चार जाने में दिक्कत हुई।



निरीक्षण करते डीआरएम राज कुमार सिंह व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

### रेल ट्रैक पर पानी नहीं भरने के निर्देश

**रोजा, अमृत विचार** : डीआरएम ने रोजा में लोको लावी, गार्ड रनिंग रूम, बड़ी फील्ड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तौल मशीन लगने वाले स्थान का निरीक्षण करके संयुक्त रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेल ट्रैक पर पानी नहीं भरना चाहिए। निरीक्षण के बाद वापस मुरादाबाद चले गए। निरीक्षण के समय मंडल के अधिकारी और स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गिरफ्तारी न होने पर बेटे ने शुरू की भूख हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- ग्राम रामपुर नवदिया में ग्रामीण की हत्या का मामला
- बेटे ने की थानाध्यक्ष खुदागंज को हटाने की मांग

**अमृत विचार :** ग्राम रामपुर नवदिया निवासी विशाल मौर्य ने अपने पिता की हत्या के मामले में पुलिस पर लापरवाही और निष्क्रियता का आरोप लगाया है। आहत होकर उन्होंने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। विशाल ने इस संबंध में राज्यपाल, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और डीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें दोषियों की गिरफ्तारी, विवेचना के निष्पक्षता से संचालन और खुदागंज थानाध्यक्ष के तत्काल स्थानांतरण की मांग की गई है।

विशाल ने आरोप लगाया कि 18 मई 2025 की रात लगभग 8:30 बजे उनके पिता ओमप्रकाश की हत्या गांव के ही कुछ लोगों ने कर दी थी। इसके बावजूद खुदागंज थाना प्रभारी सत्यप्रकाश ने मामले को हत्या की धारा में दर्ज नहीं किया, बल्कि आरोपियों से साठगांठ कर केवल मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया। उनका कहना है कि दो महीने बीतने के बाद भी पुलिस ने न तो हत्या की धारा जोड़ी और न ही बाकी बचे मुल्जिमानों की गिरफ्तारी की। इससे उन्हें अपनी जान को भी खतरा महसूस हो रहा है। उनकी मांग है कि मुकदमे में हत्या की धारा जोड़ी जाए। इसके अलावा सभी शेष आरोपी तुरंत गिरफ्तार किए जाएं। मामले की जांच किसी अन्य सर्किल अधिकारी से कराई जाए। खुदागंज थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश का तत्काल ट्रांसफर किया जाए। विशाल ने कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होती तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगी।

## एक नजर

### दुकानदार पर चाकू से किया हमला, घायल

**रोजा, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी आकाश वर्मा की मोहल्ले में ही किराने की दुकान है। पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने उसकी दुकान से 15 हजार रुपये का सामान उधार ले रखा था। आरोप है कि तगादा करने के बाद पैसा नहीं दे रहे थे। गुरुवार को आरोपी उसकी दुकान पर आए और उधार सामान मांगा। दुकानदार ने देने से मना कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने उसे चाकू से प्रहार कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### युवाओं ने कराया घायल गाय का इलाज

**पुवायां, अमृत विचार :** कई दिनों से घायल अवस्था में घूम रही गाय को देखकर युवाओं ने पशु विभाग को फोन कर उसका उपचार कराया। खुटार रोड जेवाँ चौराहे पर एक गाय घायल अवस्था में घूम रही थी। इसी बीच वहां से कवि प्रदीप बैरागी, आदेश शर्मा व सभासद मदनपाल गुजरे। घायल गाय को देखकर तत्काल पशु चिकित्सक को फोन कर समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद पहुंचे कर्मचारियो की मदद से स्वयं गाय को पकड़कर उसके जख्मों पर दवा लगवाई। इस बीच लोगों ने भी उनके कार्य की सराहना की।

### 12 फिट से ऊंचा न हो डीजे

**रोजा, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने डीजे संचालकों की बैठक ली। उन्होंने डीजे संचालक बुकिंग करते समय यह पहले तय कर ले कि 12 फिट से ऊंचाई का डीजे न रखा जाए। इसके अलावा गाने सिर्फ भक्ति के बजेंगे। अन्य अश्लील और राजनीतिक गाने न बजाएं। डीजे वाहन सड़क के किनारे रखा जाए, जिससे यातायात बाधित न हो। उन्होंने कहा कि निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। इस अवसर पर डीजे संचालक मौजूद रहे। बता दें कि कांवड़ यात्रा को देखते हुए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने तैयारी पूरी कर ली है। कांवड़ियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए पुलिस टीम को तैनात कर दिया है। यहां तक की रूट डायवर्जन भी किया है।

# किराया निगम वसूले, तोड़फोड़ करे रेलवे

## शहर के प्रमुख रोडवेज फाटक स्थित कई दुकानों के मामले में बोले आक्रोशित व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 40 साल से किराया ले रहा नगर निगम, रेलवे ने बताया अतिक्रमण
- अपर नगर आयुक्त से मिले व्यापारी, ब्याज समेत मांगा किराया

**अमृत विचार :** शहर के प्रमुख रोडवेज फाटक स्थित दुकानदार इन दिनों असमंजस और आक्रोश हैं। क्योंकि एक तरफ नगर निगम उनसे चार दशकों से किराया वसूल रहा है, वहीं अब रेलवे विभाग अचानक इन दुकानों को अतिक्रमण बताकर तोड़ने पर आमादा है। इस दोहरे व्यवहार को लेकर व्यापारियों ने तीखा विरोध जताते हुए सवाल उठाया है कि अगर दुकानों का मालिक नगर निगम है और किराया उसी को जा रहा है, तो रेलवे को तोड़ने का अधिकार कैसे मिल गया।



निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह से वार्ता करते व्यापार मंडल पदाधिकारी।

शुक्रवार को व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर निगम के अपर नगर आयुक्त एसके सिंह से मिला और इस मुद्दे पर खुलकर आपत्ति जताई। प्रतिनिधिमंडल में नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, चंद्रप्रकाश गुलाटी सहित कई वरिष्ठ व्यापारी शामिल थे। जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने कहा कि यदि यह दुकानें रेलवे की हैं तो नगर निगम ने 40 वर्षों तक किराया क्यों लिया और अगर निगम की हैं तो रेलवे किस आधार पर इन्हें तोड़ने पर उतारू है। उन्होंने कहा कि नगर निगम यदि स्पष्ट नहीं करता कि जमीन किसकी है, तो अब तक वसूले गए किराए को ब्याज सहित व्यापारियों को लौटाया जाए। साथ ही उन्होंने मांग की कि यदि दुकानों पर तोड़फोड़ हुई तो जिम्मेदार रेलवे अधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने रोष जताते हुए कहा कि 45 वर्षों से जिन दुकानों में व्यापारी अपनी आजीविका चला रहे हैं उन्हें ऐसे ही उखाड़ फेंकना पूरी तरह अमानवीय है। दुकानों की स्थिति सड़क किनारे की है कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है। कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता ने नगर आयुक्त से मांग की कि यदि मामला विवादित है तो दोनों विभाग रेलवे और नगर निगम के अधिकारियों की संयुक्त बैठक बुलाकर व्यापारियों के सामने स्थिति स्पष्ट की जाए।

### ट्रैफिक का बहाना नहीं चलेगा : जिलाध्यक्ष

युवा जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि रेलवे यह कहकर पल्ला झाड़ रहा है कि इन दुकानों के कारण ट्रैफिक प्रभावित हो रहा है, जबकि ट्रैफिक व्यवस्था नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी है। रेलवे को इस विषय में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नबी हसन, तस्लीम खान, सुभाष ग्रोवर, शैलेंद्र सिंह, मोहम्मद हारून, अफसर अली, जहीरूद्दीन, आफताब आलम, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद जुबेर, अरबाज, मोहम्मद अफजल आदि ने सामूहिक रूप से चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो व्यापारी सड़कों पर उतरने को विवश होंगे।

## थाना में पिटाई करने की जांच करेंगे सीओ तिलहर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा थाना क्षेत्र के गांव भुड़िया निवासी विनय कुमार ने मंगलवार की दोपहर 12 बजे खुदागंज थाना गया था। पुलिस ने उसके रिश्तेदारों को थाना में बंद कर रखा था। वह थाना पर यह जानकारी करने गया था कि उनको थाना पर क्यों बेठा रखा है। उसका आरोप है कि खुदागंज पुलिस ने थाना परिसर में उसको मारा पीटा और हवालात में बंद कर दिया। पुलिस ने उस पर लैपटाप का चोरी का आरोप लगाते हुए उसे पीटा था। उसकी पत्नी थाना पर छुड़ाने के लिए गई तो पुलिस ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस ने जाति सूचक शब्द कहे। पुलिस ने मंगलवार की रात 11 विनय को छोड़ा था। पुलिस ने छोड़ने से पहले कहा था कि लैपटाप बरामद कराना। पीड़ित ने पुलिस से कहा कि उसे कुछ नहीं जानकारी है। पीड़ित का कहना था कि वह बेकसूर है। पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी औरबराबर मारती रही। उसके पेरों के तलवे आदि जगह चोट आयी है। एसपी राजेश दिवेद्वी ने सीओ तिलहर ज्योति यादव को जांच दी है।

# सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्रावण मास का पावन आरंभ होते ही शुक्रवार को शाहजहांपुर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक भगवान शिव के भक्तों की अपार भीड़ मंदिरों और शिवालयों में उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। शिव मंदिरों में हर हर महादेव और जय शिव शंभू के जयघोषों से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

शहर के टाउनहाल स्थित बाबा विश्वनाथ मंदिर, बाबा बनखंडी नाथ मंदिर, त्रिलोकीनाथ धाम, श्री बाला जी मंदिर, चीनी मिल कॉलोनी शिवालय सहित प्रमुख मंदिरों में



बाबा विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। • अमृत विचार

सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के सुनासिर नाथ मंदिर बंडा, पटना देवकली, हनुमतधाम, निजामगंज, डभौरा, कच्चा कटरा शिवालय, कोतवाली शिव मंदिर, पंजाबी कॉलोनी गीता मंदिर सहित तमाम स्थानों पर श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, धतूरा, भांग, दूध, दही, शहद और जल के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। सावन के इस पावन दिन पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कांवड़ यात्रा के चलते 50 संवेदनशील प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी जोनल, सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर उन्हें स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कंट्रोल रूम से पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

- जिले भर के शिव मंदिरों में भक्तों ने किया जलाभिषेक, पूजा-अर्चना

### हर हर महादेव के जयघोष से गूंजा नगर और ग्रामीण क्षेत्र, मंदिरों में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**तिलहर, अमृत विचार :** सावन माह के प्रारंभ पर शुक्रवार को नगर व ग्रामीण अंचल के शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रीमन कामेश्वर मंदिर मौजमपुर, गुसाईं जी मंदिर, नर्मदेश्वर महादेव, रस्तोगी धर्मशाला शिवालय, श्री माता मंदिर, पंजाबी कॉलोनी गीता मंदिर, बाला जी मंदिर, शिव पार्वती मंदिर समेत अन्य शिवालयों में गंगाजल, दूध, दही, शहद व घी से शिवलिंग का जलाभिषेक किया गया। मंदिरों में हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।


नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ

डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital
Grant Medical College Mumbai



मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक

नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री

सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)

सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


## पौधरोपण से जल संरक्षण की ओर बढ़ा सार्थक कदम

**बंडा, अमृत विचार :** पुनर्जीवित भैंसी नदी अब हरियाली की ओट में बहेगी। गांव रामदेवरी स्थित आश्रम के पास आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश ने पौधरोपण किया।

जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, जिला परियोजना निदेशक अवधेश राम, खंड विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा, फतेहचंद वर्मा, लोकभारती संस्थान के राजीव सिंह उपस्थित रहे। जोनल हेड के रूप में जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह और परियोजना निदेशक अवधेश राम की देखरेख में रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों ने पौधरोपण किया। पड़रिया दलेलपुर स्थित काव्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुरेश चंद्र वर्मा और उनके सहयोगी को 1500 पौधे लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में डलवाई मिट्टी

खबर का असर

**पुवायां, अमृत विचार :** अस्पताल परिसर में जलभराव की खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आए अस्पताल प्रशासन ने गड्ढे में मिट्टी डलवाकर रास्ते को ठीक करवाया।





जल भराव का कारण बने गड्ढों में शुक्रवार को मिट्टी डाली गई। • अमृत विचार

पहली ही बारिश में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य मार्ग पर जलभराव और फिसलन की स्थिति बन गई। इससे यहां से गुजरने वाले मरीजों और तीमारदारों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जनहित को देखते हुए अमृत विचार ने इस खबर को गुरुवार के अंक में सीएचसी के मुख्य रास्ते पर जलभराव शीर्षक के साथ प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और आनन फानन में गड्ढे में मिट्टी डलवाकर उसे बराबर करवाया गया। इससे मरीजों और तीमारदारों को होने वाली समस्या से निजात मिल सकी। सीएचसी के चिकित्साधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि पिछले दिनों अस्पताल परिसर में हुए निर्माण कार्य के चलते मुख्य रास्ते पर गड्ढे हो गए थे, बरसात में उनमें पानी भरने से दिक्कत हो रही थी। मामला संज्ञान में आने पर उसपर मिट्टी डलवाकर बराबर कराया जा रहा है।

- अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से किया था प्रकाशित



सीएचसी के मुख्य रास्ते पर जलभराव

अमृत विचार में प्रकाशित हुई खबर।

# पीएचसी के एसएचओ कक्ष का निर्माण अधूरा

**कलान, अमृत विचार:** विक्रमपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक साल पहले शुरू हुआ एसएचओ कक्ष का निर्माण आज तक अधूरा है। चारों तरफ दीवारें खड़ी हैं, लेकिन लिंटर डालने का काम अब तक नहीं हो सका। ठेकेदार लाखों रुपये लेकर काम बीच में ही छोड़कर मिस्त्री-मजदूर समेत लापता हो गया है। तब से यह निर्माण कार्य सिर्फ सरकारी फाइलों और आश्वासनों के भरोसे अधर में लटका है।

पीएचसी पर तैनात एक स्वास्थ्यकर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ठेकेदार कमरे की दीवारें बनवाकर बिना लिंटर डाले चला गया था। जब महीनों तक वापस नहीं आया और मजदूर भी नहीं दिखे, तो स्थानीय लोगों ने सवाल उठाना शुरू कर दिया। इसी बीच खबर है कि जनपद मुख्यालय पर करोड़ों रुपये की लागत से बने निर्माण कार्यों में गड़बड़ी को लेकर जांच भी चल रही है, ऐसे में विक्रमपुर का यह मामला भी अनदेखी का शिकार हो गया है। विक्रमपुर पीएचसी की बदहाली सिर्फ अधूरे निर्माण तक सीमित नहीं है। यहां किसी भी एलोपैथिक चिकित्सक की नियुक्ति नहीं है। आयुर्वेदिक चिकित्सक सीमित संसाधनों में चटनी-चूरण जैसी पारंपरिक दवाओं से मरीजों का इलाज कर रहे हैं। जब इस विषय में संबंधित विभागीय अधिकारियों से संपर्क साधने की कोशिश की गई, तो उनका फोन तक नहीं उठा। इससे स्पष्ट है कि जिम्मेदारों को इस हालात की चिंता नहीं है।



विक्रमपुर पीएचसी पर सालभर से अधूरा पड़ा एसएचओ कक्ष।

- लाखों रुपये लेकर मजदूरों संग गायब हुआ ठेकेदार

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**तिलहर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई तिलहर द्वारा गौरव बैडमिंटन एकेडमी, उमा टॉकीज में खेलो भारत गतिविधि के तहत बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सह विभाग कार्यवाह रघुवीर सहाय एवं विशिष्ट अतिथि विभाग संयोजक हर्षिल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल और प्रथम-द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। विजेताओं में प्रमुख रूप से कृषा अग्रवाल, विराट पटेल, पवित्र गंगवार, राघव गुलाटी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के दौरान एकेडमी कोच गौरव, आशू, राहुल त्रिपाठी, नगर मंत्री वैभव मिश्रा, कुलदीप गुप्ता, अखिलेश मल्होत्रा, दिव्यांश अग्रवाल, आदित्य, नैतिक, शुभम समेत विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के निधन पर जताया शोक



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांग्रेस में वरिष्ठ नेता व पूर्व पीसीसी सदस्य 80 वर्षीय रामनाथ बघेला का देर शाम ब्रेन हैमरेज से निधन हो गया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान सहित तमाम कांग्रेस नेताओं का उनके किला स्थित आवास पर तांता लग गया। पार्थिव शरीर को कार्यकर्ताओं के लिए अंतिम दर्शन को दोपहर 1 बजे पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर लाया गया। यहां कांग्रेसियों व अन्य सामाजिक संगठनों के नेताओं ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के शोक संदेश पत्र को उनके परिजनों को सौंपा। शोक सभा में पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, जिला कॉर्डिनेटर कौशलेंद्र यादव, जयंत गौतम, धर्मेंद्र दीक्षित, वेद प्रकाश गुप्ता, अनूप वर्मा, पवन सिंह, तनवीर सफदर, महेश मिश्रा, तसनीम अली खान, सुहेल बेग, कृष्ण विनोद मिश्रा, गायत्री प्रकाश अवस्थी आदि शामिल रहे।

### माही पटेल क्रिकेट छात्रावास के लिए चयनित



**पुवायां, अमृत विचार :** चौधरी क्रिकेट एकेडमी से क्रिकेट सीख रहे माही पटेल का खेल निदेशालय द्वारा छात्रावास के लिए चयन किया गया। इस दौरान परिवार समेत विद्यालय प्रबंधन ने खुशी जाहिर की। चौधरी क्रिकेट अकादमी के हेड कोच अमित चौधरी ने बताया है माही पिछले चार साल से क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। मारवाह मॉडर्न स्कूल के डायरेक्टर तारा सिंह, मैनेजर कमलजीत सिंह, आनंद पाठक व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### विद्यालय परिसर में छात्रों ने लगाए पौधे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सिंधौली के प्राथमिक विद्यालय टेरा में शुक्रवार को पौधरोपण किया गया। ग्राम प्रधान सरदार अली, प्रधानाध्यापक सरताज अली, एसएमसी अध्यक्ष तजम्मुल खां, वार्ड सदस्य तौसीफ अली सहित शिक्षक व छात्रों ने मिलकर पौधे लगाए। प्रधान सरदार अली ने बच्चों को वृक्षों के महत्व की जानकारी देते हुए संरक्षण की प्रेरणा दी। प्रधानाध्यापक सरताज अली, सहायक अध्यापक दीपा पूनिया, सारिका गुप्ता, रामनरायन, गीता देवी, रामकली, गुड्डी देवी, आरफा, सफवान, निशांत, अनितेश, अरफी, सिदरा, जोया, असीकुर्रहमान आदि मौजूद रहे।

### अफीम उत्पादन में गिरावट पर चिंता, दी सलाह

**तिलहर, अमृत विचार :** अफीम उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को खेती के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराने के लिए नॉर्थ अफीम कोठी, चीनी मिल ग्राउंड में एक विशेष बैठक का आयोजन किया। जिला अफीम अधिकारी मनोज नरवाल ने बताया कि वर्ष 2000 में जहां मंडल में 17 हजार किसान अफीम की खेती करते थे, अब यह संख्या घटकर 1758 ही रह गई है। वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यदि किसान लगन से अफीम की खेती करें तो यह आय का सबसे बेहतर स्रोत हो सकता है। वैज्ञानिक किशोर बाबू, कृषि निरीक्षक करुणा सागर, निरीक्षक पंकज कुमार, उपनिरीक्षक मान सिंह व कई किसान उपस्थित रहे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में यौन शिक्षा पर किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत यौन शिक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को यौन शिक्षा, आत्मरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों में सजग और जागरूक बनाना था। मुख्य अतिथि सीओ सिटी अंशिका ने छात्राओं को यौन उत्पीड़न से बचाव के उपायों, महिला सुरक्षा कानूनों और पुलिस सहायता नंबरों की विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. आंचल कौशल ने गुड टच और बेड टच के बीच अंतर को सरल शब्दों में समझाया। डॉ. आंचल, अध्यापिकाएं विनीता यादव, स्नेहलता आदि मौजूद रहे।

### शौचालय के प्राप्त आवेदन नहीं रहने चाहिए लंबित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पंचायतीराज विभाग, गौशाला, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, फैमिली आईडी व अन्नपूर्णा भवनों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई। डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन 2025 के अंतर्गत मई और जून में जिन परिवारों द्वारा ओएसआर की धनराशि का भुगतान किया गया है, उन परिवारों को बाल्टी उपलब्ध कराई जाए तथा परिवारों की सूची पंचायत भवन के बाहर पंचायत सहायक के माध्यम से चस्पा की जाए। डीओ पंचायत को निर्देश दिए कि शौचालय के लिए प्राप्त आवेदन लंबित नहीं रहने चाहिए और इन पर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

### प्रत्येक सेक्टर में फॉगिंग मशीनें खरीदे

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम ने आरआरसी सेंटर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जो केंद्र पूर्ण हो गए हैं, उनका संचालन सुनिश्चित किया जाए। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत गांवों में फॉगिंग के लिए प्रत्येक सेक्टर में फॉगिंग मशीनें खरीदे जाने के निर्देश भी दिए गए। फॉगिंग के लिए गांववार रोस्टर बनाया जाए।

### एक-एक अस्थाई गोशाला बनवाया जाए : डीएम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम ने गोशालाओं के निर्माण की समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक न्याय पंचायत में नए तरीके से एक-एक अस्थाई गौशाला एक-एक एकड़ भूमि क्षेत्र पर बनवाया जाए। इस दौरान सीडीओ डा. अपराजिता सिंह, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत, खंड विकास अधिकारी, जिला कंसलटेंट आदि मौजूद रहे।

### एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में पर्यावरण के लिए पौधरोपण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लोदीपुर स्थित एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में शुक्रवार को पौधरोपण किया। पार्षद रूपेश कुमार वर्मा, अन्नू और सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा ने पौधरोपण करते हुए छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएमओ डॉ. मनोज मिश्रा, प्रधानाचार्या अमिता कुमारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अनेक अधिकारी व छात्राएं मौजूद रहीं।

### बैठक में सहकारिता और पर्यावरण संरक्षण पर दिया जोर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सहकारी संघ शाहजहांपुर की प्रबंध समिति की बैठक में किसानों के हित, सहकारिता विस्तार और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर ने कहा कि सहकारिता आंदोलन किसानों की रीढ़ है और संघ इसकी मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। विशिष्ट अतिथि शिल्पी गुप्ता, सभापति रमाकांत मिश्रा, सचिव हरिकेश सिंह समेत कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

### गीता निबंध प्रतियोगिता में पंखुरी ने मारी बाजी



**जलालाबाद, अमृत विचार :** आचार्य राममोहन मिश्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की होनहार छात्रा पंखुरी शुक्ला ने श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डीएम ने उन्हें 11 हजार रुपये नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। पंखुरी को यह सम्मान श्रीमद्भगवद्गीता के गूढ़ सिद्धांतों और जीवनोपयोगी संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने के लिए मिला। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में आध्यात्मिक मूल्यों और भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कृष्ण पाल सिंह, ने भविष्य में उसकी उच्च उपलब्धियों की कामना की।

## शहर में आज

- जलभराव की समस्या को लेकर गांव नरऊ में कांग्रेसीजनों का धरना सुबह 10 बजे।

## एक नजर

### 31 तक होंगे हज के लिए ऑनलाइन आवेदन

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया है कि हज-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 08 जुलाई से आरम्भ है। आवेदन 31 जुलाई तक हो सकेंगे। हज-2026 के लिए सामान्य 40 दिवस की यात्रा के अतिरिक्त छोटी 20 दिवसीय हज यात्रा को आवेदन करने का विकल्प रखा गया है। सामान्य यात्रा हेतु निर्धारित शर्तें पूर्व की भांति ही रहेंगी। विस्तृत दिशा-निर्देश हज कमेटी ऑफ़ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट हज कमेटी डॉट जीओवी डॉट इन व उप्र राज्य हज समिति की वेबसाइट हज कमेटी यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है।

### भाकियू चढ़ूनी ने नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) इकाई ने किसानों एवं जनहित की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए मालवीय आवास ग्रह पर मासिक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में जिला अध्यक्ष सतीश साहू ने कहा विकासखंड उसावा के ग्राम टिकरा में पेयजल की आपूर्ति बीते एक माह से बाधित चल रही है। जिसके चलते भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत बनी हुई है इसको देखते हुए जनहित की इस समस्या का समाधान कराया जाए।

### युवक पर किया हमला

**ककराला, अमृत विचार :** अलापुर थाना क्षेत्र कस्बा ककराला के वार्ड 16 निवासी मसरूर खां पुत्र फुरकुंद अली खां ने तहरीर देकर बताया कि 10 जुलाई की शाम लगभग 7 बजे उनके भाई सरफराज खां उर्फ भूरा बाजार से घर जा रहे थे। कस्बा के वार्ड 15 निवासी मरगूम उर्फ सोनी पुत्र जरगाम खां ने जामा मस्जिद के पास उनके भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने से वह घायल हो गए।

### 546 जूनियर और प्राथमिक स्कूलों में बांटे जाएंगे 919 टैबलेट, पिछले साल 1612 स्कूलों में बांटे गए थे 3371 टैबलेट

# जिले के परिषदीय विद्यालयों में बटेंगे टैबलेट, पहुंचे बीएसए कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों की पंजिकाओं को डिजिटल करने की प्रक्रिया वर्ष 2022-2023 में शुरू हुई थी। उस समय शासन स्तर से 3371 टैबलेट विभाग को भेजे गए थे, जिन्हें 1612 स्कूलों में बांटा गया था। इसके बाद शिक्षकों के द्वारा विरोध शुरू कर दिया।

लिहाजा डिजिटाइजेशन की योजना धरातल पर उतरने से पूर्व ही बंद गई। अब फिर से इस प्रक्रिया को शुरू किया गया है। राज्य परियोजना से 919 टैबलेट आए हैं। इन्हें 546 स्कूलों में बांटा जाएगा। विभाग को मिले टैबलेट का सत्यापन किया रहा है। इसके बाद स्कूलों में बांटा जाएगा।



202 सत्यापन के लिए बीएसए कार्यालय में रखे टैबलेट। ● अमृत विचार

> प्रथम चरण के दौरान 546 विद्यालय शेष बचे थे। इनमें टैबलेट नहीं दिए गए। शिक्षकों के विरोध की वजह से परिषदीय स्कूलों को डिजिटल करने की प्रक्रिया को रोक दिया गया था। अब इस प्रक्रिया को फिर से शुरू किया गया है। राज्य परियोजना की ओर से भेजे गए टैबलेट सत्यापन के बाद बीआरसी भेजे जाएंगे। वहीं से स्कूलों में वितरण होगा। -वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

परिषदीय स्कूलों को डिजिटल करने की अधर में लटकी प्रक्रिया को फिर से शुरू किया गया है। राज्य परियोजना की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग को शेष बचे 546 स्कूलों में वितरण करने के लिए 919 टैबलेट भेजे गए हैं। 919 टैबलेट 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूलों और 154 प्राथमिक तथा 374 उच्च प्राथमिक स्कूलों में वितरण किया जाएगा। स्कूलों में दिए जाने वाले टैबलेट से छात्र-छात्राओं की उपस्थिति के साथ-साथ संचालित योजनाओं की ऑनलाइन निगरानी होगी।

### एक स्कूल को मिलेंगे दो टैबलेट

परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति, मिड डे मील, पाठ्य-पुस्तक का वितरण सहित 14 रजिस्टर का डाटा टैबलेट पर अपलोड किया जाएगा। जिससे योजनाओं का किन-किन विद्यार्थियों को लाभ मिला, इसकी सही जानकारी मिल सकेगी। शासन की तरफ भेजे गए टैबलेट का वितरण किया जाएगा। इनमें जूनियर व कस्तूरबा विद्यालयों को दो-दो और प्राथमिक विद्यालय को एक-एक टैबलेट दिया जाएगा। शासन की ओर से भेजे गए टैबलेट का विभाग में सत्यापन चल रहा है। इसके बाद उनका वितरण किया जाएगा। जूनियर और बॉ स्कूलों में एक टैबलेट प्रधानाध्यापक और दूसरा टैबलेट वरिष्ठ शिक्षक के पास रहेगा। इस पर बायोमीट्रिक उपस्थिति की भी व्यवस्था है। जिला समन्वयक कृष्णा प्रजापति ने बताया कि शासन स्तर से भेजे गए टैबलेट का सत्यापन चल रहा है। जल्द ही इन्हें बीआरसी पर भेज दिया जाएगा। वहीं से इनका वितरण होगा।

### 15 को केंद्रीय राज्यमंत्री करेंगे पीएम दिव्यांशा केंद्र का उद्घाटन

**बदायूं, अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने बताया कि 15 जुलाई को राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर की इकाई प्रधानमंत्री दिव्यांशा केन्द्र का उद्घाटन किया जाएगा।

जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री बीएलव वर्मा रहेंगे। उनके द्वारा पात्र दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरण किए जाएंगे। कार्यक्रम सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# 99 सहकारी समितियां होंगी कंप्यूटरीकृत एक क्लिक पर उपलब्ध होगा पूरा ब्योरा

### जिले भर की समितियों के कंप्यूटरीकृत होने से लेखा-जोखा होगा ऑनलाइन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** सहकारी समितियों को कंप्यूटरीकृत करने की प्रक्रिया गतिमान है। प्रथम चरण में 33 समितियों को कंप्यूटरीकृत किया जा चुका है। अब दूसरे चरण में 99 समितियों को कंप्यूटरीकृत करने का काम चल रहा है। इनके डिजिटाइजेशन होने के बाद हर लेखा-जोखा अब जल्द ही ऑनलाइन हो जाएगा। अगले तीन माह में इन समितियों को डिजिटल सेवा से जोड़ दिया जाएगा। इस प्रक्रिया के बाद सिर्फ एक क्लिक पर सारा ब्योरा देखा जा सकेगा। किसानों को लेन-देन में भी सहूलियत मिलेगी।

जिले में 132 सहकारी समितियां संचालित हैं। जिले में संचालित इन समितियों पर किसानों को बीज, खाद कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जाता था। खाद, बीज और कृषि यंत्र के साथ किसानों को ऋण भी मुहैया कराया जाता है। अभी तक समितियों को अपने कारोबार और लेन-देन का हिसाब रजिस्टर में रखना होता है। एक-एक विवरण को रजिस्टर में दर्ज करने के बाद उसे सुरक्षित रखने और समय-समय पर मिलान कराने में काफी कठिनाई होती है। आकस्मिक स्थिति में सदस्य पैसा की जमा-निकासी करना चाहे तो समिति से बैंक तक का पूरा रिकॉर्ड खंगालना पड़ता है।





- प्रथम चरण में 33 समितियां की जा चुकी हैं कंप्यूटरीकृत

> सभी समितियों को कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है। पहले चरण में 33 समितियां कंप्यूरीकृत हो चुकी है। अब 99 समितियों को कंप्यूटरीकृत करने का काम चल रहा है। इस प्रक्रिया को जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद इन समितियों से ऑनलाइन माध्यम से कामकाज शुरू हो जाएगा। - **मुन्नालाल मिश्रा**, एआर, कोऑपरेटिव

इसमें काफी वक्त लग जाता है। समितियों के कामकाज को आसान बनाने और किसानों की सहूलियत के लिए सभी समितियों को कंप्यूटरीकृत करने की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण में जिले की 33 को कंप्यूटरीकृत करते हुए सभी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। अब दूसरे 99 समितियों को कंप्यूटरीकृत करने के लिए चिन्हित कर लिया गया है।

इन समितियों के सभी पुराने विवरण को कंप्यूटर में दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। जल्द ही सारा विवरण अपडेट हो जाएगा। विवरण अपडेट होते ही समितियों पर कामकाज ऑनलाइन शुरू हो जाएगा। विभागीय अधिकारी तीन माह में समितियों पर ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के बाद कामकाज शुरू किए जाने का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगले तीन माह में सभी समितियों से ऑनलाइन प्रक्रिया से कामकाज आरंभ हो जाएगा।

### 30 सितंबर तक चलेगा मध्यस्थता अभियान

**बदायूं, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में एक जुलाई से राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है।

यह अभियान 30 सितंबर तक जारी रहेगा। विधिक सचिव शिव कुमारी ने बताया कि मध्यस्थता अभियान में न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकार के वादों यथा वैवाहिक विवाद के मामले, दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, संपत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले के साथ बेदखली से संबंधित मामले सहित अन्य मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित के लिए न्यायालय में मध्यस्थता शिविर लगाया जा रहा है। यह मध्यस्थता शिविर 30 सितंबर तक जारी रहेगा। बता दें कि एक जुलाई से राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान संचालित किया जा रहा है।

# लाभ परक योजनाओं के बैंकों में पड़े लंबित सैकड़ों आवेदन



अधिकारियों के साथ योजना संबंधी दिशा निर्देश देते एडीएम प्रशासन अरुण कुमार।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आवेदनों के शीघ्र निस्तारण को एडीएम ने बैंक शाखा प्रबंधक को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** विभिन्न बैंकों में शासन की लाभ परक योजनाओं के सैकड़ों आवेदन लंबित पड़े हैं। इन आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के आदेश अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने बैंक अधिकारियों को दिए।

कलेक्ट्रेट स्थित में बैंक शाखा प्रबंधक और अधिकारियों के साथ हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने कहा कि जो भी आवेदन पत्र निरस्त किए गए हैं उनका कारण स्पष्ट रूप से बताएं। एडीएम ने भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक को 25 जुलाई और पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक को 20 जुलाई तक लंबित आवेदनों का निस्तारण करने के आदेश दिए।

उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि एडीएम को बताया कि जनपद के 14 मुख्य सरकारी व प्राइवेट बैंकों में दो वित्तीय वर्षों वर्ष 2024-25 व वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अंतर्गत 1319 आवेदन पत्र भेजे गए जिनमें से बैंकों द्वारा मात्र 310 स्वीकृत किए गए और बैंकों पर 593 आवेदन लंबित हैं।

वहीं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में बैंकों को 74 आवेदन पत्र भेजे गए, इनमें से बैंकों द्वारा 23 आवेदन पत्र स्वीकृत किए गए व 34 बैंक स्तर पर लंबित हैं। इसी प्रकार ओडीओपी वित्त पोषण योजना में 27 आवेदन पत्र प्रेषित किए गए, 10 स्वीकृत किए गए तथा बैंक स्तर पर 10 आवेदन पत्र लंबित है। एडीएम ने सभी आवेदनों का निस्तारण करने के आदेश दिए। इस अवसर पर एलडीएम डॉ रिकेश रंजन सहित विभिन्न बैंकों से आए प्रबंधक व जिला समन्वयक मौजूद रहे।

# अमर ज्योति के निदेशक के बैंक खातों के 1.16 करोड़ रुपये फ्रीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एसएसपी के निर्देश पर एक निदेशक के खिलाफ की गई कार्रवाई

**अमृत विचार :** हजारों लोगों के करोड़ों रुपये लेकर भाग चुके अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के निदेशकों पर शिकंजा कसता जा रहा है।

पुलिस निदेशकों पर सख्ती कर रही है। पुलिस निदेशकों की तलाश कर रही है। वहीं कंपनी के निदेशक के बैंक खातों की 1.16 करोड़ रुपये की धनराशि फ्रीज की गई है। लोगों के रुपये लेकर भागने वाली कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य व सूर्यकांत मौर्य और एजेंटों के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

पुलिस ने एजेंटों को गिरफ्तार करके जेल भेजा था लेकिन अब तक निदेशकों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वह कोर्ट की शरण में गए लेकिन वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली है। अभी तक निदेशक पुलिस की पहुंच से दूर हैं।

पुलिस कई जिलों में उनकी तलाश कर चुकी है। वहीं अब एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह के निर्देश पर अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड कंपनी के निदेशक बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के मोहल्ला चांद खां निवासी शशिकांत मौर्य पुत्र नारायन मौर्य के एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा, आईडीबीआई आदि बैंक खातों की एक करोड़ 15 लाख रुपये 97 हजार 487 रुपये की धनराशि फ्रीज की गई है।

# शहर में गश्त करके सुरक्षा का कराया अहसास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सावन शुरू हो गया है। कांवड़िया गंगा जल लेने के लिए निकलने लगे हैं। उनकी सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की तैयारी पूरी है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ ब्रीफिंग की। अधिकारियों के साथ शहर में पैदल गश्त करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

एसएसपी ने कहा कि कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी कर्मचारी साफ वर्दी में समय से ड्यूटी पर पहुंचें और अनुशासित रहे। सबसे पहले अपनी ड्यूटी के बारे में जान लें। समझ न आए तो सक्षम अधिकारी समाधान करेंगे। ड्यूटी के दौरान शालीनता और निष्पक्षता जरूरी है। किसी पर भी गुस्सा और दुर्व्यवहार न करें।



अधिकारियों के साथ शहर में गश्त करके सुरक्षा का जायजा लेते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

- कांवड़ की ड्यूटी में लगे अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ की ब्रीफिंग

अतिथि देवो भवः के सिद्धांत को अपनाएं। महिला कांवड़ियों से महिला कर्मचारी ही संपर्क करके समस्या दूर करेंगी। छोटी से छोटी घटनाओं को महत्वपूर्ण समझें और अधिकारियों को सूचना दें। सभी अधिकारी व कर्मचारी आसपास के संभ्रांत लोगों के नाम व मोबाइल नंबर रखेंगे।

अगर कोई कांवड़िया किसी प्रकार के नशे, बीमारी या अन्य किसी कार से बेहोश या सड़क हादसा होता है तो उसे तत्काल अस्पताल ले जाएंगे और फिर से अपनी ड्यूटी पर लौटेंगे। सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने सेक्टर में भ्रमण करते रहेंगे। ड्यूटी पर लगे कर्मचारी मेडिकल शिविर, अस्पताल आदि के बारे में थाना प्रभारी को भेजी गई पुस्तिका से जानकारी कर लें।

रात में ड्यूटी करने वाले कर्मचारी अपने पुलिस डंडा और टॉर्च जरूर रखेंगे। विषम परिस्थिति में अपने विवेक का प्रयोग करें। इसके अलावा उन्होंने कांवड़ियों के मार्ग पर लगाए गए बैरीकेडिंग के बारे में बताया। इसके बाद एसएसपी, एसपी सिटी विजेंद्र द्विवेदी, एसपी देहात डॉ. केके सरोज, सीओ सिटी रजनीश उपाध्यक्ष व अन्य सीओ और पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य चौराहों का भ्रमण किया। भीड़भाड़ वाले स्थान, रोडवेज बस अड्डा, लाबेला चौक आदि पर लोगों से बात करते सुरक्षा का अहसास दिलाया।

# व्यवस्थाओं को रखे दुरुस्त कांवड़ियों को न हो परेशानी



निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मी को निर्देशित करते डीएम अवनीश राय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कांवड़ियों की व्यवस्था के मद्देनजर शुक्रवार देर शाम जिला अधिकारी अवनीश राय ने देखी व्यवस्थाएं

**अमृत विचार :** डीएम अवनीश राय ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शुक्रवार की देर शाम कावड़ यात्रा के दृष्टिगत कछला घाट पर की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कछला घाट के निरीक्षण के दौरान वहां बनाए गए अस्थाई अस्पताल की स्थिति देखी। वॉच टावर, पार्किंग व्यवस्था ,साफ सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। डीएम ने कछला स्थित भागीरथी घाट के दोनों ओर की स्थिति देखी। घाट पर महिलाओं के लिए बनाए गए चेंजिंग रूम पर महिला पुलिसकर्मियों की स्थिति देखी। डेंजर जोन में बैरिकेडिंग कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने कांवड़ियों के मार्ग की स्थिति देखी। जिससे कांवड़ियों किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, सदर एसडीएम मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गंगा में छोड़ा 74 हजार क्यूसेक पानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मैदानी इलाके से लेकर पहाड़ों पर हो रही बारिश का असर अब गंगा में देखने को मिल रहा है। गंगा में शुक्रवार को नरौरा बैराज से 74 हजार पानी डिस्चार्ज किया गया। जिससे गंगा ऊपर तक वह रही है। गंगा में लगातार पानी बढ़ने से तटवर्ती गांवों में बाढ़ की आशंका व्यक्त की जा रही है जबकि बाढ़ खंड का कहना है कि अब बाढ़ की संभावना नहीं है।

पहाड़ों पर पिछले कई दिन से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। साथ ही अब मैदानी इलाकों में भी बारिश जारी है। पिछले तीन दिन से बारिश होने से गंगा में पानी छोड़ा जा रहा है जिससे उसहैत, सहसवान की महावा नदी के किनारे बसे गांवों में खलबली मची हुई है। शुक्रवार को नरौरा बैराज से 74 हजार क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा गया। जो अब जिले की सीमा में प्रवेश कर चुका है। जबकि गुरुवार को कुछ अधिक पानी छोड़ा गया था जिससे गंगा में उफान आ गया था।


दूसरे दिन भी गंगा में पानी छोड़ा गया है जिससे उसहैत क्षेत्र के किसान हलकान हैं। किसानों का कहना है कि तीन दिन से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है जो चिंता की बात है। 70 से 80 हजार क्यूसेक पानी आने पर खतरा पैदा हो जाता है। अब खतरे की स्थिति पैदा हो रही है। गंगा किनारे के गांवों में अब बाढ़ आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हुसैनपुर क्षेत्र में गंगा के किनारे बसे गांवों में बेचैनी है। कछला और नानाखेड़ा क्षेत्र में अक्सर बाढ़ के हालात बन जाते हैं जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाढ़ खंड का कहना है कि अभी अधिक बारिश नहीं हुई है। रूक रूक कर बारिश होने से बैराज में पानी एकत्र नही हो रहा है जिससे गंगा में कम मात्रा में पानी छोड़ा जा रहा है इतने पानी से बाढ़ का खतरा नहीं है।



उसहैत क्षेत्र में गंगा में बढ़ा हुआ पानी। ● अमृत विचार

> गंगा और रामगंगा में दो दिन से जलस्तर स्थिर है। आज गंगा में 74 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जिससे कोई खतरा नहीं है। इतना पानी आसानी से पास होता है। यदि एक लाख क्यूसेक पानी गंगा में छोड़ा जाता है तो आसपास के क्षेत्र में पानी भर सकता है जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो सकता है। अभी तक ऐसे हालात नहीं बने हैं इसलिए खतरे की कोई बात नहीं है। -**नेशपाल**, सहायक अभियंता बाढ़ खंड

- बाढ़ की आशंका को लेकर भयभीत हो रहे ग्रामीण
- उसहैत क्षेत्र में पानी बढ़ने से किसान परेशान






# सावन... हाईवे पर गूंजने लगा हर-हर महादेव का जयघोष

## भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कछला गंगा घाट पहुंच रहे श्रद्धालु, शुक्रवार की रात 12 बजे के बाद लागू कर दिया गया रूट डायवर्जन प्लान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास शुरू हो गया है। श्रावण मास लगते ही बरेली मथुरा हाईवे पर हर हर महादेव के जयघोष लग रहे हैं। दूर दराज से आने वाले कांवड़ियों की टोलियां कछला गंगा घाट से जल भरने के लिए पहुंच रही हैं। शनिवार को कांवड़ियों की भीड़ बढ़ जाएगी। शुक्रवार देर रात से रूट डायवर्ट प्लान लागू कर दिया गया। भारी वाहनों को बदले हुए मार्ग से गुजरना पड़ेगा। वहीं जिलेभर के शिवालयों में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। उन्हें रंगीन झालरों से सजाया गया है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस बल को भी तैनात किया जाएगा।

श्रावण मास आरंभ हो गया है। पहला सोमवार 14 जुलाई को है। श्रद्धालु भगवान आशुतोष को प्रसन्न करने के लिए गंगा जल से अभिषेक करेंगे। कछला गंगा घाट पर बरेली, पीलीभीत, चंदौसी, मुरादाबाद सहित अन्य जनपदों के लोग गंगाजल पहुंचने शुरू हो गए हैं। साथ ही उनकी वापसी शुरू हो गई है। बरेली मथुरा हाईवे पर केसरिया कपड़ों में श्रद्धालु भगवान शिव की स्तुति करते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं।

शनिवार से स्थानीय लोग भी कछला घाट पर जुटने शुरु हो जाएंगे। कछला गंगा घाट पर भीड़ अधिक रहेगी। इसको लेकर प्रशासन पहले ही तैयारी कर चुका है। गंगा घाट पर साफ सफाई करने के साथ प्रकाश व्यवस्था की गई है। गहरे पानी में लोग न जाएं, इसके लिए पानी में बल्लियां लगाई गई हैं।

नावों पर गोताखोरों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इधर हाईवे पर कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए शुक्रवार की रात 12 बजे के बाद रूट डायवर्ट प्लान लागू कर दिया गया है। भारी वाहनों को बदले हुए मार्ग पर निकाला जा रहा है। रास्ते में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।


कांवड़ लेकर शिवधाम की ओर जाते कांवड़िए। ● अमृत विचार



पन्नी से कवर किया गया ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार


पन्नी से ढकी गई शराब की दुकान। ● अमृत विचार


बरेली मथुरा हाईवे पर कांवडियों की सुरक्षा को लगाई गई बल्लियां। ● अमृत विचार

### ढकी कई शराब की दुकानें और ट्रांसफार्मर

शासन के निर्देश पर कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली शराब की दुकानों और विद्युत ट्रांसफार्मर को प्रशासन ने ढकवा दिया है। अनुज्ञापियों ने शराब की दुकानों को ढक लिया है। वहीं विद्युत विभाग द्वारा विद्युत पोल पर पन्नी लपेट दी गई है। साथ ही ट्रांसफार्मर के चारों ओर पन्नी लगा दी गई है।

### मुरादाबाद-फर्रुखाबाद पर वाहन ऐसे जा रहे

मुरादाबाद, चंदौसी से फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर को जाने वाले वाहन बिसौली से आवला, गैनी, बरेली, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज होते हुए निकलेंगे, जबकि कासगंज,आगरा, दिल्ली से मुरादाबाद, बरेली, फर्रुखाबाद जाने वाले वाहन अलीगढ़, नरौरा होकर सहसवान, बरेली होते निकाले जा रहे हैं।

> कांवड यात्रा शुरू हो गई है। कछला गंगा घाट पर श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। उनकी सुरक्षा और यात्रा को सुगम बनाने के लिए बरेली मथुरा हाईवे पर वाहनों का आवागमन शुक्रवार की देर रात बंद कर दिया गया है। वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से निकाला जा रहा है। **-आरएल राजपूत**, यातायात प्रभारी

### लागू हुआ डायवर्जन प्लान

कावड़ यात्रा शुरू होते ही बरेली मथुरा हाईवे पर रूट डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। शुक्रवार की देर रात से भारी वाहनों को बदले हुए मार्ग से निकाला जा रहा है। फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर से आगरा, कासगंज, दिल्ली को जाने वाले वाहन उसावां, म्याऊ चौकी से डहरपुर, दातागंज, बेलाडांडी, फतेहगंज पूर्वी, बरेली, आंवला, बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा व अलीगढ़ होते हुए निकाले जांएगे। वहीं बरेली से कासगंज, आगरा, दिल्ली को जाने वाले भारी वाहन गैनी, आंवला, बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा व अलीगढ़ होते हुए भेजे जाएंगे। इसके अलावा मुरादाबाद से कासगंज, आगरा, दिल्ली जाने वाले वाहन बिसौली, सहसवान, गुन्नौर, नरौरा, अलीगढ़ होकर निकाला जा रहा है।

### हर शनिवार-सोमवार को स्कूलों में अवकाश

**बदायूं, अमृत विचार** : सावन में सुरक्षा के मद्देनजर जिला विद्यालय निरीक्षक के पत्र पर डीएम अवनीश राय ने कक्षा 1 से 12 तक के छात्र छात्राओं के अवकाश की संस्तुति की है। सावन में हर शनिवार और सोमवार को अवकाश रहेगा। 12, 14, 19, 21, 26, 28 जुलाई के अलावा 2 व 4 अगस्त को विद्यालयों में बच्चों का अवकाश रहेगा, लेकिन विद्यालयों के स्टाफ को शासकीय कार्यों के लिए जाना अनिवार्य है। अगर किसी विद्यालय में पूर्व से आयोजित परीक्षा है तो यह यथावत चलेगी।

## हूटर और बत्ती लगी कार को पुलिस ने किया सीज

**बिल्सी, अमृत विचार:** बिल्सी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक हूटर और लालबत्ती लगी एक बोलेरो कार को पकड़ लिया। कार के दस्तावेज न दिखाए जाने पर पुलिस कार्रवाई करते हुए उसे सीज कर दिया। बिल्सी कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात पुलिस क्षेत्र के सिरतोल गांव के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक हूटर और लाल बत्ती लगी एक बोलेरो कार दिखाई दी। उसे रोककर दस्तावेज दिखाने को कहा गया। चालक द्वारा दस्तावेज न दिखाए जाने पर कार को सीज किया गया है। पुलिस ने बताया कार में दो डंडे व अन्य सामान मिला है।

## दिवंगत व्यापारियों की याद में पौधरोपण

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** ग्राम मदनजुड़ी के प्राथमिक विद्यालय में रोटरी क्लब द्वारा तीन दिवंगत युवा व्यापारियों की स्मृति में छात्र-छात्राओं को छाते बांटे गए और पौधरोपण किया गया। क्लब के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि वह दुःखद दुर्घटना आज भी लोगों के जेहन में है।

पिछले दिनो वृंदावन से लौटते समय नगर के युवा व्यवसाई सचिन वार्ष्णेय, विकास वार्ष्णेय और मोहित राज की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उनकी स्मृति में रोटरी क्लब द्वारा स्कूल में सौ से अधिक छात्रों को छाते बांटे गए। इसके बाद तीनों युवा व्यवसायी की याद में पौधारोपण किया गया। वरिष्ठ रोटेरियन सुभाष अग्रवाल, सचिव मुदित अग्रवाल, संयोजक डॉ. मनोज माहेश्वरी और विनय शर्मा, कोतवाल हरेंद्र सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने अभी का आभार व्यक्त किया। संचालन प्रधानाध्यापक अनुज शर्मा ने किया। इस मौके पर संजय गर्ग, डॉ. मनोज महेश्वरी, शुभम गर्ग, शैलेंद्र नाथ अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह, विनय कुमार शर्मा, अजीत अग्रवाल, मधुकर उपाध्याय, सचिव अंकुर पाराशरी, विनीत अग्रवाल, मितान पाराशरी, ऋषभ पाराशरी, आलोक गर्ग, अनुज कुमार शर्मा, सीमा यादव, सरिता शर्मा, दीपक रस्तोगी, दयानंद, मीना, राम प्रकाश गुप्ता राम जी,धर्मेंद्र मौर्य, अंकुर पाराशरी, मधुकर उपाध्याय, शोभित यादव, नितिन, अनन्या आदि मौजूद रहे।



दिवंगत व्यापारियों की याद में छाता बांटते रोटरी क्लब के लोग। ● अमृत विचार

## कांग्रेस का 20वें दिन भी जारी रहा अनशन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका से आ रहे दूषित पानी बंद कराने को लेकर ग्राम वासियों और कांग्रेसियों का क्रमिक अनशन 20वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को क्रमिक अनशन पर छोटेलाल जाटव, राजाराम जाटव, मुन्ना लाल जाटव, वेदपाल जाटव और नेपाल सिंह सोलंकी भूख हड़ताल पर बैठे। सुरेश राठौर, जिला महासचिव इगलास हुसैन और जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव ने अनशन कारियों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।उसके बाद राष्ट्रगान किया गया।

सुरेश राठौर ने कहा कि देशवासी अगर अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं तो हमें अपने अधिकारों को भी सुरक्षित रखने का हक है, इन ग्रामीणों के साथ नगर पालिका उझानी दूषित पानी उनके घरों में प्रवाहित करके उनके जनजीवन को नरक बना रहा है।जिससे उनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है। इगलास हुसैन और जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव वीरपाल सिंह यादव ने कहा इन ग्राम वासियों के साथ कांग्रेस मजबूती के साथ खड़े हैं।

धरना स्थल पर संघर्ष समिति के योगेंद्र सिंह सोलंकी, कमल प्रताप सिंह, तेजेंद्र पाल कश्यप, राघवेंद्र सिंह मुन्नालाल, सत्यपाल, रामेश्वर, हरी बाबू ,रामप्रताप, अर्जुन, विनोद कुमार राहुल सागर, परविंदर सिंह, नरेंद्र पाल, शैलेंद्र कुमार आदि सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।


क्रमिक अनशन पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

## बिल्सी में बिजली कटौती, किसानों ने किया प्रदर्शन

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव के किसानों ने शुक्रवार को नलकूपों की बिजली कटौती को लेकर विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। साथ ही शीघ्र आपूर्ति में सुधार की आधिकारियों से मांग की। किसान भूरे सिंह ने बताया कि पिछले पांच दिनों से नलकूपों को दी जाने वाली सप्लाई नहीं दी जा रही है। जिस कारण धान की रोपाई नहीं हो पा रही है।

किसान हरि सिंह ने बताया मिश्रीपुर मुकईया फीडर से अगोल, खैरी, नगरिया, बरनी ढकपुरा, नगला डल्लू, नगला जाटान आदि गांव में पांच दिनों से बिजली सप्लाई नहीं आई जिसके कारण किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने जेई गजेंद्र पाल सिंह से शीघ्र सुधार कराए जाने की मांग की है। इस मौके पर असरार उल हक, भूरे सिंह आदि मौजूद रहे।

## 26 केंद्रों पर होगी यूपीपीएससी परीक्षा

**बदायूं, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी (आरओ),सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) भर्ती 2023 की प्रारंभिक परीक्षा 27 जुलाई को होगी। इसके लिए जिले में 26 केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर 9568 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

आरओ एआरओ की परीक्षा इसी साल 11 फरवरी को हुई थी। पेपर लीक होने के बाद परीक्षा को निरस्त कर दिया गया था। पहले यह परीक्षा प्रदेश के 58 जिलों में संपन्न हुई थी। अब सभी जिलों में आयोजित की जाएगी। आरओ, एआरओ परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिले में 26 केंद्र बनाए गए हैं।

## मर्ज करने पर शिक्षकों ने जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** स्कूल मर्ज किए जाने का शिक्षकों के द्वारा विरोध किया जा रहा है। शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर सभी परिषदीय विद्यालयों में मर्ज किए जाने का विरोध जताया गया। संबंधित ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे।

जिलें में भी शिक्षकों के द्वारा स्कूलों में बैठक कर विरोध जताया गया। उच्च प्राथमिक स्कूल बघौरा में शिक्षक संघ के जिला मंत्री उदयवीर सिंह यादव, समरेर विकास क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष संजय यादव एवं ब्लॉक मंत्री गुरु चरण दास की अध्यक्षता में शिक्षकों ने विरोध जताया। वहीं सलारपुर में ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पटेल, सहसवान में ब्लॉक अध्यक्ष अशोक यादव एवं ब्लॉक मंत्री राजेंद्र गुलाटी, वजीरगंज में तहसील प्रभारी विनेश शर्मा, दातागंज में ब्लॉक अध्यक्ष पवन यादव, विकास क्षेत्र उझानी में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद दीक्षित के नेतृत्व में शिक्षकों ने विरोध जताया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों व प्रधानों ने स्कूल मर्ज किए जाने का विरोध जताया।


उच्च प्राथमिक विद्यालय बघौरा में स्कूल मर्ज किए जाने का विरोध करते शिक्षक।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY

Accreditations, Affiliations & Approvals

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26

CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

BIU COLLEGE OF MANAGEMENT

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



खून के आंसू



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693 9837338306

# अस्पताल में मारपीट, अब समझौते की कोशिश

## सीएमएस ने बैठक कर झगड़े को बताया शर्मनाक, अस्पताल में दो दिन से हो रही मारपीट को लेकर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में दो दिनों से हो रही मारपीट के बाद शुक्रवार को सीएमएस ने दोनों पक्षों और अस्पताल के सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक में सीएमएस ने हिदायत दी कि इस तरह की घटनाएं अस्पताल प्रशासन को शर्मसार करने वाली हैं। इसका असर गलत पड़ रहा है। इस मामले को लेकर जिला प्रशासन ने भी नाराजगी व्यक्त की है। कहा कि अब दोनों पक्षों को आगे कोई कार्यवाही नहीं करनी चाहिए।

जिला अस्पताल में बुधवार और गुरुवार को दो पक्षों में मारपीट हुई। आरोप है कि डाटा इंट्री ऑपरेटर को दोनों भाइयों ने कमरे में बंद कर पीटा उसे पेशाब पिलाने का प्रयास किया, जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि सुरेन्द्र ने अपने साथ बाहर के कुछ लोगों को बुला कर मारपीट की उसके साथ कुछ डॉक्टर भी मिले हुए

> जिला अस्पताल में दो दिन से बने तनाव को देखते हुए बैठक बुलाई गई। बैठक में दोनों पक्षों को समझाया गया। मारपीट होने से अस्पताल प्रशासन पर तरह तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। इसलिए अब इस प्रकरण को यहीं पर समाप्त किया जाए। कोई किसी के खिलाफ कार्यवाही नहीं करेगा। यदि अब इस तरह की घटना होती है तो संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त की जाएंगी।
> -डॉ. कप्तान सिंह, सीएमएस

है। दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उक्त प्रकरण को लेकर दो दिन से जिला अस्पताल प्रशासन पर उंगलियां उठ रही हैं। तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं। कर्मचारी बेलगाम होने की बात कही जा रही है, जिससे अस्पताल प्रशासन की खासी फजीहत हुई है। उधर जिलाधिकारी के संज्ञान में भी उक्त प्रकरण पहुंच चुका है, जिससे उन्होंने नाराजगी व्यक्त की है और कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उक्त प्रकरण को लेकर शुक्रवार को सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने अस्पताल के सभी कर्मचारियों और डॉक्टरों की बैठक बुलाई। बैठक में सीएमएस ने साफ चेतावनी दी कि यदि इस तरह की घटनाएं होंगी तो कार्यवाही की जाएगी और संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। इसलिए, अब इस मुद्दे को आगे नहीं बढ़ाया जाए। दोनों पक्ष कोई कार्यवाही नहीं करेंगे। यदि किसी ने कार्यवाही की तो वह सीधे जिलाधिकारी को सेवाएं समाप्ति के लिए लिखेंगे। बैठक में अनुशासन बनाए रखने, मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार करने और समय से अपना करने की बात कही गई।

उधर पीड़ित सुरेंद्र ने कहा कि उसे अब जान का खतरा हो गया है। हमलावर दो भाई हैं कभी भी उसको पीट सकते हैं। वह बाहर का रहने वाला है इसलिए, उसके साथ कोई नहीं है। पीड़ित ने कहा कि वह झगड़ा नहीं चाहता है, लेकिन उसके साथ मारपीट की गई तो वह पुलिस की मदद लेगा। नशा मुक्ति केंद्र पर तैनात गौरव ने कहा कि उसने हमला नहीं किया। सुरेंद्र ने गाली गलौज की जिसके बाद उसने हाथापाई शुरू कर दी। उसने सीएमएस को पूरी बात बताई है।



डॉक्टरों और कर्मचारियों को समझाते सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह। • अमृत विचार

# बहन के घर जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**ओरछी, अमृत विचार :** दोस्त के साथ बहन के घर जा रहे युवक की बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव मोहकमपुर निवासी विनोद कुमार (35) पुत्र पृथ्वीराज अपने दोस्त वीरेश के साथ बाइक से बहन के घर गांव टोडरपुर जा रहे थे। रास्ते में आसफपुर-बिलारी मार्ग स्थित गांव राज टिकोली के पास किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। घायलों को आसफपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने विनोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनकी जेब से मिले मोबाइल से पहचान करके उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन चीत्कार करते हुए पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# जांच में निर्दोष पाया गया वार्ड ब्वॉय, दी क्लीन चिट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मेडिकल की झूठी रिपोर्ट बनवाने का लगा था आरोप
- जिला अस्पताल में एक सप्ताह की जांच के बाद मिली राहत

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में निलंबित किए गए वार्ड ब्वॉय को जांच में निर्दोष बताया गया है। शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र देकर कहा है कि वार्ड ब्वॉय की कोई गलती नहीं है, उससे किसी ने इस मामले में शिकायत करने को कहा था, जिससे मामला तूल पकड़ गया।

पिछले दिनों थाना उघैती क्षेत्र के ग्राम भोयस निवासी प्रभाशंकर शर्मा ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी कि वार्ड ब्वॉय दीक्षित कुमार कश्यप ने एक ग्रामीण का मेडिकल अपनी मनमर्जी से कराया था जो असत्य है। इस प्रकरण की जांच करने को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जिला प्रशासन को निर्देशित किया था। डीएम के निर्देश पर सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने वार्ड ब्वॉय को निलंबित कर दिया और इस प्रकरण की जांच डॉ. श्रीपाल को सौंप दी। डॉ. श्रीपाल ने बताया कि शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र देते हुए कहा है कि वार्ड ब्वॉय दीक्षित कुमार की कोई गलती नहीं है। उसे किसी ने शिकायत कराई थी। कृपया दीक्षित कुमार कश्यप को दंडित न किया जाए। उक्त शपथ पत्र मिलने के बाद सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने वार्ड ब्वॉय दीक्षित कुमार को बहाल कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की शिकायतों से अस्पताल प्रशासन की छवि खराब होती है। इसलिए, कोई ऐसा काम न करें।

दीक्षित कुमार पर पहले भी कई आरोप लग चुके हैं, लेकिन कार्रवाई किसी मामले में नहीं की गई। इस प्रकरण को लेकर दीक्षित कुमार दबाव में था इसलिए शिकायतकर्ता से उसने बात की और शपथ पत्र देने को राजी कर लिया। सूत्रों की मानें तो शिकायतकर्ता का मुंह बंद करने की कीमत दी गई है।

# महिला की ससुराल में मौत जहर देकर हत्या का आरोप

संवाददाता, म्याऊं

- लगभग 13 साल पहले मंशा नगला निवासी युवक से हुई थी बरेली निवासी युवती की शादी

**अमृत विचार :** उसावां थाना क्षेत्र के गांव मंशा नगला निवासी महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर मायका पक्ष पहुंचा। ससुरालीजनों पर विषाक्त पदार्थ देकर हत्या करने का आरोप लगाया। फॉरेंसिक टीम ने नमूना संकलित किए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



तुलसी।

बरेली जिले के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर तिरुगुनिया निवासी तुलसी की शादी लगभग 13 साल पहले उसावां थाना क्षेत्र के गांव मंशा नगला निवासी सुधीर दुबे पुत्र पंकज दुबे के साथ हुई थी। गुरुवार दोपहर लगभग चार बजे उसावां की डायल 112 पुलिस को सूचना मिली कि तुलसी को विषाक्त पदार्थ खिलाकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची। थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुला लिया। जहां तुलसी के पिता नत्थू लाल शर्मा ने आरोप लगाया कि ससुरालीजन आए दिन तुलसी के साथ मारपीट करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। ससुरालीजनों ने ही विषाक्त पदार्थ खिलाकर हत्या की है। वहीं गांव में चर्चा है कि तुलसी ने गृह कलेश में आकर जान दी है। थाना प्रभारी वीरपाल सिंह ने बताया कि महिला की मौत हुई थी। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यज्ञ में अरणी मंथन से प्रज्ज्वलित की अग्नि

**बिसौली, अमृत विचार :** आदि माता काली शक्ति पीठ, शिव मंदिर प्रांगण में चल रहे पंचकुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के द्वितीय दिवस का शुभारंभ अत्यंत दिव्य एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ। संत कुंज आश्रम, सतना (मध्यप्रदेश) से आए राधेश्याम महाराज ने अरणी मंथन के माध्यम से पवित्र अग्नि प्रज्वलित कर यज्ञ आरंभ कराया। वैदिक मंत्रोच्चारण की गूंज और शंखनाद से पूरा परिसर भक्तिरस में डूब गया।

मुख्य यजमानों द्वारा वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में यज्ञ कुंड में आहुतियां समर्पित की गईं। चारों ओर गूंजते "हरि नाम" और यज्ञ पुरुष भगवान की जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। नगर की टोलियों ने भक्तिभाव से यज्ञ पुरुष भगवान की परिक्रमा कर पुण्य का लाभ लिया। इस अवसर पर प्रमुख यजमान वीरेंद्र बाबूजी, अजय पाल, अजय कुमार, होरीलाल, आज़म खान शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# साथ जलीं 4 चिताएं, पूर्व विधायक ने बंधाया ढांढस



एक साथ जलती चार चिताएं। • अमृत विचार



शोकाकुल परिवारों को सांत्वना देने पहुंचे पूर्व विधायक कुशाग्र सागर। • अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** गुरुवार दोपहर वजीरगंज थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने रात में ही शवों का पोस्टमार्टम कराया। युवकों की मौत पर सिर में चोट लगने की वजह से हुई थी। शव गांव पहुंचे तो चीत्कार मच गया। गांव के पास एक साथ चारों चिताएं जलीं। गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। बिसौली के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।

वजीरगंज थाना क्षेत्र में गांव करखेड़ी मैनपुरी-बगरैन मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत हुई थी। हादसे में गांव करखेड़ी मैनपुरी निवासी पूर्व प्रधान वीरेंद्र मीना के बेटे अतर सिंह मीना, बच्चू सिंह पुत्र कुंवरसेन, सोनपाल पुत्र जागरण, संजय पुत्र बच्चू की मौत हो गई थी। जबकि अशोक पुत्र भूदेव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया था। पुलिस ने रात में ही शवों का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए।

चारों की मौत सिर की चोट की वजह से हुई। उनके सिर की हड्डियां टूट गई थीं। शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। शुक्रवार को चारों की चिताएं एक साथ जलीं। हादसे के दूसरे दिन भी गांव में गमगीन माहौल है।

# लूट की योजना बनाते एटा निवासी दो युवक गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने लूट की योजना बनाते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पिछले कुछ दिनों से शहर में महिलाओं को झांसे में लेकर ठगी की जा रही थी। पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे थे। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। शुक्रवार को पुलिस को आरोपियों की जानकारी हुई। पुलिस कादरी गेट पर पहुंची। जहां से लोगों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी जिला एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला काजी निवासी सनी, संजय उर्फ अमित कुमार हैं। वे दोनों लूट की योजना बना रहे थे। दोनों के पास से तमंचे, कारतूस के अलावा 7700 रुपये बरामद हुए।

# पानी की नाली को लेकर दो पक्ष भिड़े पांच घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव हैदलपुर में खेत में पानी का नाला बंद करने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो हुई। जिसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। जिसको लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस से शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए बिल्सी सरकारी अस्पताल भेजकर जांच शुरु कर दी है। गांव हैदलपुर निवासी मुन्ना सिंह ने पुलिस को बताया उनके खेत में बनी पानी की नाली को गांव के ही कुछ लोगों ने बंद कर दिया।

उन्होंने इसके बारे जानकारी की। उन लोगों ने लाठी-डंडों से उनके साथ मारपीट कर शुरू की। मारपीट में मुन्ना सिंह व उनके दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष के श्याम पाल सिंह और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। दोनों पक्षों ने मारपीट की घटना की शिकायत पुलिस से की।

# स्कूली बच्चों ने यदु शुगर मिल का किया शैक्षणिक भ्रमण



यदु शुगर मिल परिसर में भ्रमण करते बच्चे। • अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा- 8 के सभी छात्र-छात्राएं एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर बिसौली स्थित यदु शुगर मिल पहुंचे।

चीनी मिल में टेक्निकल हेड विश्व दीपक यादव, मैनेजर अनिल यादव, मैकेनिकल इंजी. नरेन्द्र यादव, इलेक्ट्रिक इंजी. राजीव यादव एवं समस्त शुगर मिल स्टाफ ने छात्रों को चीनी उत्पादन की सर्वप्रथम गन्ने की कटाई करके उसका रस निकाला जाता है। रस को साफ करके उबाला जाता है इसके पश्चात चीनी क्रिस्टल का निर्माण होता है जिसे अच्छी तरह सुखाकर पैकेट में पैक किया जाता है। इस तरह बिक्री को चीनी तैयार होती है। इस शैक्षिक भ्रमण में विकास कुमार, सुप्रीत गुप्ता, अशोक कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, मोहिनी पराशर, मोहित सिंह, अभिषेक सिंह तोमर आदि का विशेष सहयोग रहा।

# गहरा कंधार करने की बहस में रोटावेटर में फंसा चालक

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में शुक्रवार सुबह राजपाल के खेत में धान की रोपाई करने के लिए नेत्रपाल अपने ट्रैक्टर से रोटावेटर से कंधार कर रहे थे। बराबर में हरिओम गांव निवासी छत्रपाल के खेत में रोटावेटर से कंधार कर रहे थे।

इस दौरान दोनों ट्रैक्टर चालकों में बहस हो गई कि किसका ट्रैक्टर गहरा रोटावेटर लगाकर खींच लेगा। दोनों ट्रैक्टर चालकों ने रोटावेटर गहरा लगाकर दोनों ट्रैक्टर चलते छोड़ दिए। हरिओम खेत में चलते ट्रैक्टर को रोकने के लिए ऊपर चढ़ रहा था तभी उसका पैर फिसल गया और वह रोटावेटर में फंस गया। हरीओम गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान खेतों में अफरातफरी मच गई। परिजन आनन-फानन में हरीओम को बदायूं लेकर गए। जहां डाक्टरों ने घायल को बरेली रेफर कर दिया।

# एनएसएस के स्वयंसेवियों ने पौधरोपण करके लिया सुरक्षा का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के अंतर्गत आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने औषधीय व फलदार पौधे रोपे। साथ ही पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। स्वयंसेवियों को पौधे भेंट कर विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण करने के लिए के लिए रवाना किया गया।

प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव, डॉ. संजय कुमार के निर्देशन में एनएसएस के स्वयंसेवियों ने एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपित कर उसी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली। परिसर में आम, अमरूद, जामुन, बेल, सहजन, नीम, अपराजिता, शमी, शहतूत आदि विभिन्न प्रजातियों के औषधीय पौधों का रोपण किया। एनएसएस के नोडल अधिकारी



परिसर में पौधरोपण करते राजकीय महाविद्यालय के एनएसएस के स्वयंसेवी।

- आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में किया पौधरोपण

डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मशीनीकरण और औद्योगीकरण के युग में पर्यावरण विषाक्त हो चुका है। पर्यावरण में व्याप्त जहर को कम करने के लिए एकमात्र उपाय ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण है। यह सभी का पुनीत कर्तव्य है।

कार्यक्रम में डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. प्रेमचन्द चौधरी, पवन कुमार, शगुन शर्मा, अनूप सिंह, दीपांशु गुप्ता, गौसिया, मोहन लाल, अंश कुमार, वंदना केशरी आदि उपस्थित रहे।

# अनिल कुमार बने जिला संगठन मंत्री



**उझानी, अमृत विचार :** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिला अध्यक्ष अतुल तोमर द्वारा नगर उझानी निवासी अनिल कुमार सिंह को भारतीय किसान यूनियन (भानु) का जिला संगठन मंत्री पद पर नियुक्त किया गया है। रोशन राजपूत को ब्लॉक उझानी उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। दोनों पदाधिकारियों से संगठन विस्तार करने को कहा गया है। साथ ही किसानों की समस्याओं का समाधान करने को कहा गया है।

**आवश्यकता है**
- मैट्रन (नर्सिंग का अनुभव)
- नर्स (Male/Female) (ANM/GNM)
- आयुर्वेदिक परिचारिका
- OT टेक्निशियन
- वार्ड ब्वॉय
- ड्राइवर (मल्टीपर्पज)
- कैंटीन कुक

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड बरेली
मो: +91-8077808309, 9837357497

# विश्व जनसंख्या दिवस पर छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े की शुक्रवार से शुरुआत करते हुए जागरुकता रैली निकाली गई। रैली 18 जुलाई तक जगह-जगह आयोजित की जाएगी। आज सुबह श्री कृष्णा इण्टर कॉलेज से जन जागरुकता रैली एवं सारथी वाहन का शुभारम्भ सदर विधायक महेशचंद्र गुप्ता एवं प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली में कक्षा 9 से 12 तक के श्रीकृष्णा इंटर कॉलेज एवं राजकीय इन्टर कॉलेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

रैली श्री कृष्णा इण्टर कालेज से प्रारम्भ होकर गांधी ग्राउण्ड चौराहा, इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से जनसंख्या दिवस पखवाड़े की थीम "मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही" के माध्यम से जनमानस में परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता लाने की पहल की गयी।



रैली को हरी झंडी दिखाते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। • अमृत विचार

रैली को संबोधित करते हुए सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने परिवार नियोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं छोटा परिवार होने के फायदे बताए और परिवार नियोजन के बारे में छात्रों को बताया। विधिक साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शिव कुमारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में श्री कृष्ण इंटर कॉलेज के सभागार में किया गया।

नोडल अधिकारी परिवार नियोजन कार्यक्रम द्वारा बताया गया कि जनपद एवं ब्लाक की समस्त सरकारी चिकित्सा इकाइयों पर सीमित अवधि तक प्रयोग किये जाने वाले गर्भ निरोधक साधनों की निःशुल्क उपलब्धता सुनिश्चित किया जाये, चिकित्सा इकाइयों पर कंडोम बाक्स इन्स्टाल करें तथा कंडोम की आपूर्ति के आधार पर इसमें नियमित कंडोम भरवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। लक्षित समुदाय के मध्य गर्भ निरोधक साधनों का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाये। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों जैसे छाया-अंतरा, कॉपर-टी, माला एन, पुरुष नसबंदी एवं महिला नसबंदी आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

जागरुकता रैली विधिक जागरुकता शिविर को सफल बनाने में डॉ. मोहन झा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. राजवीर गंगवार उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. निरंजन सिंह उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, संदीप भारती, कृष्णा इण्टर कालेज, सुधा देवी डी.एच.ई.आई.ओ. अरविंद राना डीसीपीएम, डॉ. कौशल गुप्ता एपिडेमियोलॉजिस्ट, ब्रह्मानन्द गौतम, राकेश यादव, राजेन्द्र प्रसाद, कमलेश कुमारी, उमेश राठौर, कोर्डिनेटर एवं राजकीय इण्टर कालेज के छात्र एवं अध्यापक तथा श्री कृष्णा इन्टर कालेज के छात्र एवं अध्यापक गण उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019-20 (राजेन्द्र प्रसाद इण्टर कॉलेज मीरगंज) मा. शि. परिषद उ.प्र. की अंक तालिका, जिसका अनुक्रमांक 210770291 है, कहीं गुम हो गई है। **कपिल कुमार पुत्र सोमपाल नि. ग्राम वीरपुर, मकरूका तहसील व जिला बरेली।**

**सूचना**
मैं राम देवी माता स्व. सतीश चन्द्र गंगवार नेवी नं. 214233W रैंक PO निवासी ग्राम परमानन्दपुर पोस्ट कमलापुर तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर उ0प्र0 242305, मेरे स्व. पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम राम देवी गंगवार दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम राम देवी है। मुझे राम देवी व राम देवी गंगवार दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है।
मेरी जन्मतिथि 01.01.1962 है।

**सूचना**
मैं चन्द्र भान पिता स्व. सतीश चन्द्र गंगवार नेवी नं. 214233W रैंक PO निवासी ग्राम परमानन्दपुर पोस्ट कमलापुर तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर उ0प्र0 242305, मेरे स्व. पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम चन्द्र भान गंगवार दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम चन्द्र भान है। मुझे चन्द्र भान व चन्द्र भान गंगवार दोनों नाम से जाना पहचाना जाता है। मेरी जन्मतिथि 01.01.1958 है।

**सूचना**
**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम JASBINDAR SINGH से बदल कर JASBINDER SINGH S/O HARBHAJAN SINGH निवासी ग्राम लौकहा पोस्ट बिजुआ तहसील गोला जिला खीरी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं।**

**सूचना**
हमनें अपने पुत्र अमित सिंह व उसकी पत्नी रजनी सिंह को उनके गलत आचरण से तंग आकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं, उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे उनसे कोई सम्बन्ध व वास्ता नहीं होगा। **संतोष सिंह, पुत्र श्री सुखराम सिंह, निवासी एच.नं. 209, सनेकपुर, अलहिया, बरेली, उत्तर प्रदेश, 262406**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एकोदरसमुद्भूता एक नक्षत्र जातका।
न भवन्ति समा शीले यथा बदरिकण्टका:॥

एक ही उदर से, एक ही नक्षत्र में जन्म लेने पर भी दो लोगों का स्वभाव एक समान नहीं होता। उदाहरण के लिए बेर और कांटों को देखा जा सकता है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक दक्षता

भारत ने तीन दिन पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा में अफगानिस्तान की स्थिति पर प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लिया। भारत के इस रुख को कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना गया। यह रुख आदर्शवाद से नहीं, बल्कि यथार्थवाद से प्रेरित है। भारत ने स्पष्ट किया कि वह अफगानिस्तान के लोगों के साथ खड़ा है, लेकिन प्रस्ताव में आतंकवाद की चुनौती को लेकर स्पष्टता नहीं थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अफगानिस्तान से मानवाधिकारों को बनाए रखने, अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने तथा बिगड़ते मानवीय संकट, वापस लौटने वालों की बढ़ती संख्या तथा दशकों के संघर्ष के स्थायी प्रभाव के बीच आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव से दूरी भारत की बदलती विदेश नीति का संकेत है। संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर दूरी बनाना इस बात का संकेत है कि भारत सिर्फ नैतिकता के आधार पर नहीं, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर कदम उठा रहा है। यदि तालिबान वैश्विक आतंकवाद से खुद को अलग रखने और अपने शासन को समावेशी बनाने के ठोस कदम उठाता है, तो भारत भी भविष्य में रिश्तों को औपचारिक बनाने की दिशा में आगे बढ़ सकता है-लेकिन फिलहाल, दूरी और संवाद के बीच की यह कूटनीतिक चाल ही भारत की नीति है।

भारत अफगानिस्तान में तालिबान शासन के साथ अपने संबंध मजबूत कर रहा है। तालिबान ने अगस्त 2021 में अमेरिका और उसके सहयोगियों के विरुद्ध दो दशक की बगावत के बाद अफगानिस्तान की सत्ता में वापसी की थी। भारत ने एक तरफ मानवीय सहायता बनाए रखी, वहीं दूसरी तरफ उसने तालिबान के साथ धीरे-धीरे अपना राजनयिक संवाद बढ़ाया। जानकारों का मानना है कि तालिबान के साथ जुड़कर भारत पाकिस्तान को दूर रख रहा है। पिछले कुछ सालों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। अफगानिस्तान पाकिस्तान के साथ-साथ चीन के नजरिए से भी भारत के लिए अहम है। गौरतलब है कि रूस, चीन और ईरान, जो दशकों से तालिबान को दुश्मन मानते रहे हैं, ने भी संयुक्त राष्ट्र के मतदान में हिस्सा नहीं लिया। पिछले वर्षों में चीन ने अफगानिस्तान में कई परियोजनाओं में भारी निवेश किया है। उसकी नजर यहां के प्राकृतिक संसाधनों पर है। हाल ही में अफगानिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले की उनकी निंदा की। भारत इसे अफगानिस्तान के साथ संबंध सुधारने के मौके के तौर पर देख रहा है। महत्वपूर्ण है कि भारत तालिबान के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन उसे आधिकारिक मान्यता नहीं दे रहा है। कुल मिलाकर भारत कूटनीतिक दक्षता से आदर्शवाद एवं यथार्थवाद का सही संतुलन बनाकर चल रहा है।

# ओली के हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है। ऐसा कहने के लिए भारत के पास ऐतिहासिक और प्रमाणिक सबूत भी है।

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोधी की है, यह बात छिपी नहीं है लेकिन वे खुल्लम खुल्ला भारत को चुनौती देने की अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे, यह हैरान करने वाली बात है। वे कभी भारत के खिलाफ तीसरे देश के हाथ की कठपुतली बन जाते हैं तो कभी भारतीय भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोक कर भारत को आंख दिखाते हैं। हद तो यह हो गई कि ओली अब भगवान राम के जन्म स्थान तक को नेपाल में होने का दावा कर रहे हैं। ओली के दावे पर नेपाल के ही एक टिप्पणीकार ने कहा इस पर गौर कर दिमाग खपाने से बेहतर है कि भारत बेफिक्र ही रहे।

ओली के इस तरह अनाप-शनाप बकवास के पीछे का एक सच यह है कि वे नेपाल की राजनीति में निष्प्रयोज्य होते जा रहे हैं। अभी वे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री हैं। और उस दल के( नेपाली कांग्रेस) गठबंधन में हैं जो अपेक्षाकृत हिंदूवादी है और उसके भारत के हिंदुवादी नेताओं से अच्छे संबंध है। ऐसे में ओली को यह डर सताता रहता है कि भारत अपने समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का पेंच जरा सा भी कस दिया तो उनकी कुर्सी गई।

इस डर के बीच ओली नेपाल की राजनीति में कम्युनिस्ट होते हुए ही हिंदुत्व कार्ड खेलने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। जाहिर है भगवान राम भारत और नेपाल में समान रूप से सर्वमान्य और पूज्यनीय हैं। भगवान राम का ससुराल जनकपुर में है जो नेपाल में स्थित है। यह माता सीता का मायका है। इस रिश्ते की वजह से ही भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी जैसे संबंध को प्रगाढ़ता मिली है जो आज भी कायम है।

नेपाल में इन दिनों राज संस्था और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर शोर से चल रही है। आने वाले चुनाव में नेपाल में दो ही मुद्दे हावी रहेंगे। एक गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष दूसरे राजशाही और हिन्दू राष्ट्र! ओली संभावित राजनीति की इस धारा को बखूबी समझ रहे हैं और इससे भयभीत भी हैं। यही वजह है कि वे कभी देश भक्ति का कार्ड खेलते हैं तो कभी हिंदुत्व का।

प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि "हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे-यह बात कोई और कहे,यह कब तब चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है?"ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है।उन्होंने कहा, "राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां थारू समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों?"प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए।

इस बार हिंदुत्व का कार्ड खेलते हुए ओली ने भगवान राम के नेपाल में जन्मने का राग अलापना शुरू किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ओली ने स्पष्ट लहजे में कहा कि "प्रभु राम का जन्म नेपाल में ही हुआ है"यह सच्चाई कहने में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के चितवन जिले के माड़ी में ही प्रभु श्री राम का जन्म हुआ है। वह पवित्र स्थल राम की जन्मस्थली है।

प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि "हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे-यह बात कोई और कहे,यह कब तब चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है?"ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है।उन्होंने कहा, "राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां थारू समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों?"प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा, "राम भगवान हैं या नहीं, यह हर किसी का व्यक्तिगत विश्वास है, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते हैं, उनके लिए राम की जन्मभूमि एक पवित्र स्थल है। ओली ने कहा "अगर सच्चाई बोलने से कोई नाराज़ होता है तो वह होता रहे।

प्रधानमंत्री ओली ने यह भी दावा किया कि भगवान शिव, ऋषि विश्वामित्र और कौशिक ऋषि भी नेपाल के ही हैं। उन्होंने कहा, "शिव यहीं के हैं, विश्वामित्र यहीं के हैं। यह रामायण में खुद लिखा है।"प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वाल्मीकि कृत रामायण में उल्लेख है कि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कोशी नदी पार करके पश्चिम दिशा में यानी नेपाली भूभाग में ही शिक्षा दी थी। यह रामायण में यह लिखा गया है। वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि कोशी नदी पार करके विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को शिक्षा दी। इससे स्पष्ट है कि विश्वामित्र चतरा (नेपाल) के थे।"

इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल पर्यटन बोर्ड से कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली का डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक विदेशी श्रृद्धालुओं को नेपाल आने के लिए आकर्षित किया जाय। ओली ने कहा कि नेपाल के धार्मिक स्थलों का प्रचार बिल्कुल आधुनिक तरीके से और आक्रामक ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि धर्म में विश्वास करना या न करना हर व्यक्ति का स्वतंत्र अधिकार है, लेकिन भगवान राम नेपाल में जन्मे थे और सीता का निधन भी यहीं हुआ था, जैसी बातों का ग्रंथों में उल्लेख है, इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करने से डरने की जरूरत नहीं है।

इसके पहले ओली जब भारत के उत्तराखंड में स्थित काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नामक पहाड़ी क्षेत्र को अपने भू भाग का हिस्सा बताते हुए भारत पर कब्ज़ा करने का आरोप मढ़ते हैं तो इससे वे खुद को पक्का देशभक्त साबित करने की कोशिश करते हैं। यह भू क्षेत्र उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा है। दर असल यह भू क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन सीमा पर स्थित है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को काला पानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी।अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है। फिर ओली इस दुर्गम इलाके को अपना बताते हैं। सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है। ऐसा कहने के लिए भारत के पास ऐतिहासिक और प्रमाणिक सबूत भी है।

हाल ही जापान की एक संस्था ने करीब पांच साल तक लुंबिनी पर किए रिसर्च में लुंबिनी को भारत का हिस्सा बताया है। जापानी संस्था की यह रिपोर्ट लुंबिनी पर अपना दावा ठोकने के लिए एक ठोस सबूत है लेकिन भारत ऐसा कर नेपाल से अपने संबंधों में खटास नहीं लाना चाहता वहीं ओली हैं कि वे भारत को चिढ़ाने से बाज नहीं आते। मजे की बात यह है कि भारत ओली के ऐसे ऊल जलूल हरकतों पर ध्यान तक नहीं देता क्योंकि वह जानता है कि नेपाल की राजनीति नया करवट ले रही है जिसमें फिलहाल ओली किसी भी कोण पर टिकने वाले नहीं हैं।

## प्रसंगवश

# धर्मांतरण का धंधा: विदेशी फंडिंग

धर्म किसी भी समाज की आत्मा होता है, लेकिन जब धर्म का प्रयोग 'धंधे' में बदल जाए तो सवाल सिर्फ आस्था का नहीं, राष्ट्र की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों का हो जाता है। उत्तर प्रदेश में एटीएस द्वारा उजागर किए गए एक बड़े धर्मांतरण रैकेट ने यही भयावह सच्चाई हमारे सामने रखी है। कथित रूप से "छांगरू बाबा" उर्फ जमशेदुद्दीन के नेतृत्व में यह गिरोह न केवल भोले-भाले लोगों का धर्मांतरण कर रहा था, बल्कि इसके पीछे एक व्यवस्थित नेटवर्क, विदेशी फंडिंग और जातिगत लक्ष्य निर्धारण भी शामिल था।



डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
वरिष्ठ पत्रकार

जिस प्रकार से इस रैकेट की कार्यप्रणाली सामने आई है, वह धर्मांतरण को एक सुनियोजित व्यवसाय के रूप में प्रकट करती है। यह कोई व्यक्तिगत आस्था का निर्णय नहीं, बल्कि विदेशी पैसों से संचालित एक मिशन था-जिसमें धर्म, जाति, स्त्री और समाज को एक वस्तु की तरह देखा गया। एफआईआर और जांच रिपोर्ट के अनुसार, धर्मांतरण के लिए बाकायदा 'रेट कार्ड' था। ऊंची जाति की लड़कियों के लिए धर्मांतरण की दर 15-16 लाख रुपये तक थी, जबकि अन्य लड़कियों के लिए 8-10 लाख रुपये। सोचिए, जब धर्म को भी जाति और लिंग के आधार पर मूल्यांकित किया जाने लगे, तो वह किस स्तर तक गिरावट का प्रतीक बनता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि इस रैकेट के पास 40 बैंक खाते थे जिनमें विदेशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की रकम भेजी गई। यह रकम किसके इशारे पर भेजी गई, किन उद्देश्यों के लिए, और किन देशों से - यह सवाल सिर्फ जांच एजेंसियों के नहीं, पूरे देश के हैं। क्या यह केवल धर्मांतरण के लिए था या इसके पीछे कोई और बड़ा वैश्विक, राजनीतिक या वैचारिक षड्यंत्र भी छिपा है?

इस रैकेट की कार्यशैली में सोशल मीडिया का जबरदस्त उपयोग किया गया। वीडियो, मोटिवेशनल भाषण, 'इस्लाम कबूल करने से मिली राहत' जैसे फर्जी वीडियो वायरल कर कमजोर तबकों को बरगलाया गया। पहले मानसिक रूप से प्रभावित किया गया, फिर आर्थिक लालच दिया गया और अंत में जबरन धर्मांतरण। यह साइकोलॉजिकल वॉरफेयर जैसा है-जहां पहले मस्तिष्क जीता जाता है, फिर शरीर। और सबसे दुखद यह कि इसे धर्म का नाम दिया गया।इस प्रकरण में बलरामपुर जिले के एक पूरे परिवार के धर्मांतरण की पुष्टि हुई है। वहां महिलाओं और बच्चों को टारगेट कर उन्हें धर्म बदलने के लिए मजबूर किया गया। यह कोई एक अपवाद नहीं, बल्कि उसी पैटर्न का हिस्सा है - जिसमें ग्रामीण, अशिक्षित और आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को निशाना बनाया जाता है। यह सामाजिक असमानता का शोषण है। जब राज्य, समाज और प्रशासन इन परिवारों की रक्षा नहीं कर पाते, तो ऐसे गिरोह अपना मकड़जाल फैलाते हैं। इस रैकेट का सबसे खतरनाक पहलू था-जातिगत दर निर्धारण। ऊंची जाति की लड़कियों के धर्मांतरण के लिए अधिक पैसा दिया जाता था। इसका मतलब है कि धर्मांतरण सिर्फ धर्म का नहीं, जाति-सामाजिक संरचना को तोड़ने का औजार भी बन चुका है। यह न केवल हिंदू समाज को कमजोर करने की चाल है, बल्कि राष्ट्र को आंतरिक रूप से विखंडित करने की भी रणनीति है।

यह मामला अकेला नहीं है। देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो सामाजिक दुर्बलता, आर्थिक मजबूरी और शिक्षा की कमी का लाभ उठाकर धर्मांतरण करा रहे हैं। इससे निपटने के लिए धर्मांतरण विरोधी कानूनों को और मजबूत बनाना चाहिए। विदेशी फंडिंग की निगरानी के लिए डिजिटल ट्रैकिंग तंत्र को सशक्त करना चाहिए। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। शिक्षा और रोजगार के माध्यम से समाज को आत्मनिर्भर और सजग बनाना जरूरी है। धर्म आत्मा का विषय है, उसे सौदेबाज़ी का औजार बनाना न केवल अपराध है, बल्कि मानवता का भी अपमान है। धर्मांतरण जब व्यक्तिगत चेतना से नहीं, लालच, भय या फरेब से होता है, तो वह धर्म नहीं, शोषण होता है। जरूरी है कि धर्मांतरण की आड़ में चल रहे इन संगठित अपराधों को पहचानें, उनका विरोध करें और समाज को ऐसी गतिविधियों से बचाने के लिए संगठित प्रयास करें। धर्म को न बेचे, न खरीदें –बल्कि समझें, आत्मसात करें और उसकी गरिमा को बचाए रखें।

# हिंदुत्व से हटकर नैतिकता की राजनीति



संजय सक्सेना
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

समिक भट्टाचार्य की ताजपोशी सिर्फ एक पद की नियुक्ति नहीं बल्कि एक राजनीतिक संकेत है भाजपा अब बंगाल को दिल्ली की नजरों से नहीं, बल्कि कोलकाता की चेतना से देखेगी।

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है। इस बार तापमान बढ़ाने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है, जिसने अपनी परंपरागत रणनीति से हटकर एक नई सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश की है। अब भाजपा बंगाल में हिंदुत्व या राष्ट्रवाद की बजाय 'सांस्कृतिक पतन', 'महिला सुरक्षा' और 'शिक्षा व्यवस्था की गिरावट' जैसे मुद्दों को केंद्र में लाकर ममता बनर्जी की सरकार को घेरने का प्रयास कर रही है। यह केवल एक चुनावी बदलाव नहीं है, बल्कि भाजपा की उस व्यापक रणनीति का हिस्सा है जो उसे बंगाल की सत्ता के केंद्र तक पहुंचाने की दीर्घकालिक योजना को दर्शाती है। इसके लिए पार्टी ने संगठन में भी व्यापक फेरबदल किए हैं और एक ऐसे नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है जो बंगाली अस्मिता और सामाजिक चेतना की नब्ज को बेहतर तरीके से समझता है। समिक भट्टाचार्य की ताजपोशी सिर्फ एक पद की नियुक्ति नहीं बल्कि एक राजनीतिक संकेत है भाजपा अब बंगाल को दिल्ली की नजरों से नहीं, बल्कि कोलकाता की चेतना से देखेगी।

यह बदलाव ऐसे समय में किया गया है जब पार्टी को पिछले चुनावों में बंगाल में अपेक्षित सफलता नहीं मिली थी। 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने भारी संसाधन झोंकने के बावजूद सत्ता से दूरी बनाए रखी। उस चुनाव में पार्टी ने ममता बनर्जी के खिलाफ जिस आक्रामक हिंदुत्व की रणनीति अपनाई, वह बंगाल की पारंपरिक बहुसांस्कृतिक चेतना से टकरा गई। नतीजा यह रहा कि भाजपा को कई सीटों पर अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा। अब पार्टी ने उस गलती से सबक लेते हुए रणनीति में मूलभूत बदलाव किया है। इस बार न तो जय श्री राम के नारे प्राथमिकता में हैं और न ही नागरिकता संशोधन कानून को हवा दी जा रही है। अब भाजपा बंगाल के पतनशील समाज, शिक्षा की विफलता और महिलाओं की असुरक्षा को ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है।

इस नई रणनीति का सबसे स्पष्ट उदाहरण अमित मालवीय की ओर से जारी किए गए वे वीडियो हैं, जिनमें कथित रूप से तृणमूल कांग्रेस के छात्र संगठन से जुड़े नेता कॉलेज परिसरों और यूनियन दफ्तरों का दुरुपयोग करते नजर आ रहे हैं। एक वायरल क्लिप में छात्र नेता को एक छात्रा से सिर की मालिश करवाते हुए दिखाया गया है। हालांकि इन वीडियो की पुष्टि स्वतंत्र रूप से नहीं की जा सकी है, लेकिन भाजपा ने इन्हें राज्य की नैतिक और शैक्षणिक गिरावट के प्रतीक के रूप में प्रचारित किया है। भाजपा का दावा है कि बंगाल जो कभी भारतीय पुनर्जागरण का केंद्र था, आज वहां की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। पार्टी का कहना है कि छात्रों को मजबूरी में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करना पड़ रहा है क्योंकि राज्य में उन्हें न सुरक्षित माहौल मिल रहा है और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा।

यह भी कोई संयोग नहीं कि भाजपा अब महिला सुरक्षा को लेकर लगातार आक्रामक हो रही है। संदेशखली की घटना को भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाया है, जहां तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता पर कई महिलाओं ने यौन शोषण के आरोप लगाए। इसके अलावा आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की हत्या, कोलकाता लॉ कॉलेज में बलात्कार जैसी घटनाओं को भाजपा लगातार ममता सरकार की नाकामी के रूप में प्रस्तुत कर रही है। भाजपा की फैक्ट फाइंडिंग टीम, जिसकी अगुवाई मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सत्यपाल सिंह कर रहे हैं, ने लॉ कॉलेज मामले की न्यायिक जांच की मांग की है। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि तृणमूल के छात्र संगठन के पास सत्ता का ऐसा संरक्षण है कि वे कॉलेज परिसरों में खुलेआम सत्ता का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने इसके समर्थन में 50 से ज्यादा तस्वीरें जारी की हैं और दावा किया है कि ये तस्वीरें उस तंत्र का हिस्सा हैं जो राज्य के युवाओं को नैतिक रूप से भ्रष्ट कर रहा है।

शुभेंदु अधिकारी ने इस मुद्दे को एक बड़े सामाजिक आंदोलन का रूप देने की कोशिश की है। उन्होंने ममता बनर्जी की 21 जुलाई को होने वाली शहीद दिवस रैली के दिन एक समानांतर 'कन्या सुरक्षा यात्रा' निकालने की घोषणा की है। इस पूरे घटनाक्रम को देखें तो यह साफ़ हो जाता है कि भाजपा अब सिर्फ चुनाव जीतने की राजनीति नहीं कर रही, बल्कि वह बंगाल की सामाजिक चेतना को बदलने की कोशिश कर रही है। पार्टी अब वहां एक वैकल्पिक नैतिक विमर्श गढ़ रही है, जिसमें ममता सरकार को भ्रष्ट, नैतिक रूप से पतित और जनता से कटे हुए शासन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि वह न केवल विकल्प है, बल्कि वह सुधार की आवश्यकता है।

## सोशल फोरम

# कभी कभार की अनहोनी

सावन के बादलों का इंतज़ार बस प्रेमियों को रहता हो ऐसी कतई नही है। सड़क बनाने वाले ठेकेदार और अफसर उनसे भी ज्यादा अधीरता से निहारते है बादलों को। बादलों की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है कि वो आएं और सड़कों को बहा ले जाएं। सड़क बनाने वाले ठेकेदार और अफसर आस्तिक होते है। भगवान भी प्रेम करता है उनसे और आमतौर पर हर साल बादल भेजना याद रखता है। सलोने बादल आते हैं। बरसते हैं ,और उनका रास्ता ताकती भावनाओं से भरी सड़कें बह जाती हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

सड़कें बहने के लिए ही बनाई जाती हैं हमारे यहां। पर कभी कभार अनहोनी भी होती ही हैं। कुछ ढीठ किस्म की सड़कें नहीं भी बहती। ऐसा ही अजीब वाकया हुआ एक शहर में। एक सड़क बादलों के मनुहार के बावजूद नहीं बही। दुनिया का सातवां आश्चर्य। देखते ही देखते यह खबर आग की तरह फैली। हैरान जनता झुंड बना बना कर उसे देखने आई। पब्लिक को सतयुग आने का शक हुआ। लोगों ने आंखें मल मल कर देखा बिना बही सड़क को। एक दूसरे को चिकोटी काट कर तस्दीक की कि कहीं वो सपना तो नहीं देख रहे। और जो चीज देख रहे हैं वो सड़क ही है या कुछ और है। फिर जनता हो हो कर हंसी और उसने सड़क बनाने वाले अफसर और ठेकेदार को गधा करार दिया।

खबर सड़क बनाने के लिए जिम्मेदार महकमे तक भी पहुंची। संबंधित अफसर को बाक़ी अफसरों ने दया भाव से देखा। सब हंसे उस पर। वो अपनी ग़ैरज़िम्मेदारी पर शर्मिंदा हुआ। उसने फौरन सड़क बनाने वाले ठेकेदार को तामील किया। ठेकेदार आया। घबराया और आंखें नीचे किए रहा। साहब अनमना है बहुत। शर्मा ऐसी उम्मीद थी नहीं तुमसे। ठेकेदार सचमुच शर्मिंदा है। दुखी है अपने ही पेट पर लात मारने के लिए। सर मैंने डांटा है अपने बंदों को।

साहब मायूस भी हैं। ये क्या कर बैठे तुम ? बिना बही सड़कें साख खराब करती हैं। अब बड़े अफसर तुम्हारे साथ मुझे भी नौसिखिया मानेंगे। सबका नुकसान कर दिया तुमने। नई नई नौकरी है मेरी। मुझे डर है कहीं प्रोबेशन पीरियड न बढ़ा दिया जाए मेरा।

-फेसबुक वॉल से

# बचपन अब एक दौर नहीं, एक दौड़ है



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

यह एक मौन आपातकाल है-जिसमें हर बच्चा 'ठीक है' कहता तो है, लेकिन भीतर कहीं न कहीं थका हुआ है। वह सिर्फ स्कूल में नहीं, घर में भी हर वक्त जांच की निगाहों में है।

बचपन अब एक स्मृति होता जा रहा है-समय से पहले ही बीतता हुआ। बच्चों की सुबहें अलार्म पर खुलती हैं, दिन ट्यूशन और टेस्ट के बीच सिमट जाते हैं, शामें स्क्रीन पर गुजरती हैं, और रातें होमवर्क और ट्यूशन वर्क के नीचे दब जाती हैं। यह दिनचर्या अब अपवाद नहीं रही- यह सामान्य हो चुकी है। एक उम्र जो पहले खेलने, उलझने और धीरे-धीरे बनने के लिए होती थी, अब वहां बनने से पहले ही तय कर लिया जाता है कि क्या बनना है। और उस तयशुदा मंज़िल तक पहुंचने की दौड़ बहुत पहले शुरू हो जाती है- कभी होश में, कभी अनजाने में।

आज यह मान लेना सहज हो गया है कि बच्चे 'सही' रास्ते पर हैं- वे पढ़ाई कर रहे हैं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में हैं, भाषाएं और स्किल्स सीख रहे हैं। लेकिन इस पूरे परिदृश्य में एक सवाल लगातार अनुत्तरित रह जाता है: क्या वे कुछ महसूस भी कर पा रहे हैं? क्या उनके पास यह जानने की जगह बची है कि उन्हें क्या पसंद है, किस बात से डर लगता है, किस दिशा में वे स्वयं को देखना चाहते हैं? या फिर यह मान लिया गया है कि नंबर लाना, दूसरों से बेहतर होना और जल्दी किसी स्थिति तक पहुंचना ही काफी है?

इस चुप्पी में जो सबसे पहले दबता है, वह है- बच्चों का स्वयं से परिचय। वे असफलता से डरते हैं, पर कह नहीं पाते। वे उम्र से बड़ी बातें करने लगे हैं, लेकिन अपनी उम्र के छोटे-छोटे सुख भूल चुके हैं। धीरे-धीरे उनके भीतर यह भाव बनने लगता है कि अगर वे थोड़ा भी पीछे रह गए, तो घर में उनका महत्व कम हो जाएगा। यह भावना कोई कल्पना नहीं, बल्कि उन असंख्य सूक्ष्म संकेतों से उपजती है जो उन्हें रोज़ मिलते हैं -कभी तुलना से, कभी प्रशंसा की शर्तों से, और कई बार सिर्फ हमारी चुप्पी से।

यह चुप्पी सिर्फ घर की नहीं है। बच्चों को कई बार स्कूल भी एक प्रोजेक्ट साइट सरीखे लगते हैं जहां सीखने की जगह तो है ही, लेकिन साथ ही यहां भी प्रदर्शन के मायने ज्यादा हैं। शिक्षक भी उसी दबाव के शिकार हैं, जो हर वक्त रैंकिंग, रिपोर्ट और रिजल्ट सेबंधा है। कोचिंग संस्थानों का विस्तार किसी से छुपा नहीं है। एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा अपने बच्चों से जुड़े इन्हीं 'शैक्षणिक निवेश' में लगा देता है - इस उम्मीद में कि शायद यह सफलता की गारंटी बन जाए। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और जटिल है, जहां संसाधनों की कमी का बोझ बच्चे अपने आत्मविश्वास पर उठाते हैं। बच्चों के लिए असफलता सिर्फ एक नतीजा नहीं, पहचान का संकट बन जाती है।

माता-पिता इस व्यवस्था के न तो निर्माता हैं, न ही उसका समाधान। वे स्वयं इसमें उलझे हुए सह-यात्री हैं। वे अपने बच्चों के लिए वह सब कुछ चाहते हैं जो उसके सुखद और सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करता हो, वह सब कुछ भी जो शायद कभी उनके पास नहीं हो पाया, या जो उनसे किन्हीं कारणों से खो अथवा छिन गया। लेकिन यह समझना जरूरी है कि इरादों की यह पवित्रता भी कभी-कभी बच्चों पर असहनीय आकांक्षा का बोझ बन जाती है। यह अपेक्षा अब इतनी सामान्य हो गई है कि उसकी उपस्थिति दिखती नहीं, लेकिन हर बच्चे की धड़कनों में गूंजती है।

आज अगर कोई बात सबसे अधिक ज़रूरी है, तो वह है यह समझना कि बच्चे केवल नंबर नहीं, अनुभव भी हैं। वे केवल प्रदर्शन की परियोजना नहीं, एक बनती हुई संवेदना हैं। उन्हें कोई एक दिशा देने से पहले समझना होगा- वे क्या सोचते हैं, क्या महसूस करते हैं। ठहराव और उलझन किसी भी यात्रा का अभिन्न अंग हैं - इन्हें विफलता की तरह नहीं, विकास की तरह देखना चाहिए। इन्हें कमजोरी की तरह नहीं, हिस्सेदारी की तरह देखा जाना चाहिए।

यह एक मौन आपातकाल है-जिसमें हर बच्चा 'ठीक है' कहता तो है, लेकिन भीतर कहीं न कहीं थका हुआ है। वह सिर्फ स्कूल में नहीं, घर में भी हर वक्त जांच की निगाहों में है। वक्त है चीज़ों को थोड़ा अलग देखने का-जहां स्कूल सिर्फ सिलेबस खत्म करने की जगह न हो, घर सिर्फ उम्मीदों से भरा एक कमरा न हो, और समाज हर बार यह पूछने से पहले कि बच्चा कहाँ तक पहुंचा, कभी यह भी पूछे कि वह कैसा महसूस कर रहा है। क्योंकि सबसे आगे निकल जाने की होड़ में अगर कोई चीज़ सबसे पहले गिरती है, तो वह सहजता होती है। और जो सबसे आखिर में चुपचाप पीछे छूट जाती है, वह होती है-बचपन।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### महिला से रुपये भरी पॉलीथिन छीन ले गया चोर

छजलैट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर एत्मादपुर निवासी कविता पत्नी छोटू निवासी मुंढा खेड़ी शुक्रवार को प्रथमा बैंक से समूह की रकम 6000 लेकर दो अन्य महिलाओं के साथ घर जा रही थीं। तभी रास्ते में एक बाइक सवार आया जो कि कविता से हाथ में ली हुई थैली जिसमें फोन और रुपये थे लूट कर भाग गया। पीड़िता का कहना है कि उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़िता ने थाना छजलैट पुलिस से चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### किशोरी से क्लीनिक संचालक ने की छेड़छाड़

बबराला, अमृत विचार : गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव में किशोरी से अश्लील हरकत और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता का कहना है कि घटना 10 जुलाई दोपहर 1 बजे की है। उनकी बेटी शिव मंदिर में जल चढ़ाकर घर लौट रही थी। तभी रास्ते में डॉ. धर्मेन्द्र ने किशोरी का रास्ता रोक लिया और क्लीनिक में खींचकर ले गया। वहां आरोपी ने छेड़छाड़ की और किशोरी ने विरोध किया और शोर मचाया, तो मारपीट की। धर्मेन्द्र ने किशोरी को धमकाया कि घटना की जानकारी किसी को दी तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़िता का पिता उसे लेकर कोतवाली पहुंचा और एफआईआर दर्ज कराई।

### पंजाब से मुगीश का शव घर लाए परिजन

बबराला, अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव सैंजना मुस्लिम गांव निवासी मोहम्मद मुगीश (25) की चार दिन पहले पंजाब में सड़क हादसे में मौत हो गई। मोहम्मद मुगीश, पुत्र अल्लाह महर, लुधियाना (पंजाब) के मच्छीवाड़ा इलाके में परिवार के साथ रहकर कबाड़े का काम करता था। 8 जुलाई को वह जुगाड़ ई-रिक्शा से कबाड़ा खरीदने निकला था। रास्ते में चमकौर साहिब नहर के पास वाहन ने उसके वाहन को टक्कर मार दी थी। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अगले दिन मृतक के साढ़ू अकरम को रास्ते में मुगीश का जुगाड़ वाहन खड़ा दिखाई दिया तो उसने मच्छीवाड़ा थाने जाकर जानकारी ली। पुलिस ने हादसे की पुष्टि की। साढ़ू को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# छात्रावास की अधीक्षिका के भ्रष्टाचार में निलंबन से विभाग में मची हलचल

## राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में अनियमितता की 7 जुलाई को छात्रों ने की थी शिकायत

लापरवाही पड़ी भारी

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद



डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास।

अमृत विचार: समाज कल्याण विभाग से संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास की अधीक्षिका प्रवेश कुमारी के घोटाले और भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित होने की जानकारी से शुक्रवार को विभाग में हलचल मच गई। उन पर 10 लाख के घोटाले की पुष्टि मेरठ मंडल के अधिकारी की जांच में होने के बाद मंत्री के आदेश पर शासन ने कार्रवाई की।

समाज कल्याण विभाग के छात्रावास के जीर्णोद्धार के बाद भवन के आरंभ के लिए 7 जुलाई को समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण मुरादाबाद आए थे। उनसे मिलकर छात्रों ने छात्रावास में अनियमितता की शिकायत की थी। जिसके बाद मंत्री ने मामले में जांच का आदेश दिया था। जांच रिपोर्ट में गबन के मामले सिद्ध होने पर अधीक्षिका पर निलंबन की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही विभाग में हड़कंप मच गया। पूरे दिन विभाग में इसकी चर्चा रही। हालांकि शुक्रवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार अवकाश पर थे। विभाग के लेखाकार रिजवान ने बताया कि प्रवेश कुमारी ने 2015-16 में मुरादाबाद समाज कल्याण विभाग के छात्रावास की अधीक्षिका का पदभार ग्रहण किया था। अनुसूचित जाति छात्रावास फेज वन के भवन जर्जर हालत में होने के कारण उसकी मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था के लिए कैमरे और छात्रों के बड़ी एलईडी समेत अन्य कार्य कराने के लिए निदेशालय से 10 लाख रुपये की धनराशि भेजी गई थी। अधीक्षिका ने हालांकि मार्च में ही दो फर्म कार्तिक और आर्ट लाइन कंपनी के बिल लगाकर 10 लाख की धनराशि निकाल ली थी। कार्य कराने से पहले निकाली गई धनराशि से तीन महीने तक कुछ नहीं कराया गया।

- संज्ञान लेकर जांच के बाद मंत्री के आदेश पर अधीक्षिका को शासन ने किया निलंबित

### ...आपके आने के चलते आनन फानन में मरम्मत कार्य किया शुरू

डॉ. भीम राव आंबेडकर छात्रावास के जीर्णोद्धार के बाद 7 जुलाई को भवन का उद्घाटन करने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण आए तो छात्रावास में रहने वाले छात्र कार्तिक, दीपक, संजीव और नितिन ने छात्रावास की दयनीय की हालत के बारे जानकारी दी। मंत्री असीम अरुण से कहा कि आपके आने के चलते आनन फानन में छात्रावास की मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। जिसके बाद मंत्री ने कार्यक्रम के बाद निदेशालय से मुरादाबाद अनुसूचित जाति के छात्रावास की मरम्मत के लिए दी गई धनराशि के बारे में जानकारी कर जांच टीम गठित की।

## तलाक देकर पत्नी को घर से निकाला

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की जिगर कॉलोनी निवासी महक पुत्री सलीम की शादी इसी साल 11 जनवरी को कटघर के रामपुर दोराहा निवासी मुर्शरत के साथ हुई थी। महक ने शुक्रवार को एसएसपी ऑफिस में दिए शिकायती पत्र में बताया कि शादी में मायके वालों ने लगभग पांच लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बावजूद ससुरालियों ने दहेज को लेकर ताना मारना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार उसकी दूसरी शादी थी, इसलिए वह सहती रही। सास नौकरों जैसा व्यवहार करती और खाना भी नहीं देती थी।

शिकायत पति से की तो उसने कहा कि तुझे मां की बात माननी पड़ेगी। मायके से डेढ़ लाख रुपये लाने से मना करने पर मारपीट की। मायके वालों ने किसी तरह कर्ज लेकर डेढ़ लाख रुपये दे दिए। इसके बावजूद सास ने उसके जेवर ले लिए। 30 जून को ससुरालियों ने मारपीट की। बाद में पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह मायके में है। एसएसपी ने सिविल लाइंस थाना प्रभारी को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

# तीन दिन देर से कार्यालय पहुंचे तो एक दिन का कटेगा वेतन

कार्यालय संवाददाता,शाहजहांपुर

अमृत विचार : डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की गई। इसमें राजस्व वाद, अंश निर्धारण, भूमि आवंटन एवं बिक्री कर वसूली मांग पत्रों की समीक्षा की गई। डीएम ने तहसीलवार जारी आरसी के सापेक्ष वसूली की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि राजस्व वसूली की गति को तेज किया जाए।

अंश निर्धारण लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण को लेखपालों के साथ समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए। निर्धारित समय सीमा के बाद कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए। तहसीलदारों को निर्देशित किया कि संबंधित भूमि को शीघ्र चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करें और समयबद्ध आवंटन सुनिश्चित करें।

31 जुलाई तक मत्स्य पालन एवं कुम्हारी कला के लिए तालाबों का शत-प्रतिशत आवंटन पूर्ण कर लिया जाए। सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में जनता की समस्याएं सुनें।

जो अधिकारी या कर्मचारी तीन दिन तक देर से कार्यालय पहुंचेगा, उसका एक दिन का वेतन काटा जाएगा। जनता दर्शन में दो बार के पश्चात यदि शिकायतकर्ता तीसरी बार डीएम कार्यालय पहुंचे, तो संबंधित अधिकारी विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। पैमाइश एवं कब्जे संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। 5 वर्ष एवं 3 वर्ष से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। बैठक में सीडीओ डा.अपराजिता सिंह, एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार व सभी एसडीएम मौजूद रहे।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद और अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


दोषी बालजीत।

अमृत विचार : न्यायालय एवं सत्र न्यायाधीश ने हत्या के मामले में दोषी को आजीवन कारावास व 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। मामला थाना धनारी के गांव कीरतपुर में मारपीट के दौरान आरोपी ने युवक को गोली मारकर हत्या कर दी थी।

जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने बताया कि थाना धनारी क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी ओमपाल ने 21 अगस्त 2021 को थाने में तहरीर दी थी कि गांव का बालजीत पुत्र बालिस्टर शराब पीकर तथा तमंचा लेकर हमारे घर के सामने रास्ते पर घूम रहा था।

उन्होंने व उसके पुत्र अशोक ने बालजीत से मना किया तुम शराब पीकर व तमंचा लेकर हमारे घर के सामने मत आया करो। इसी बात पर बालजीत हमसे रंजिश मानने लगा। 21 अगस्त 2021 की सुबह 11 बजे वह उनके 2 पुत्र बबलू व अशोक घर के साथ सामने खाली स्थान पर आपस में बातचीत कर रहे थे।

तभी बालजीत हाथ में तमंचे लेकर आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध किया तो आरोपी का भाई ज्ञान सिंह व पिता बालिस्टर भी आ गए। तभी बालजीत ने तमंचे से उनके पुत्र अशोक के सीने में गोली मार दी थी। गोली लगते ही अशोक लहूलुहान होकर गिर गया। वह गांव वालों की मदद से अपने पुत्र को बहजोई सीएचसी लेकर पहुंचा। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर संभल रेफर कर दिया। संभल ले जाते समय अशोक ने दम तोड़ दिया। उसी दिन दोपहर को पीड़ित पिता ओमपाल ने बालजीत, ज्ञान व बालिस्टर के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अपनी चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी थी। न्यायालय एवं सत्र न्यायाधीश ने बालजीत को हत्या के मामले में दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## गैंगस्टर एक्ट के दोषी को दो साल कारावास की सजा

मुरादाबाद, अमृत विचार: एडीजे-पांच निरंजन कुमार की अदालत ने शुक्रवार को गैंगस्टर एक्ट के मुलजिम सद्दाम हुसैन को दोषी करार देते हुए साल का सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बीती 27 फरवरी 2018 को कटघर थाने में इंस्पेक्टर एसपी सिंह की ओर से मझोला के मियां कॉलोनी निवासी सद्दाम हुसैन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई एडीजे पांच निरंजन कुमार की अदालत में चली। अदालत ने दोषी को दो साल की सजा और पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की धनराशि जमा करने पर दोषी को दस दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# 15 को होगी पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक पर दुष्कर्म मामले में सुनवाई

- नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता व मां पर भी हमले के लगे हैं आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मूंढापांडे के ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक पर आरोपों में वृद्धि संबंधी याचिका पर अब 15 जुलाई को सुनवाई को होगी। जबकि दुष्कर्म पीड़िता व मां पर हमला मामले में भी इसी कोर्ट में सुनवाई चल रही है। उधर, आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख की जमानत अर्जी पर सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

पॉक्सो कोर्ट में दुष्कर्म केस की सुनवाई चल रही है। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आरोप में वृद्धि से संबंधित याचिका दायर की गई। अदालत में सुनवाई न होने से अब 15 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। आरोप है कि केस में कचहरी से वापस लौटते समय पीड़िता व वादिनी पर जानलेवा हमला हुआ। विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए अदालत 14 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। जबकि पूर्व ब्लॉक प्रमुख से जुड़े मुख्य केस दुष्कर्म मामले में 15 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की गई है। गौरतलब है कि सिविल लाइंस में पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के खिलाफ नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था। अप्रैल 2023 में दर्ज पीड़िता की ओर से दर्ज मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायधीश पॉक्सो कोर्ट-प्रथम में सुनवाई चल रही है। उधर, आरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख की जमानत अर्जी पर सुनवाई 14 जुलाई को होगी।

# दुष्कर्म के दोषी बाल अपचारी को 20 साल की कैद, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी बाल अतिचारी को विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट दिनेश तिवारी ने 20 साल के कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि क्षतिपूर्ति के लिए पीड़िता को देने का आदेश दिया है। दो अन्य आरोपियों को किशोर न्यायालय से पहले ही सजा सुना दी है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार इस्लामनगर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि तीन अक्टूबर 2017 की दोपहर लगभग दो बजे उसकी बेटी कोचिंग पढ़कर गांव पुरदलपुर सुराही के पास शमशाम घाट के सामने से गुजर रही थी। इसी दौरान तीन नाबालिग मिले। उनमें से एक ने उनकी बेटी के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और धक्का दिया। वह जमीन पर गिर गई। तीनों नाबालिग उसे उठाकर पास में गन्ने के खेत में ले गए। तीनों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता बेहोश होकर गिर गई। आरोपी उसे मौके पर छोड़कर भाग गए। होश आने पर पीड़िता घर पहुंची और मां को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। न्यायालय में तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। उसके दो सहयोगियों को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है।

# शादी का झांसा दिया, फिर जहर देकर कर दी हत्या

- बहन ने प्रेमी पर लगाया आरोप सात नामजद आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- 8 जुलाई को युवती ने परिजनों को दी थी युवक के राजी होने की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में एक युवती की संदिग्ध हालात में मौत के मामले में मृतका की बहन की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस पुलिस को दी गई तहरीर में मृतका की बहन ने बताया कि उसकी बहन का पिछले चार वर्षों से एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। युवक लगातार उसे शादी का झांसा देता रहा। युवती पिछले कुछ महीनों से काशीपुर (उत्तराखंड) में एक निजी कंपनी में कार्यरत थी, जहां आरोपी उससे मिलने आता-जाता रहता था। आरोप है कि जब युवती ने युवक से शादी की बात की तो उसने 25 लाख रुपये की मांग करते हुए शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता की मां ने जब युवक के घरवालों से इस संबंध में बातचीत की तो उन्होंने कथित रूप से साफ कह दिया कि बिना 25 लाख रुपये के वह इकलौते बेटे की शादी नहीं करेंगे। इस बातचीत के दौरान युवक के परिजन और रिश्तेदारों ने पीड़िता की मां के साथ अभद्रता की। इसके बाद 8 जुलाई की सुबह युवती ने परिजनों को फोन कर बताया कि युवक शादी के लिए तैयार हो गया है और उसे मंदिर ले जाकर शादी करेगा लेकिन कुछ ही घंटों बाद युवती का दोबारा फोन आया, जिसमें वह रोती-बिलखती सुनाई दी और अपनी बिगड़ती हालत की जानकारी दी। उसने बताया कि मंदिर में प्रसाद के रूप में उसे जहरीली वस्तु दी गई, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन जब मुरादाबाद पहुंचे तो युवती सरकारी अस्पताल में भर्ती थी। डॉक्टरों ने संकेत दिए कि उसे कोई जहरीला पदार्थ दिया गया है। परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मामले में युवती की बहन की ओर से थाना सिविल लाइंस में सात नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिनमें युवक, उसके माता-पिता, बहनें और जीजा शामिल हैं। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत, जंगल में मिला शव

बिलारी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के बरौली रुस्तमपुर के जंगल में शुक्रवार की सुबह एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। काफी देर बाद मृतक की पहचान बिलारी क्षेत्र के भूड़ मोरेसी गांव निवासी ढोलक कलाकार के रूप में हुई। भूड़ मोरेसी गांव निवासी हरपाल(40) जागरण में ढोलक बजाता था और साउंड का काम करता था। परिजनों ने बताया कि वह क्षेत्र के ही बरौली रुस्तमपुर में शिव कुमार मौर्य के घर जाहरवीर बाबा के जागरण में ढोलक बजाने गया था। सीओ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि हरपाल शुक्रवार सुबह जंगल में शौच के लिए गया था मौके पर संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्र कराए। बताया कि दाहिने हाथ की कुछ उंगलियां काली पड़ी हुई है। जहां मृतक मिला है उससे 2 मीटर दूर पड़ोस के खेत में तारबंदी कराई गई है। जिसमें करंट प्रवाहित था संभवत करंट लगने से ही उसकी मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह पता चल पाएगी।

### सदर विधायक ने किया सीसी का लोकार्पण

बिसौली, अमृत विचार : विकासखंड वजीरगंज के ग्राम जमालपुर में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने सीसी का लोकार्पण किया। एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। कहा कि इस गांव में एक बारात घर भी बनाया जाएगा इसे लिए प्रयास जारी है। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जयपाल दिवाकर मंडल अध्यक्ष राघव सिंह चौहान, भाजपा युवा नेता राहुल वार्ष्णेय, नितिन सिंह, ब्लॉक प्रमुख पुत्र शिवम प्रताप एवं नितिन, अर्जुन,प्रधान जैनुद्दीन सैफी उपस्थित रहे।

### चार दिन से ठप विद्युत सप्लाई

इस्लामनगर, अमृत विचार : बिजली विभाग की मनमानी के चलते पिछले चार दिनों से एक गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। पेयजल का संकट पैदा हो गया है। गर्मी में महिला और बच्चों को भारी परेशानी हो रही है। पिछले दिनों बिजली विभाग की टीम ग्राम कुंदावली में बकाया वसूली को पहुंची थी। टीम ने एक बकाएदार का केबल काट कर डाल दिया था। केबल की चपेट में आने से सत्यवीर जाटव का तीन वर्षीय बच्चा करेंट की चपेट में आ गया। जिसके बाद ग्रामीणों से और बिजली विभाग की टीम के बीच कहा सुनी हो गयी। विवाद बढ़ने पर झुलसे बच्चे के परिजन थाने पहुंचे और बिजली विभाग की टीम के खिलाफ तहरीर दी। बच्चे को इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बच्चे को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों ने उसी दिन से सप्लाई बंद कर दी है।

### अवैध कब्जों को नहीं हटाया तो भाकियू करेगी आंदोलन

बिल्सी, अमृत विचार : भारतीय हलधर किसान यूनियन ने शुक्रवार को किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर एसडीएम को संबोधित दो सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार बदन सिंह यादव को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि क्षेत्र के गांव सुंदरनगर निवासी अनमोल पुत्र ओमकार सिंह की तीन बीघा भूमि गाटा संख्या-346/8 ग्राम परौली में है, जिस पर दबंगो द्वारा कब्जा कर लिया गया है। उक्त संबंध में पीड़ित अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहा तथा शिकायत भी कई बार दर्ज करा चुका है। किंतु प्रशासन द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया है। उक्त भूमि को शीघ्र दबंगों से कब्जा मुक्त कराया जाए। इसके अलावा बिल्सी नगर में निर्माणाधीन रोडवेज बस स्टैंड के निकट गाटा संख्या 173 श्रेणी तीन भूमि पर भी दबंगों ने अवैध कब्जा कर दुकानों को निर्माण कर लिया है। उक्त भूमि को कब्जा मुक्त करने के लिए पूर्व में नगर पालिका बिल्सी को कब्जा मुक्त करने के आदेश दिए जा चुके है। बावजूद इसके अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई है। यूनियन के जिलाध्यक्ष राहुल सोलंकी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र दोनों समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं किया गया तो यूनियन तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन को विवश होगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी।

### बारिश ने बढ़ाई मुश्किल, जलस्तर बढ़ना शुरू

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ना कम होना जारी है। इससे पूर्व में बाढ़ग्रस्त रहे गांवों में बाढ़ का खतरा सताने लगा है। शुक्रवार को गंगा नदी कछला घाट का जलस्तर स्थिर रहा। गंगा नदी भैंसार ढ़ाईघाट तटबंध का जलस्तर प्लस 0 .20 बढ़ा। रामगंगा नदी चौबारी घाट जलस्तर माइनस 0 .15 घटा है। रामगंगा नदी डबरी घाट प्लस 0 .08 मीटर बढ़ा है, जबकि गर्रा नदी अजीजगंज का जलस्तर स्थिर है और खन्नौत नदी लोदीपुर जलस्तर माइनस 0 .25 मीटर घटा हुआ दर्ज किया गया है। वहीं नरौरा बैराज से गंगा नदी में 74661 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। दियूनी से गर्रा नदी में भी 2836 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से शहर के साथ आसपास गांवों वालों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है। उधर, सिंचाई विभाग के कन्ट्रोल रूम जारी दैनिक जलस्तर रिपोर्ट पर आपदा प्रबंधन कन्ट्रोल रूम के साथ साथ अधिकारी भी नजर बनाए हुए हैं।

### सड़क दुघटना में दो लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : तेज रफ्तार आयशर कैंटर चालक ने ब्रेजा कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा परमपुर माफी निवासी रनवीर सिंह और मनोज कुमार रिश्तेदार महेश सिंह निवासी दौलतपुर तिगरी थाना डिलारी के घर से गुरुवार रात ब्रेजा से लौट रहे थे। रात करीब 10 :50 बजे रानी नांगल शिव मंदिर के पास पहुंचे, तभी सामने से तेज गति से आ रहे ओवरलोड आयशर कैंटर ने गलत दिशा में आकर उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गाड़ी में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाला। मौका पाकर आरोपी चालक फरार हो गया।

# ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीणों को बिजली संकट से जूझना पड़ा

रौसर कोठी, अमृत विचार : ग्राम चौढेरा रौसर कोठी के ग्रामीण इन दिनों बिजली संकट से जूझ रहे हैं। गांव में स्थित ट्रांसफार्मर के खराब होने से बीते कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे ग्रामीणों की दिनचर्या और जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने के बाद से न सिर्फ घरों में अंधेरा पसरा है, बल्कि खेती-बाड़ी, पशुपालन और पानी की आपूर्ति जैसी मूलभूत जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार बिजली विभाग से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आक्रोश तब और बढ़ गया जब उन्होंने विभागीय कर्मचारी सुशील पर ट्रांसफार्मर की मरम्मत के बदले रुपयों की मांग करने का आरोप लगाया। लोगों का कहना है कि उन्होंने समस्या को लेकर जब कर्मचारी से संपर्क किया, तो उसने बिना पैसे लिए काम करने से मना कर दिया।


ग्राम चौढेरा रौसर कोठी में ट्रांसफार्मर के निकट जमा ग्रामीण। • अमृत विचार

ग्रामवासियों का कहना है कि एक ओर वे बिजली कटौती और गर्मी से परेशान हैं, वहीं दूसरी ओर विभाग के कर्मचारी घूस मांगकर सरकारी व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। गांववालों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई और दोषी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन का रुख अपनाने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से अपील की है कि इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लें और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को राहत मिल सके और विभाग की छवि पर प्रश्नचिन्ह न लगे।

# डिजिटल अरेस्ट कर ठगने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : एसओजी और साइबर क्राइम टीम ने डिजिटल अरेस्ट कर फिनटैक साइबर ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी लोकसेवक बनकर भय दिखाकर 27 लाख 09 हजार 985 रुपये ठग ने अपने खाते में डलवा कर ठग लिए थे।

साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि 04 जुलाई को अरुण कुमार अवस्थी को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर फर्जी लोक सेवक बनकर डारा धमकाकर 27 लाख 09 हजार रुपये 985 रुपये अपने खाते में डलवा लिए थे। जिसका मुकदमा अज्ञात में दर्ज किया गया था। विवेचना में पाया गया कि व्हाट्सअप पर विभिन्न एजेंसियों के अधिकारी का पद धारण कर अरुण कुमार को व्हाट्सएप वीडियो काल पर डिजीटल अरेस्ट कर लिया गया था। जिसके बाद ठगों द्वारा जमानत व सारे लगाए गए आरोपों से बरी करने नाम पर रुपये ठग लिए थे। पुलिस ने शुक्रवार को रोजा क्षेत्र बरनई तिराहे के निकट अभियुक्त मुकुल चौहान निवासी पंतजिया थाना गौगवा जिला अमरोहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक मोबाइल फोन और 210 रुपये बरामद किए है। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

फिनटैक साइबर फ्रांड एक आधुनिक डिजिटल धोखाधड़ी है, जिसमें ठग वित्तीय तकनीक प्लेटफार्म्स जैसे मोबाइल वालेट, यूपीआइ ऐप, डिजिटल लोन सेवाओं आदि का दुरुपयोग करते है। साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करके अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। टीम में उप निरीक्षक लोकेंद्र सिंह, सिपाही केशव पाल, पुष्पेंद्र कुमार शामिल रहे।

## होली विवाद में हत्या के दोषियों को 10-10 साल की सजा

शाहजहांपुर, अमृत विचार: जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम झौहना में होली के दौरान ढोल बजाने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मृत्यु के मामले में तीन आरोपियों को 10-10 वर्षों की कठोर सजा और 50100 रुपये का कुल जुर्माना अदा करने की सजा कोर्ट ने सुनाई है।

यह फैसला एडीजे/एफटीसी द्वितीय न्यायालय ने दिया है। वर्ष 2019 में होली के दिन जलालाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम झौहना में ढोल बजाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपीगण ने लाठी-डंडों से वादी के भाई व परिजनों पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। पुलिस ने चार्जशीट कोर्ट में भेज दी थी। अब अदालत ने प्रभुदयाल, जोगेन्द्र और धनीराम निवासी ग्राम झौहना, थाना जलालाबाद को दोषी पाते हुए प्रत्येक आरोपी को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास व प्रत्येक पर 50,100 रुपये का जुर्माना लगाया है।

## एक नजर

### निगरानी : इज्जतनगर मंडल में 34 रेलवे क्रॉसिंग पर लगे कैमरे

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे ट्रैक की निगरानी के लिए इज्जतनगर मंडल की 34 क्रॉसिंग पर उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए गए हैं। दरअसल, कुछ समय पहले पूर्वोत्तर रेल प्रशासन ने मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग पर सभी मंडलों को कैमरे लगाने के निर्देश दिए थे। इज्जतनगर मंडल ने 34 क्रॉसिंग पर कैमरे लगा दिए हैं। इन कैमरों के माध्यम से न केवल मानवरहित क्रॉसिंग पर हो रही गतिविधियों पर नजर रखी जा सकेगी, बल्कि दुर्घटना या नियमों के उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्रवाई भी संभव होगी। फुटेज की रिकॉर्डिंग से दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण करना और भविष्य की रोकथाम की दिशा में ठोस कदम उठाना भी आसान होगा। रेल अफसरों के अनुसार भविष्य में बाकी क्रॉसिंग पर भी कैमरे लगाए जाएंगे।

### 14 को डाक घर का काम रहेगा बाधित

**बरेली, अमृत विचार :** डाक घरों में 14 जुलाई को आईटी 2.0 एप्लीकेशन का रोल आउट लागू किया जाएगा। प्रवर अधीक्षक डाकघर अखिलेश कुमार के अनुसार प्रगतिशील डिजिटल प्लेटफार्म को एक निर्बाध और सुरक्षित तरीके से लागू करने के लिए 14 जुलाई का दिन तय किया गया है। इस दिन अगली पीढ़ी की एपीटी एप्लिकेशन डाक घरों में लांच की जाएगी, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक बड़ी छलांग होगी। इसी के चलते 14 जुलाई को डाउन टाइम निर्धारित किया है, जिससे डाकघरों में कोई लेन-देन नहीं हो सकेगा।

### कार के शीशे तोड़ कर चोरों ने पार किया सामान

**बरेली, अमृत विचार :** सेटेलाइट चौकी क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर खुशी भोजनालय ढाबे पर खाना खाने आए एक कंपनी मैनेजर की कार के शीशे तोड़कर चोरों ने लैपटाप समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना बारादरी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिव गार्डन कालोनी, डोहरा रोड निवासी आयुष गुप्ता ने बताया कि वह हैवल्स कंपनी में एरिया मैनेजर हैं। 3 जुलाई की शाम 7 बजे खाना खाने के लिए खुशी भोजनालय पर आए थे। खाना खाने के बाद वापस कार के पास आए तो देखा कि कार के शीशे टूटे हुए थे। जिसमें से तीन चार्जर, आईफोन, लैपटप, दो मोबाइल फोन समेत जरूरी दस्तावेज चोरी थे। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

# सावन में थी खुराफात की योजना, 5 पर गैंगस्टर

## बरेली पुलिस ने जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर आबिद के बेटे और भाइयों के खिलाफ भी की गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली/सीबीगंज

**अमृत विचार :** सीबीगंज थाना क्षेत्र में कई वर्षों से खौफ का पर्याय बने हिस्ट्रीशीटर आबिद अली समेत पांच लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। जेल में बंद आबिद वहीं से गैंग को संचालित कर रहा है। इन सबकी योजना सावन माह में कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी खुराफात करने की थी। इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार सिंह ने आबिद अली को गैंग लीडर बनाते हुए उनके भाई और बेटे समेत गिरोह में चार सदस्यों को शामिल किया है। मौजूदा समय में हिस्ट्रीशीटर आबिद जेल में बंद है। वहीं, पुलिस ने शुक्रवार को अमीर शाह और भाई वाजिद अली को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सीबीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम कांवड़ यात्रा के दौरान इलाके में गश्त कर रही थी। इसी बीच कुछ स्थानीय लोगों ने इस गिरोह की जानकारी दी। जांच में सामने आया कि अटरिया गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर आबिद अली अपने भाई वाजिद अली, नासिर अली, बेटे सोहिल अली और अमीर शाह के साथ मिलकर संगठित गिरोह चला रहा था। ये लोग इलाके में दबंगई, मारपीट, धमकी, रंगदारी और हमला कर सीधे साधे लोगों से रंगदारी मांगते हैं।

पुलिस के अनुसार आबिद हत्या के प्रयास के मामले में पहले से ही जेल में बंद है। जो गिरोह को जेल से चला रहा है। पुलिस की जांच में यह भी सामने आया था कि गिरोह के लोग सावन माह में कांवड़ के दौरान बवाल करने की फिराक में हैं और यह क्षेत्र में दहशत फैलाने का काम कर रंगदारी वसूलते हैं। सूचना के बाद सक्रिय हुई सीबीगंज पुलिस ने गुरुवार की रात हिस्ट्रीशीटर के भाई वाजिद अली और अमीर शाह को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया।




गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा। • अमृत विचार

- हिस्ट्रीशीटर आबिद मौजूदा समय जेल में, भाई समेत दो को भेजा जेल
- आबिद जेल से संचालित कर रहा गिरोह, धमकाकर वसूलते थे रंगदारी

> हत्या-लूट समेत 34 आपराधिक मुकदमे के आरोपी हिस्ट्रीशीटर समेत पांच बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। अपराध करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सभी बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।
> 
> -अनुराग आर्य, एसएसपी

### आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त, तलाश शुरू

सीबीगंज पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ गैंग चार्ट तैयार किया। एसएसपी अनुराग आर्य ने हरी झंडी दिखाते हुए उसे मंजूरी के लिए जिलाधिकारी को भेजा। डीएम की अनुमति के बाद थाना प्रभारी ने सभी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। सीबीगंज थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि गिरोह की गतिविधियां इलाके में लगातार बढ़ रही थीं। गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### हिस्ट्रीशीटर को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हिस्ट्रीशीटर आबिद अली ने अपनी जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी, लेकिन कोर्ट ने उसे हिस्ट्रीशीटर मानते हुए याचिका खारिज कर दी। गिरोह के लोग बाहर रहकर लगातार अपराध कर रहे थे। इसे देखते हुए पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई कर शिकंजा कसा है। गैंग के सरगना आबिद अली पर हत्या-लूट, रंगदारी समेत संगीन धाराओं में 34 आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। साथ ही हिस्ट्रीशीटर है।

# पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर ने पुलों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली, बदायूं और शाहजहांपुर में 500 मीटर और इससे अधिक लंबाई वाले पुलों की जांच की
- एसई और एक्सईएन ने भी किया निरीक्षण, दावा- अब तक जांच में कही नहीं मिली कोई कमी

**अमृत विचार:** गुजरात के वडोदरा में पुल ढहने की घटना के बाद अफसर अलर्ट मोड पर हैं और पुल व पुलियों का निरीक्षण शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने शुक्रवार को छह पुलों का निरीक्षण किया। वहीं, एक्सईएन आदि ने भी सात पुलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दावा किया कि जिन पुलों का निरीक्षण किया गया है, उनमें किसी में भी कोई बड़ी कमी नहीं मिली है।

चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि बारिश के सीजन में हर साल पुलों का सेफ्टी ऑडिट कराया जाता है। गुजरात हादसे को लेकर सतर्कता और बढ़ा दी गई है। 50 वर्ष पुराने सभी पुलों की सूची तैयार करने के साथ ही बरेली मंडल के चारों जिलों में इंजीनियरों ने जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर में 500 मीटर लंबा कोलाघाट पुल, बदायूं के रामगंगा नदी पर बना 650 मीटर लंबा मूड़ा पुख्ता पुल, बदायूं-दातागंज मार्ग पर खेड़ा बझेड़ा में बना 1100 मीटर लंबा पुल, गढिया रंगीन रोड से लाभारी के बीच बना 577 मीटर लंबा पुलों का निरीक्षण किया है। इसके अलावा बरेली में 500 से 525 मीटर लंबाई के दो पुलों का निरीक्षण किया।

इनमें मीरगंज-आंवला के बीच गुलड़िया में रामगंगा नदी पर बना पुल और शिवपुरी-मदनापुर के बीच कैलाशमढ़ी के पास रामगंगा नदी पर बना पुल हैं। मंडल के सभी एसई और एक्सईएन भी पुलों का निरीक्षण करने में लगे हैं। चीफ इंजीनियर के मुताबिक अब तक जितने भी पुलों की जांच हुई। वह सब ठीक मिले हैं। इन पुलों से कोई खतरा महसूस नहीं हुआ है।

# जमीन दिलाने के नाम पर 23.50 लाख रुपये हड़पे, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आरोपी दोनों भाइयों ने रुपये लेकर रिश्तेदारों के नाम कर दी जमीन
- थाने में दोनों पक्षों की पंचायत में रुपये वापस करने से किया इनकार

**अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र में युवक से जमीन दिलाने के नाम पर 23 लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पड़ोसी और उसके छोटे भाई ने पहले खेत दिखाया, फिर रिश्तेदारों को रजिस्ट्री कर दी। रुपये वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना क्षेत्र के रामपुर गार्डन हाइडिल कॉलोनी निवासी अमन रघुवंशी ने बताया कि उसने अपनी बहनों शिवानी वर्मा, प्रिया वर्मा और कोमल वर्मा के साथ मिलकर 7 मार्च 2019 को बदायूं के श्रीराम नगर कॉलोनी में स्थित मकान 19 लाख रुपये में बेचा था। इसके बाद रामपुर गार्डन निवासी विश्वजीत सिंह और उनके भाई अजीत सिंह ने उन्हें बिथरी चैनपुर क्षेत्र में खेत दिखाया और कहा कि इसमें आगे चलकर प्लाटिंग की जाएगी। उन्होंने खेत का सौदा 28 लाख रुपये में तय किया। आरोप है कि उसने 27 फरवरी 2019 को एक चेक से 4.50 लाख और 8 मार्च को एक और चेक से 8 लाख रुपये विश्वजीत सिंह को दिए। इसके अलावा अजीत सिंह को उसी दिन 11 लाख रुपये नकद दिए गए।

आरोप है कि इसके बाद दोनों भाइयों ने वह जमीन अपने रिश्तेदारों के नाम बैनामा करवा दी और अमन को आश्वासन दिया कि कहीं और जमीन दिला देंगे। कई बार कहने के बावजूद न तो कोई दूसरी जमीन दिलाई गई और न ही रुपये वापस किए गए। आरोपियों से जब भी रुपये मांगने गए तो गालीगलौज की गई। आरोप है कि दोनों भाइयों जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने 15 अप्रैल को कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया, लेकिन विश्वजीत और अजीत सिंह ने साफ इनकार कर दिया कि वह कोई पैसा नहीं लौटाएंगे। मामले में एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पार्सल भेजने के बहाने 17 हजार की ठगी

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र में एक युवक से साइबर ठगों ने पार्सल भेजने के नाम पर 17 हजार रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

नकटिया स्थित मारिया मीट फैक्ट्री में कार्यरत राशिद ने बताया कि 14 मई की शाम 5 बजे उसे एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उसके नाम का जम-जम एयरपोर्ट से मुम्बई हेड क्वार्टर के लिए एक पार्सल आया है।

पार्सल में आईफोन, रुपया समेत अन्य सामान है। उन्हें पार्सल भेजने की बदले में ऑनलाइन रुपये भेजने होंगे। ठग ने झांसे में लेकर 17 हजार रुपये की ठगी कर ली। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डिजिटल अरेस्ट करने वाले ठग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे थे 1.29 करोड़ रुपये
- मिर्जापुर के रहने वाले हैं दोनों ठग चार भेजे जा चुके जेल

**अमृत विचार :** खुद को सीबीआई अधिकारी बता कर भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) से सेवानिवृत्त वैज्ञानिक शुकदेव नंदी को डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मीरजापुर के थाना जमालपुर निवासी दीपू पाण्डेय और शुभम यादव के रूप में हुई है। पुलिस को दोनों से एक आई फोन, एक एंड्राइड फोन और तीन एटीएम कार्ड बरामद हुए हैं। इस मामले में पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

सेवानिवृत्त वैज्ञानिक को 16 जून को अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल और वीडियो कॉल की गई थी। कॉल करने वालों ने खुद को सीबीआई और बेंगलुरु पुलिस का अधिकारी बताया था और साथ ही कहा था कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल फर्जी सिम खरीदने और ह्यूमन ट्रैफिकिंग-जॉब फ्रॉड जैसे गंभीर मामलों में किया गया है। गिरफ्तारी का डर दिखाकर उन्हें '''''''डिजिटल अरेस्ट'''''''' में लेने की धमकी दी गई और कहा गया कि केस से बचने के लिए फौरन ऑडिट कराना होगा। ऑडिट के नाम पर तीन अलग-अलग खातों में 1.29 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। रुपये मिलते ही गिरोह ने उसे 125 अलग-अलग खातों में घुमाया और फिर क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर अपने वॉलेट्स में भेज दिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह के सदस्य अलग-अलग खाताधारकों से कमीशन पर बैंक खाते लेते हैं। ठगी के शिकार लोगों से वसूली गई रकम इन्हीं खातों में ट्रांसफर की जाती है। फिर रकम को दर्जनों खातों में ट्रांसफर कर छिपाया जाता है और आखिर में पूरी रकम क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर गिरोह के डिजिटल वॉलेट्स में भेज दी जाती है। इस गिरोह के लोग दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, मध्यप्रदेश, राजस्थान और यूपी जैसे राज्यों में फैले हैं। पुलिस इस मामले में पहले चार आरोपियों सुधीर कुमार चौरसिया, रजनीश द्विवेदी, श्याम कुमार वर्मा और महेंद्र प्रताप को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने बताया कि साइबर ठगी से बचने का मात्र उपाय जागरूक और सतर्क रहना है।

# 35 गांव भी भरेंगे बीडीए का खजाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गांव प्राधिकरण में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद जल्द अधिसूचना जारी होने की संभावना

**अमृत विचार :** जल्द ही बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) का दायरा गांव तक भी पहुंचने वाला है। जिले के 35 गांव अब बीडीए के कार्य क्षेत्र में शामिल होंगे। हालांकि इन गांव में बीडीए के स्तर से कई विकास कार्य भी कराए जाएंगे इसके साथ ही इन गांवों से बीडीए को राजस्व भी मिलेगा। इन गांवों को शामिल करके क्षेत्र विस्तारित करने की कवायद बीडीए ने शुरू कर दी है।

बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की महायोजना की मंजूरी के साथ ही इन 35 गांवों को भी इसमें शामिल करने की स्वीकृति शासन स्तर से दे दी गई है। शासनादेश जारी होने में देरी से बीडीए इन गांवों में विकास कार्य नहीं करा पा रहा है। बीडीए अफसर जल्द ही शासन से अधिसूचना जारी होने की संभावना जता रहे हैं।

> महायोजना के अंतर्गत ही 35 गांवों को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली है, इससे गांव में कई विकास कार्य भी प्रस्तावित हैं। शहर में हो रहे विकास की तरह यहां कार्य होंगे।
> 
> - डॉ. मणिकंडन ए, वीसी, बीडीए

**इन गांवों को किया गया शामिल**

अफसरों के अनुसार, लहवरी, भगवतीपुर, कमुआ कलां, नरोत्तम नगला, भीकमपुर माफी, अखा एहतमाली, अखा मुस्तकिल, कोहनी परतापुर, मजनूपुर, भोजपुर, रफियाबाद, कैमुआ, सरदार नगर, चाढ़पुर, आलमपुर जाफराबाद, नवदिया, बढ़रई कुइयां, मिलक मंशारामपुर, वाहनपुर, दहलऊ, समोची, खमरिया, वाहनपुर, जेड़, मेगीनगला, गौसगंज सराय, नौगवां, उदयपुर मोहनलाल, सराय पट्टी सब्दलपुर, सरकड़ा, इनायतपुर, मकसूदनपुर, रसुइया, नवदिया देहा जब्ती, मटिया नगला गांव बीडीए में शामिल होंगे।

### बीडीए का बढ़ेगा राजस्व, गांवों में होगा विकास

दरअसल, बीडीए के क्षेत्र में शामिल होने के बाद इन 35 गांवों में नया निर्माण कराने से पहले बीडीए से नक्शा पास करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही जो भी पुराने भवन बने हुए हैं इनकी कंपाउंडिंग भी करानी होगी, लेकिन इसके साथ ही ग्रामीणों को भी इसका काफी फायदा होगा। बीडीए के स्तर से शहरी मानकों के अनुसार सड़कें, पार्क और सौंदर्यीकरण समेत अन्य विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

### यात्री सुविधाओं व संरक्षा के कार्यों को परखा

**बरेली, अमृत विचार:** मुरादाबाद मंडल के रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने शुक्रवार को मुरादाबाद से रोजा रेलखंड तक निरीक्षण किया। उन्होंने बरेली, शाहजहांपुर और रोजा स्टेशनों पर यात्रियों को मिल रहीं सुविधाओं और चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

निरीक्षण की शुरुआत कठघर स्टेशन से हुई, जहां उन्होंने तौल पुल के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीआरएम ने मूंढापांडे-दलपतपुर के बीच सेस रिपेयर कार्य का निरीक्षण किया। बरेली स्टेशन यार्ड में उन्होंने पॉइंट क्रासिंग एवं रेग पेकिंग कार्यों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। प्लेटफॉर्म्स, बुकिंग कार्यालय, हिंदी लाइब्रेरी और सर्कुलेटिंग एरिया का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं को परखा। रेल कोच रेस्टोरेंट का भी निरीक्षण किया।

### कॉलेज के मेनगेट का तोड़ा ताला, मैदान से निकाली कार

**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान का मेन गेट का ताला तोड़कर कार सवार दो युवक बुधवार को घुस गए। इसके बाद धमकी देते हुए बाहर चले गए। कॉलेज के प्रधानाचार्य ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान में इन दिनों बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य चल रहा है। मैदान का बिहारीपुर पुलिस चौकी के सामने वाला गेट विद्यालय के समय के बाद बंद कर दिया जाता है। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे मैदान परिसर के पूर्वी गेट के पास की कॉलोनी निवासी निक्की और तोसी कार लेकर आए लेकिन गेट बंद मिला। इसके बाद दोनों युवक छोटे गेट से अंदर घुसे और ईंट से मेनगेट का ताला तोड़ने लगे। विद्यालय के चौकीदार मजहर खां मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद मजदूरों के साथ मिलकर युवकों को रोकने का प्रयास किया लेकिन दोनों युवक उग्र हो गए और चौकीदार और मजदूरों से गालीगलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी भी दी। इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कांवड़ियों के स्वागत को प्रशासन तैयार, स्वागत को छह द्वार बनाए

**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्जपदीय सीमाओं से जनपद में आने वाले कांवड़ियों के स्वागत के लिए जिला प्रशासन तैयार है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देशन में सभी हाईवे पर स्वागत द्वार और भंडारा पंडाल लगाए गए हैं। पंडालों में कांवड़ियों के बैठने, खान-पान, रुकने, पीने के पानी, साफ-सफाई, मोबाइल चार्जिंग, टॉयलेट और शौचालय की सुविधा मिलेगी। कांवड़ियों को कोई दिक्कत न हो, इसके मद्देनजर 123 प्रमुख स्थलों पर 62 नोडल अधिकारी बतौर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। श्रावण मास में कांवड़िये हरिद्वार, कछला और अन्य पवित्र स्थलों से गंगा जल लाकर जनपद के प्रमुख शिव मंदिरों तपेश्वर नाथ मंदिर, मढ़ीनाथ मंदिर, अलखनाथ मंदिर, धोपेश्वर नाथ मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर, वनखंडी नाथ मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर, सिद्ध गोपाला बाबा, प्राचीन महाकालेश्वर मंदिर मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड, बरेली

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 946/सिं0ख0ब0/निविदा/ दिनांक 06.06.2025 के द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 02/अ0अ0/सि0ख0ब0/2025-26, विभिन्न समाचार पत्रो में प्रकाशित की गई थी। उक्त निविदा के लॉट नं0 01 से 04 तक ई-निविदा प्रपत्र दिनांक 16.06.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 23.06.2025 दोपहर 3:00 बजे तक डाउनलोड/आपलोड एवं दिनांक 23.06.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित एवं दिनांक 23.06.2025 को समय 3:30 बजे ऑनलाइन खोली जानी थी, में संशोधन करते हुए, अब समस्त निविदाएं दिनांक 11.07.2025 को प्रातः प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16.07.2025 दोपहर 3:00 बजे तक डाउनलोड/आपलोड एवं दिनांक 16.07.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित कर, समस्त निविदाएं नामित समिति द्वारा दिनांक 16.07.2025 को समय 3:30 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी।

निविदा की शर्ते एवं नियम पूर्व की भांति ही रहेंगे।

UP – 235893 **दिनांक:** 10/07/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड,बरेली



## कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, बरेली

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक : 131/मु.अभि./नि.वि./2025-26 दिनांक 11.07.25

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं.-3890/नौ -5 -149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के अनुपालन में ठेकेदारों से निर्माण कार्यो हेतु निविदायें टू बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। ई-निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई - प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है।

| प्रथम बार ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं. 01 से 14 तक) | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 17.07.2025 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 17.07.2025 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 06.08.2025 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 06.08.2025 - (04:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

कार्यो का विवरण, नियम व शर्ते नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**मुख्य अभियन्ता**
**नगर निगम, बरेली**


**प्रवेश पत्र जारी** | एलएलबी में बरेली कॉलेज में एक सीट के लिए नौ से अधिक छात्र

# एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षा 15 को

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड प्रवेश परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। एलएलबी और एलएलएम की परीक्षा 15 जुलाई को सुबह 9 से 10:30 बजे और एमएड की दोपहर 1 से 2:30 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए सात केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें विश्वविद्यालय परिसर में तीन और बरेली कॉलेज में चार केंद्र हैं। पहले परीक्षा 8 जुलाई को होनी थी लेकिन बाद में इसे एक सप्ताह बढ़ा दिया गया था।

परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए शुक्रवार को प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर डाउनलोड कर सकते हैं। तीनों पाठ्यक्रमों की करीब एक हजार सीट के लिए 4256 आवेदन आए हैं, जिसमें सबसे अधिक एलएलबी के हैं। एलएलबी में सिर्फ बरेली कॉलेज की 320 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा हो रही है। इसके लिए 2869 आवेदन आए हैं। इसके अलावा एलएलएम की विश्वविद्यालय परिसर की 300 और एसएस कॉलेज शाहजहांपुर की 20 यानी 320 सीटों के लिए 996 आवेदन और एमएड की विश्वविद्यालय परिसर की 50 सीटों के लिए 391 आवेदन आए हैं।



- तीनों पाठ्यक्रमों की करीब एक हजार सीटों के लिए 4256 आवेदन

### बीकॉम ऑनर्स की मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को प्रवेश का मौका

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने बीकॉम ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर की पहली और दूसरी मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को प्रवेश का एक मौका दिया है। विद्यार्थियों को 12 जुलाई को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक विभाग में आकर प्रवेश लेना होगा।

### अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने दूसरी मेरिट जारी की

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय ने स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए दूसरी मेरिट जारी कर दी है। बीए, बीएससी गणित और जीव विज्ञान और बीकॉम की मेरिट में शामिल छात्राओं को 12 से 14 जुलाई तक महाविद्यालय में सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रवेश लेना होगा। प्रवेश समिति की ओर से जारी द्वितीय मेरिट के अनुसार बीएससी जीव विज्ञान की कटऑफ सामान्य-67.8 प्रतिशत, ओबीसी-63.4 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस-सभी, अनुसूचित जाति-जनजाति-सभी, बीए-सामान्य वर्ग-47 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस, ओबीसी और अनुसूचित जाति-जनजाति-सभी, बीएससी गणित और बीकॉम की सामान्य, ओबीसी, एससी-एसटी व ईडब्ल्यूएस-सभी को शामिल किया गया है। छात्राएं साक्षात्कार के लिए जरूरी प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित अवधि में प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित हों। छात्राएं साक्षात्कार के समय उपर्युक्त समस्त अभिलेखों की मूलप्रति एवं एक छायाप्रति का सेट लेकर आएं। छात्राएं साक्षात्कार के बाद तुरंत ऑनलाइन महाविद्यालय की वेबसाइट पर शुल्क जमा करें। शुल्क जमा करने पर ही प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी। महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष (बीए/बीएससी/बीकॉम) में प्रवेश की इच्छुक छात्राओं को सूचित किया जाता है कि बीए/बीकॉम/बीएससी (गणित वर्ग) प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए सभी वर्गों में और बीएससी जीव विज्ञान में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग और ईडब्ल्यूएस में आवेदन पत्र 14 जुलाई दोपहर 12 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा किए जाएंगे। सीटों की उपलब्धता के आधार पर छात्राओं को प्रवेश का अवसर दिया जाएगा।

## एक नजर

### मिर्जापुर, सोनभद्र व भदोही बनेंगे ग्रामीण पर्यटन केंद्र


**अमृत विचार, लखनऊ :** मिर्जापुर अब ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में पहचाना जाएगा, गांवों का आर्थिक परिदृश्य बदलने के लिए पर्यटन विभाग ने योजना तैयार की है। योजना के तहत मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही के चयनित गांवों को ग्रामीण और कृषि पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह योजना पांच चरणों में लागू की जाएगी, पहले चरण में आठ गांवों को चुना गया है। इन गांवों में स्थानीय संस्कृति, शिल्प और आजीविका को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन को एक माध्यम बनाया जाएगा। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मिर्जापुर में शुरू हो रही योजना अंतर्गत हर गांव में एक स्थानीय समन्वयक होगा, जिसे जिला और राज्य स्तर की टीमों का सहयोग मिलेगा। प्रत्येक गांव में कम से कम चार होमस्टे बनाए जाएंगे।

# भाजपा संगठन में फिर नई पारी शुरू कर सकते हैं केशव मौर्य

## राज्यपाल से मिलने के पीछे उप मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने की अटकलें, शीर्ष नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष के लिए मनाया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार और भाजपा संगठन में फेरबदल की उलटी गिनती शुरू हो गई है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जल्द की सरकार से बड़ा संगठन के अपने बयान को साकार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी दूसरी बार संभाल सकते हैं। हालांकि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की जुगत लगा रहे थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश पर गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें यूपी संगठन के मुखिया बनने के लिए लगभग मना लिया है। राज्यपाल से शुक्रवार को मुलाकात के पीछे भी बदलाव के निहितार्थ निकाले जा रहे हैं।



राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात के दौरान पुस्तक भेट करते उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य।

भाजपा सूत्रों के अनुसार, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। पार्टी नेतृत्व उन्हें उत्तर प्रदेश भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाने की तैयारी कर रहा है। कहा जा रहा है कि केशव मौर्य शुरू में प्रदेश अध्यक्ष पद संभालने को लेकर इच्छुक नहीं थे, लेकिन हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद उन्होंने अपनी सहमति दे दी है।

### मंत्रिमंडल में कौन लेगा मौर्य की कुर्सी

योगी मंत्रिमंडल में फेरबदल का मामला लंबे समय से टलता आ रहा है, अब केशव की नई ताजपोशी के साथ बदलाव तय है। लेकिन केशव प्रसाद मौर्य की उप मुख्यमंत्री की कुर्सी पर किसे बैठाया जाएगा, यह बड़ा सवाल है। फिलहाल भाजपा इसके जवाब में केंद्रीय नेतृत्व पर आश्रित है। वर्तमान मंत्रिमंडल में कोई ऐसा चेहरा किसी को नजर नहीं आ रहा है, जिसे फौरी तौर पर मौर्य का उत्तराधिकारी मान लिया जाए। मौर्य का कद कभी पार्टी में सीएम योगी से बड़ा था, लेकिन मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी ने अपनी ईमानदारी, कर्मठता, विकास और इससे भी बड़ा प्रबल हिंदुत्व के चेहरे से न सिर्फ यूपी में बल्कि देशभर में मोदी को टक्कर देते दिखते हैं।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व 13 जुलाई के बाद कभी भी उनके नाम की आधिकारिक घोषणा कर सकता है। इसके पहले बकायदा चुनाव कार्यक्रम घोषित करके अकेले मौर्य का ही नामांकन कराकर एक तरह से मनोनयन तय हो जाएगा। मौर्य को सपा के पीडीए के जवाब में बड़ा चेहरा माना जा रहा है।

हालांकि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मिलने के बाद केशव मौर्य ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा है कि शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को मृत्युंजय नामक पुस्तक भी भेंट की। इसबीच उनसे मिलने आने वाले विधायकों व अन्य लोगों का तांता लगा हुआ है। प्रमुख रूप से मिलने वालों में विधायक रामचंद्र यादव, अनिल मौर्य, गुरुप्रसाद मौर्य, तेजपाल नागर समेत प्रयागराज गंगापार की जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान प्रमुख रहीं। सोशल मीडिया मंच पर मौर्य ने शुक्रवार को सपा मुखिया को निशाना साधते हुए लिखा टोपी लाल, नियत काली-सपा की सोच तुष्टिकरण वाली। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पर भी हमला बोला है, एक पोस्ट में लिखा है कि कभी एक रुपये में 85 पैसा चुराकर कांग्रेस गांधी परिवार को भेंट चढ़ाया करती थी। इस पार्टी के अब असल सरदार हैं राहुल गांधी.. राहुल को चोरी शब्द से अधिक लगाव हो गया है।

### अपराधियों की नजर से बचा व्यक्ति ही सुरक्षित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार का दावा था कि अपराधी अपराध छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे। लेकिन हकीकत यह है कि यहां सिर्फ अपराधी बेखौफ हैं,



प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ है। भाजपा सरकार में पूरा प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। पुलिस निरंकुश है, मुख्यमंत्री अपने भाषणों से आत्ममुग्ध हैं। शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। सपा प्रमुख ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि कोई दिन तो नहीं जाता है, जब राजधानी सहित अन्य जिलों में अपराधिक वारदातें न होती हों।

# हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' के तहत करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। सभी को आश्वस्त किया कि समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री शुक्रवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।



गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मौजूद अधिकारी।

### सावन के पहले दिन योगी ने किया रुद्राभिषेक

देवाधिदेव महादेव को अत्यंत प्रिय पावन सावन माह के पहले दिन मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार प्रातः काल रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने चराचर जगत के कल्याण और सभी के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

### भरपूर खाद उपलब्ध शोषण बर्दाश्त नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में भरपूर खाद उपलब्ध है। किसानों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं है। योगी ने कहा है कि उर्वरक के वितरण में असामाजिक तत्वों द्वारा कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवररेटिंग, टैगिंग आदि से किसान प्रभावित न हों, इसपर विशेष ध्यान रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उर्वरक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसकी कहीं भी कोई किल्लत नहीं है। प्रदेश में विगत वर्ष (खरीफ 2024 में 31 जुलाई, 2024 तक) यूरिया उर्वरक की कुल खपत 18.98 लाख एमटी हुई थी। खरीफ 2025 में माह जून तक निर्धारित लक्ष्य 12.52 लाख एमटी के सापेक्ष 10 जुलाई तक 28.56 लाख एमटी उपलब्ध कराई गई।

# विधानसभा में असंबद्ध विधायकों का नहीं होगा राजनीतिक नुकसान

## विधायकी बची रहेगी और खुलकर दे सकेंगे सत्तारूढ़ दल का साथ

- असंबद्ध विधायकों के मंत्री बनने का रास्ता भी साफ
- स्वेच्छा से सपा छोड़ भाजपा में जाते तो लगता दल-बदल कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी से निष्काषित होने के बाद उप्र. विधानसभा में असबद्ध हुए विधायकों का राजनीतिक नुकसान नहीं होगा। फिलहाल उनकी विधायकी बची रहेगी और तीनों खुलकर सत्तारूढ़ दल भाजपा का साथ भी दे सकेंगे। वहीं, असंबद्ध विधायकों के मंत्री बनने का रास्ता भी अब साफ हो गया है। दरअसल, वे स्वेच्छा से अगर सपा छोड़ भाजपा में जाते तो दल-बदल कानून के दायरे आकर विधायकी खतरे में पड़ जाती।



राजनीतिक जानकारों का मानना है कि सपा का यह कदम इन विधायकों को नुकसान पहुंचाने के बजाय उल्टा बागियों की मंशा ही पूरी करेगा। असंबद्ध होने के बाद ये विधायक अब खुलकर भाजपा के साथ जा सकते हैं, और अगले डेढ़ साल तक उनकी विधायकी पर कोई खतरा नहीं है।

असंबद्ध घोषित किए जाने का संदेश यह भी है कि सपा से निष्कासन के बाद अब यह कार्यवाही विधायी स्तर पर भी पूरी हो गई है। इन विधायकों के लिए सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की जाएगी, जैसा कि निर्दलीय सदस्यों के लिए होता है। अब वे विधानसभा में न तो सपा के कुनबे का हिस्सा रहेंगे और न ही किसी मान्यता प्राप्त दल का, जब तक वे किसी नई पार्टी से औपचारिक रूप से नहीं जुड़ते।

असंबद्ध विधायक का दर्जा प्राप्त करने के बाद मनोज पांडेय, राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह को कई महत्वपूर्ण अधिकार और सुविधाएं मिलेंगी। ये विधायक अब विधानसभा में स्वतंत्र रूप से अपनी राय रख सकेंगे और किसी भी पार्टी के व्हिप से बंधे नहीं होंगे। विधानसभा मंडप में इन्हें सपा के अन्य विधायकों से अलग सीटें आवंटित की जाएंगी, जो इनके स्वतंत्र दर्जे को दर्शाएगा। ये विधायक किसी भी विधेयक या प्रस्ताव पर अपनी इच्छा के अनुसार वोट देने के लिए स्वतंत्र होंगे, बिना किसी पार्टी दबाव के।

सूत्रों के अनुसार, इन विधायकों की भाजपा के साथ नजदीकियां पहले से ही थीं, और अब यह संभावना है कि योगी सरकार इन्हें मंत्रिमंडल में शामिल कर सकती है। वहीं, असंबद्ध विधायक के रूप में इन्हें सभी विधायकों की तरह वेतन, भत्ते, और अन्य सुविधाएं प्राप्त होती रहेंगी।

असंबद्ध घोषित किए गए विधायकों में रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक मनोज कुमार पांडेय, अमेठी से विधायक राकेश प्रताप सिंह और गौरीगंज से विधायक अभय सिंह शामिल हैं।

हालांकि, यह तीनों नेताओं पर कार्रवाई कर सपा ने अपने अनुशासन को मज़बूत किया है, लेकिन दूसरी ओर भाजपा को इसका लाभ मिल सकता है। तीनों विधायक अपने-अपने इलाकों में प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। अगर भाजपा इन्हें सक्रिय रूप से अपने संगठन में शामिल करती है और उन्हें जिम्मेदारी देती है, तो यह पार्टी को जमीनी मजबूती देगा, खासकर पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में।

# जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा शुरू 18 तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि महिलाओं की सेहत, बच्चों के पोषण और पूरे परिवार के भविष्य की नींव है। अभियान के माध्यम से चिकित्सकीय सेवाएं लोगों तक पहुंचें और हर दंपति को सही विकल्प मिले।

मिशन निदेशक, विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित अभियान को लेकर शुक्रवार को एनएचएम कार्यालय में जानकारी दे रही थीं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में जनसंख्या स्थिरता अभियान 18 जुलाई तक चलेगा। इस वर्ष की थीम 'मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' है। अभियान अंतर्गत संचालित विशेष पखवाड़े का उद्देश्य परिवार नियोजन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना, जागरूकता बढ़ाना है।

# विलुप्त बूढ़ी राप्ती नदी के पुनरोद्धार का कार्य शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** श्रावस्ती में बूढ़ी राप्ती नदी के पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि आसपास के किसानों के लिए जीवनदायिनी बनेगी।

बूढ़ी राप्ती नदी की कुल लंबाई 67.03 किमी है, और इसका कैचमेंट एरिया 18356.64 हेक्टेयर है। नदी का 16.91 किमी हिस्सा अवरोधित है, जबकि शेष 51.12 किमी का हिस्सा स्वाभाविक रूप में मौजूद है। नदी के पुनर्जीवित होने से आसपास के किसानों को जल आपूर्ति में मदद मिलेगी, जिससे उनकी कृषि गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। बूढ़ी राप्ती नदी 54 ग्रामों से गुजरती है और अंत में राप्ती नदी में मिल जाती है। सर्वेक्षण के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि नदी के प्रवाह क्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है।



श्रावस्ती में फावड़ा चलाकर कार्य की शुरुआत करते अधिकारी, साथ में अन्य।

श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि बूढ़ी राप्ती नदी को पुनर्जीवित करने के लिए रिमोट सेंसिंग तकनीकी से नदी के संरेखण का चिन्हांकन के साथ फावड़ा चलाकर कार्य का शुरू हुआ। बरसात के बाद नदी की सफाई और प्रवाह को पुनः ठीक करने का कार्य वृहद स्तर पर किया जाएगा, ताकि नदी अगले वर्ष अपने स्वाभाविक रूप में लौट सके।

### यूपीआईटीएस को लेकर हैदराबाद में हुआ रोड शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर उप्र. सरकार द्वारा शुक्रवार को हैदराबाद के एफटीसीसीआई में दूसरा रोड शो हुआ। इस कार्यक्रम में 150 से अधिक उद्योगपतियों, निर्यातकों, व्यापार सलाहकारों और व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एमएसएमई, खादी-ग्रामोद्योग, हैंडलूम, टेक्सटाइल एवं रेशम मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश न केवल देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना है, बल्कि अब वैश्विक व्यापार का केंद्र भी बनता जा रहा है। यूपीआईटीएस सिर्फ एक व्यापार मेला नहीं, यह हमारे कारीगरों,और स्थानीय उद्यमियों की वैश्विक पहचान का मंच है।

# शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल ने मारी बाजी

- वाराणसी दूसरे तो बस्ती मंडल तीसरे स्थान पर, मंडलायुक्तों को फीडबैक लेने का जिम्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी से जन शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया में तेजी आई है। आईजीआरएस की जून माह की रिपोर्ट में देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में बाजी मारी है। जबकि वाराणसी मंडल ने दूसरा और बस्ती मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मंडल के जिलों क्रमशः श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में जनशिकायतों के पारदर्शी और त्वरित समाधान के लिए कई बिंदुओं पर लगातार काम किया जा रहा है। वह खुद मंडल के सभी जिलों के जनशिकायतों के निस्तारण के पहलुओं की मॉनीटरिंग करते हैं। रेंडम पांच शिकायतकर्ता से मंडलायुक्त कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।

## सीएम डैशबोर्ड में जालौन को फिर पहला स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएम डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में जालौन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। यह जिला पिछले छह माह से टॉप पर बना हुआ है। वहीं, टॉप फाइव जिलों में क्रमशः शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती ने जगह बनाई है। सीएम डैशबोर्ड द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा के बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है।

सीएम डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट के अनुसार एक बार फिर जालौन ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों, और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। बता दें कि जालौन लगातार छह महीने से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर पहले स्थान पर बना हुआ है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट में प्रदेश के टॉप फाइव जिलों में शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती शामिल हैं। प्रत्येक जिले ने प्रशासनिक कसौटियों पर खुद को साबित किया है, जो प्रदेश के समग्र विकास में योगदान दे रहे हैं।

## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

1.1. जर्मनी का एक प्रसिद्ध राजनीतिक दल जिसका पराभव द्वितीय विश्वयुद्ध में हुआ 2. उक्त दल का सदस्य।

2.1. हंसने का उपक्रम 2. हंसने का तरीका।

7. जो जनता के लिए उपयोगी या हितकर हो (बात या काम)।

10.1. जो सुलझी न हो, जो सुलझाई न जा सकी हो, उलझी हुई 2. जिस समस्या का समाधान न किया गया हो उसका विशेषण।

**ऊपर से नीचे**

3. सहयोग या सहायता करने वाला व्यक्ति।


4.1. खोटे या दुष्ट होने की अवस्था

5. रोला छंद का एक नाम।

6. पाश्चात्य चिकित्सा प्रणाली या पद्धति अर्थात एलोपैथी द्वारा उपचार करने वाला डॉक्टर।

8.1. बहुत अधिक थका हुआ, शिथिल, थका-मांदा, अशक्त 2. जो असफल होने पर उत्साह रहित हो गया हो, पस्त।

9.1. उतनी मात्रा जितना एक बार में पेरने या पीसने के लिए चक्की में डाला जाए 2. उतना अंश जितना एक बार में बनाया या पकाया जाए 3. कठोर प्रहार, चोट।



### वर्ग पहेली -28 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 च | 2 ना | | 3 उ | | | 4 अ |
| | 5 सा | गू | दा | ना | | फ़ |
| | ज़ | | री | | | सो |
| | | 6 चो | क | | | स |
| | 7 खँ | खा | र | | | ज |
| | | | ण | | | न |
| 8 झाँ | झ | न | | 9 पो | त | क |

## सुडोकू -36

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 7 | | 4 | | 1 |
| 3 | | | | 6 | 5 | 7 | | |
| | 7 | | 4 | | | | 8 | |
| 6 | | | 7 | | 3 | | | 8 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 5 | | | 1 | | 8 | | | 2 |
| | 9 | | | | 4 | | 7 | |
| | | 3 | 2 | 8 | | | | 4 |
| 8 | | 4 | | 1 | | | 3 | |

### सुडोकू - 35 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 4 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 |
| 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 जुलाई, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-13 जुलाई 01.46 तक तत्पश्चात तृतीया।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- वर्षा।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तरषाढ़ा 06.36 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेगा। परिवार के बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य प्राप्त होगा। पैतृक संपदा प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज स्वास्थ्य को लेकर समस्या दूर होगी। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे अत्यंत प्रसंन रहेंगे। समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। रुके हुए कार्यों को पूर्ण करने का दबाव रहेगा। उच्च दार्शनिक विषयों के प्रति आकर्षित रहेंगे।

**मिथुन** — आज का दिन कुछ निराशाजनक हो सकता है। वर्तमान मौसम में परिवर्तन के कारण सर्दी-खांसी की समस्या होने की आशंका है। स्वास्थ्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। महिलाओं को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। क्रोधी व्यवहार के कारण आपकी छवि होने की आशंका है।

**कर्क** — आज नया काम आरम्भ करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दोपहर के समय शुभ समाचार मिल सकते हैं। पूरी मेहनत से आप अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर अत्यंत सक्रिय रहेंगे। पार्टनरशिप को लेकर चली आ रही दुविधा समाप्त होगी।

**सिंह** — आज जीवनसाथी से मानसिक सहयोग प्राप्त होगा। प्रभावशाली लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधी आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं। बच्चों के साथ समय बिताने से आपका मन प्रसन्न होगा। प्रेमी जन के साथ डेट पर जा सकते हैं।

**कन्या** — आज परिस्थितियां आपके लिए शानदार रहने वाली हैं। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। अचल संपत्ति को लेकर विवाद शांत हो सकते हैं।

**तुला** — आज शीघ्रता और भावुकता में लिए गए निर्णय आपको समस्या में डाल सकते हैं। भाइयों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। वाहन का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें। मन में कुछ बड़ा करने की योजना होगी। अपनी कमियों में सुधार करें। बच्चों के लिए शॉपिंग कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज दिन उमंग और उत्साह से भरपूर रहेगा। धन के कारण जो काम लंबित थे वे आज पुनः प्रारम्भ होने की संभावना है। परिवार के सदस्य आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नव विवाहित जोड़े यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**धनु** — आज आपकी पाचन क्रिया थोड़ी कमजोर हो सकती है। किसी को उधार धन देने से पहले पेपरवर्क अवश्य कर लें। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है। जीवनसाथी का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। प्रतियोगी परीक्षा में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। थोक व्यापारियों के कारोबार में वृद्धि होगी। अध्यात्म में आप अत्यंत रुचि ले सकते हैं। आज प्रियजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। मांसपेशियों में जकड़न की समस्या हो सकती है। धैर्य बनाकर रखें और प्रयास करते रहें। क्योंकि आपके काम देरी से ही सही पर पूर्ण अवश्य होंगे। घर के किसी अविवाहित सदस्य के विवाह की चिंता होने की संभावना है।

**मीन** — आज समाज के प्रभावशाली लोगों में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कारोबार में आपकी आय बढ़ेगी। प्रेमी जन के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। रुके हुए काम आज करने का मन बनायेंगे। आज आप घर पर बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

# आप यहां छुट्टी मनाने के लिए नहीं आए हैं : गंभीर

● बीसीसीआई के परिवार नियम का समर्थन किया भारतीय मुख्य कोच ने



लंदन, एजेंसी

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने लंबी विदेशी यात्राओं के दौरान क्रिकेटरों के परिवार की उपस्थिति को सीमित करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को यह महसूस करना चाहिए कि वे छुट्टी पर नहीं बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं।

बीसीसीआई ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया से 1-3 की हार के बाद एक संशोधित यात्रा नीति तैयार की है। इसके तहत 45 दिनों से अधिक के दौरों के लिए परिवार के सदस्यों के रहने की अवधि अधिकतम दो सप्ताह तक सीमित कर दी गई है। छोटे दौरों के लिए यह अवधि सात दिनों तक सीमित कर दी गई थी। गंभीर ने 'सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क' पर चेतेश्वर पुजारा से कहा परिवार की भूमिका महत्वपूर्ण है लेकिन आपको एक बात समझनी होगी। आप यहां एक उद्देश्य के लिए आए हैं। यह कोई छुट्टी नहीं है। आप एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए यहां हैं। उस ड्रेसिंग रूम में या इस दौरे पर बहुत कम लोग हैं जिन्हें देश को गौरवान्वित करने का यह अवसर मिलता है। उन्होंने कहा मैं परिवारों को हमारे साथ नहीं रखने के खिलाफ नहीं हूं।'' इससे पहले दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने खिलाड़ियों के साथ परिवार को रखने का समर्थन किया था। कोहली का तर्क था कि अधिक दबाव वाली स्थितियों के दौरान परिवार की मौजूदगी से काफी मदद मिलती है।

गंभीर ने हालांकि बाकी सब चीजों से पहले देश को रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा परिवार का होना महत्वपूर्ण है। आपका ध्यान अगर देश को गौरवान्वित करने की ओर है और आपकी भूमिका किसी भी अन्य चीज़ से कहीं ज्यादा बड़ी है और आप उस लक्ष्य, उस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं तो मुझे लगता है कि बाकी सब ठीक है। मुझे लगता है कि वह उद्देश्य और वह लक्ष्य किसी भी अन्य चीज से कहीं ज्यादा अहम है। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट के इतर गंभीर ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें खेल से खुद को अलग करना मुश्किल लगता है। उन्होंने खुलासा किया कि बर्मिंघम में इंग्लैंड पर भारत की जीत के कुछ ही मिनटों बाद वह टीम संयोजनों के बारे में सोच रहे थे। गंभीर से जब पूछा गया कि वह तनाव मुक्त कैसे होते है तो उन्होंने कहा यह एक कठिन सवाल है।



भारत और इंग्लैंड के खिलाड़ी, अंपायर और अन्य लोगों के साथ, शुक्रवार को लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन खेल शुरू होने से पहले रूथ स्ट्रॉस फाउंडेशन के लिए एक श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गय। ● एजेंसी

## एक नजर

### सुरक्षा समीक्षा के बाद ही हॉकी टीम भारत भेजेगा पाकिस्तान

**कराची :** पाकिस्तान इस साल के आखिर में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से पहले वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने कहा है कि यदि राष्ट्रीय टीम को सुरक्षा को लेकर किसी तरह का खतरा होगा तो उसे भारत नहीं भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि सरकार के सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद ही पाकिस्तान की टीम को भारत का दौरा करने की अनुमति दी जाएगी। पूर्व मंत्री मसूद ने कहा, सरकार पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगी और यदि वह संतुष्ट नहीं होगी तो वह अपने किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे खतरे में नहीं डालेगी। उन्होंने बताया कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के लिए भारत यात्रा करना सुरक्षित नहीं है।

### लारा ने कहा, मुल्डर को रिकॉर्ड बनाना चाहिए था

**जोहानिसबर्ग :** ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के सर्वोच्च व्यक्तिगत टेस्ट स्कोर के करीब होने के बावजूद उनके रिकार्ड को तोड़ने का प्रयास नहीं करने के वियान मुल्डर के फैसले को वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने भी सही नहीं बताया और कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस बल्लेबाज को उस मुकाम तक पहुंचना चाहिए था। मुल्डर जिंबॉब्वे के खिलाफ हाल में टेस्ट मैच के दौरान जब 367 रन बनाकर खेल रहे थे तब उन्होंने पारी समाप्त करने की घोषणा करके लारा का रिकॉर्ड तोड़ने का सुनहरा अवसर गंवा दिया था। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान ने बाद में कहा कि लारा के प्रति सम्मान के कारण उन्होंने ऐसा किया। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ यह ऐतिहासिक पारी खेली थी। दोनों ने हाल ही में एक-दूसरे से बात की और मुल्डर ने कहा कि लारा उनके फैसले से पूरी तरह सहमत नहीं थे।

### भारत ए के यूरोपीय दौरे का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं केंचे

**नई दिल्ली :** अपनी तेज गति और आक्रामक खेल के कारण फारवर्ड वेंकटेश केंचे ने मौजूदा यूरोपीय दौरे में भारत ए के लिए अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह शीर्ष स्तर की हॉकी में बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरतना चाहते हैं। भारत ए पुरुष टीम ने आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत (6-1 और 6-0) दर्ज करके अपने आठ मैचों के यूरोपीय दौरे की शानदार शुरुआत की। भारत की तरफ से अभी तक जिन खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उनमें केंचे भी शामिल हैं और वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अदिति की फ्रांस में सधी शुरुआत संयुक्त सातवें पायदान पर

**एवियन ले बेंस (फ्रांस) :** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के शुरुआती दिन शुक्रवार को चार अंडर 67 के कार्ड के साथ शानदार शुरुआत की। अपना 45वां 'मेजर' खेल रही अदिति इस शानदार शुरुआत के बाद तालिका में संयुक्त सातवें स्थान पर है। वह शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी से दो शॉट पीछे है। अदिति ने पहले, सातवें, नौवें और 11वें और 14वें होल पर बर्डी लगाया। वह 13वें होल पर बोगी कर बैठी।

# भारत दो विकेट पर 100 रन के पार पहुंचा

## तीसरे टेस्ट मैच का दूसरा दिन : इंग्लैंड पहली पारी में 387 रन पर सिमटा

लंदन, एजेंसी

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (74 रन देकर पांच विकेट) के सुबह के खतरनाक स्पैल की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन जो रूट के 37वें शतक के बावजूद इंग्लैंड को पहली पारी में 387 रन पर समेट दिया। बुमराह ने इस तरह कपिल देव के विदेशी सरजमीं पर 12 बार पांच विकेट लेने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। भारत ने खबर लिखे जाने तक दो विकेट पर 107 रन बना लिए थे। केएल राहुल 37 और कप्तान शुभमन गिल 16 रन बनाकर खेल रहे थे। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सिर्फ 13 रन बना सके।

इससे पहले बुमराह के अब तक टेस्ट में 15 बार पांच विकेट लेने का कारनामा दिखाया। उन्होंने यह उपलब्धि लगातार दो टेस्ट मैचों में हासिल की है जिसमें लीड्स के पांच विकेट भी शामिल हैं। युवा खिलाड़ी जायसवाल (13) टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर का पहला शिकार बने। लेकिन अनुभवी केएल राहुल 13 रन और करुण नायर 18 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। नायर हालांकि आर्चर और ब्रायडन कार्स की गेंदों के खिलाफ थोड़े असहज दिखे। लेकिन सुबह का सत्र निश्चित रूप से बुमराह के नाम रहा जिन्हें कार्यभार प्रबंधन के तहत एजबेस्टन टेस्ट के दौरान आराम दिया गया था। रूट (199 गेंदे में 104 रन) ने दिन की पहली ही गेंद पर चौका लगाकर अपना आठवां शतक जड़ा जो लॉर्ड्स में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा सैकड़े हैं। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 251 रन से की। लेकिन बुमराह के तीन विकेट झटकने से उसका स्कोर सात विकेट पर 271 रन हो गया था। बुमराह ने पहले घंटे में कप्तान बेन स्टोक्स (44), रूट (104) और क्रिस वोक्स (0) के विकेट झटके। जिसके बाद फॉर्म में चल रहे जैमी स्मिथ (56 गेंद में 51 रन) और कार्स (56 रन) ने आठवें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम का स्कोर 350 रन के पार पहुंचाया। स्मिथ को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब केएल राहुल ने मोहम्मद सिराज की गेंद पर फॉर्म में चल रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया। बुमराह पर स्क्वायर कट लगाने के बाद अगली गेंद पर स्टोक्स बोल्ड हो गए। इस भारतीय तेज गेंदबाज की 'राउंड द विकेट' से डाली गयी खूबसूरत गेंद ऑफ स्टंप के ऊपर से जा टकराई और स्टोक्स सिर हिलाने के अलावा कुछ नहीं कर सके। दिन की पहली ही गेंद पर लॉर्ड्स में अपना रिकॉर्ड आठवां टेस्ट शतक पूरा करने वाले रूट अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके।



लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अपनी पारी के दौरान शाट लगाते केएल राहुल। ● एजेंसी

## मैं इंग्लैंड की इन पिचों पर गिल को गेंदबाजी नहीं करना चाहूंगा : स्टार्क

**मेलबर्न :** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भारत और इंग्लैंड टेस्ट शृंखला के दौरान बल्लेबाजी के लिए आसान पिचों पर हैरानी जताते हुए कहा कि वह 'बिल्कुल सपाट पिचों' पर शुभमन गिल जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज को गेंदबाजी नहीं करना चाहेंगे। भारत के नये कप्तान गिल ने सिर्फ दो टेस्ट में लगभग 600 रन बना लिये हैं। इसमें दो बड़े शतक और एक दोहरा शतक शामिल है। पांच मैचों की शृंखला फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। स्टार्क ने 'विलियम टॉक पॉडकास्ट' पर कहा मैं इंग्लैंड में उसे (गिल को) गेंदबाजी नहीं करूंगा। मैंने वहां के मैच ज्यादा नहीं देखे है लेकिन मैंने स्कोरकार्ड देखा है। उन्होंने कहा कुछ खिलाड़ी थे जो जाग रहे थे (ऑस्ट्रेलिया के समयानुसार इन मैचों का प्रसारण देर रात तक होता है)। खासकर मार्नस (लाबुशेन), एलेक्स कैरी और स्टीव स्मिथ कॉफी मशीन के पास बैठकर मैच देखते थे। मैंने स्कोर देखे। इंग्लैंड में ऐसी पिचें गेंदबाजों के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। स्टार्क ने आगे कहा मैंने जो खबरें पढ़ी है उसके मुताबिक ये पिचें उपमहाद्वीप जैसी थी। मेरे लिए इस पर विश्वास करना मुश्किल था लेकिन पिच गेंदबाजों के लिए बहुत कठिन थीं। रोहित शर्मा की जगह भारतीय टेस्ट कप्तान बने गिल ने बर्मिंघम टेस्ट में 269 और 161 रन की पारी खेल भारत को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने इससे पहले लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट की शुरुआती पारी में भी शतक जड़ा था।

### भारत को नीतीश को टीम में बनाए रखना चाहिए : कुंबले

**लंदन :** पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले ने ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें टेस्ट टीम में नियमित रूप से शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने खुद को अनुशासन और प्रतिभा का बेहतरीन मिश्रण साबित किया है। इंग्लैंड के मौजूदा दौरे में अपना दूसरा मैच खेल रहे रेड्डी गुरुवार को तीसरे टेस्ट के पहले दिन दो विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज रहे। कुंबले ने जियोस्टार से कहा मैं यह देखकर हैरान था कि नीतीश कुमार रेड्डी ने कितनी अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने लगातार सही क्षेत्रों में गेंद डाली। वह भाग्यशाली थे जो उन्हें लेग साइड में डाली गई शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट मिला।

### भारतीय गेंदबाजों के सामने रन बनाना आसान नहीं: पोप

**लंदन :** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी टीम की रक्षात्मक बल्लेबाजी का बचाव करते हुए कहा कि यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप आक्रामक होकर खेल सकते हैं। इंग्लैंड ने पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक बल्लेबाजी शैली को अपनाया है लेकिन गुरुवार को उसने भारतीय गेंदबाजों के सामने रक्षात्मक बल्लेबाजी की और पहले दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 251 रन बनाए। पोप ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा यह ऐसी पिच नहीं है जिस पर आप खुलकर खेल सकें। भारतीय गेंदबाजों ने अपनी लेंथ बनाए रखी और रन बनाना मुश्किल कर दिया।

# सिनियाकोवा और वरबीक ने मिश्रित युगल खिताब जीता

लंदन, एजेंसी

महिला युगल की दिग्गज खिलाड़ी कैटरीना सिनियाकोवा ने सेम वरबीक के साथ मिलकर लुइसा स्टेफनी और जो सैलिसबरी को 7-6(3), 7-6(3) से हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में मिश्रित युगल का खिताब जीता। चेक गणराज्य की 10 बार की ग्रैंड स्लैम महिला युगल चैंपियन सिनियाकोवा ने गुरुवार को सेंटर कोर्ट पर खेले गए फाइनल में पहले मैच प्वाइंट पर ही करारा शॉट जमाकर खाताब अपनी झोली में डाला। वरबीक का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। नीदरलैंड के इस खिलाड़ी ने अपने पिता के लिए जन्मदिन का गीत गाकर दर्शकों के साथ जश्न मनाया। सिनियाकोवा दो बार की ओलंपिक चैंपियन भी हैं। उन्होंने पिछले साल पेरिस ओलंपिक खेलों में टॉमस मचाक के साथ मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2021 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ मिलकर महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता था।



मिश्रित युगल फाइनल जीतने के बाद नीदरलैंड के विजेता सेम वरबीक (बाएं) और चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा (दाएं) ट्रॉफी चूमते हुए। ● एजेंसी

## कार्लोस अल्काराज लगातार तीसरी बार विंबलडन के फाइनल में

**लंदन :** दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने पांचवीं सीड अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को शुक्रवार को चार सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया। धूप से तपते सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए, अल्काराज ने अपने पहले सर्व के 88 प्रतिशत अंक जीते, लेकिन दो घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान उन्हें कई बार दबाव में रहना पड़ा।

# दबदबा कायम रखना चाहेगी महिला टीम

समय : रात 11:05 बजे से

● इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां व अंतिम मैच आज

● भारतीय टीम 3-1 की निर्णायक बढ़त कर चुकी है हासिल

बर्मिंघम, एजेंसी

शृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम मैच में अपना दबदबा कायम रखते हुए पांच मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला का शानदार अंत करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारतीय टीम ने शुरुआती मैचों में बल्ले और गेंद ने कमाल दिखाया, लेकिन चौथे मैच में उसकी फील्डिंग भी शानदार रही जिससे वह इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शृंखला जीतने में सफल रही। अरुंधति रेड्डी के सीमा रेखा पर लिए गए तीन शानदार कैच और राधा यादव की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट पर 126 रन पर रोक दिया और फिर यह मैच छह विकेट से जीतकर शृंखला में 3-1 की निर्णायक बढ़त हासिल की।



भारतीय उपकप्तान समृति मंधाना।

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड :** टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगी स्कोल्फील्ड, लिंसे स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, बाउचियर।



पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल बेंगलुरु में पुरुषों की भाला फेंक एफ64 स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करते हुए। ● एजेंसी

# सुमित, प्रीति ने पहले दिन स्वर्ण जीते

## इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

बेंगलुरु, एजेंसी

दो बार के पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने शुक्रवार को यहां सातवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन पुरुषों की भाला फेंक (एफ12 एवं एफ64) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा। हरियाणा के अंतिल ने 72.25 मीटर की दूरी तक भाला फेंक कर शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके राज्य के मंजीत ने 54.56 मीटर के शानदार प्रयास के साथ रजत पदक जीता, जबकि एसएससीबी (सेना खेल संवर्धन बोर्ड) के प्रदीप कुमार ने 45.17 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता।

यह चैंपियनशिप काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह इस साल के आखिर में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीय दल का चयन यहां के प्रदर्शन पर काफी निर्भर करेगा।

हरियाणा का स्वर्णिम प्रदर्शन एफ40 एवं एफ41 भाला फेंक वर्ग में भी जारी रहा। पेरिस पैरालंपिक चैंपियन नवदीप सिंह ने 42.63 मीटर भाला फेंककर शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रिंस ने 31.90 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता और दिल्ली के रितेन्द्र ने 30.85 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। भाला फेंक एफ 46 वर्ग में राजस्थान के सुंदर सिंह गुर्जर ने 64.53 मीटर के थ्रो के पहला स्थान हासिल किया जबकि हरियाणा के रिंकू हुड्डा (63.98 मीटर) उत्तर प्रदेश के अजीत सिंह (63.25 मीटर) को काफी कम अंतर से पछाड़कर दूसरे पायदान पर रहे। ट्रैक स्पर्धाओं में महिलाओं की 100 मीटर (टी 35, टी 37 और टी 42) दौड़ में उत्तर प्रदेश की प्रीति पाल ने 15 सेकंड की प्रभावशाली स्प्रिंट के साथ स्वर्ण पदक जीता।

उनके बाद गुजरात की बीना मोर्दिया रहीं जिन्होंने 17.20 सेकंड का समय लिया, जबकि हरियाणा की अवनी ने 20.40 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 100 मीटर (टी12 और टी 13) वर्ग में उत्तर प्रदेश की सिमरन ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए 12.30 सेकंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता।

## ट्रेनिंग के दौरान अपनी एक समस्या पर काम कर रहा हूं: नीरज चोपड़ा

**गुरुग्राम :** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने खेल में एक समस्या की पहचान की है और जल्द से जल्द इसमें सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इस साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीतना चाहते हैं। चोपड़ा 13-21 सितंबर को तोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में पदक के सबसे प्रबल दावेदार हैं। वह 57 दिन तक चेक गणराज्य के प्राग और निम्बर्क में ट्रेनिंग लेंगे। वह आज रात अपने फिजियो इशान मारवाह के साथ रवाना होंगे और पांच सितंबर तक यूरोपीय देश में रहेंगे जिसका कुल खर्चा 19 लाख रुपये है।



# अनिश्चितता के कारण आईएसएल स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि टूर्नामेंट के आयोजकों और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के बीच 'मास्टर राइट्स एग्रीमेंट' (एमआरए) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 2025-26 सत्र को स्थगित कर दिया गया है।

देश की शीर्ष स्तरीय फुटबॉल लीग आमतौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलती है। आईएसएल का आयोजन करने वाली 'फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड' (एफएसडीएल) और एआईएफएफ के बीच मौजूदा एमआरए (मास्टर अधिकार समझौता) आठ दिसंबर 2025 को समाप्त होने वाला है। तब तक आईएसएल का तीसरा महीना शुरू हो जाएगा।

एफएसडीएल ने आईएसएल के सभी क्लबों को लिखे पत्र में कहा दिसंबर के बाद किसी निश्चित अनुबंधीय समझौते के अभाव में हम 2025-26 आईएसएल सत्र की प्रभावी योजना बनाने, इसे आयोजित करने या इसका व्यवसायीकरण करने में असमर्थ हैं। इसमें कहा गया इस स्थिति को देखते हुए हमें आपको यह बताते हुए खेद हो रहा है कि हम वर्तमान में 2025-26 आईएसएल सत्र को आगे बढ़ाने की स्थिति में नहीं हैं और मौजूदा एमआरए अवधि के अंत के बाद अनुबंधीय रूपरेखा पर और स्पष्टता आने तक इसे स्थगित कर रहे हैं।

# अमेरिका ने कनाडा पर 35% आयात शुल्क की घोषणा की

- दोनों देशों के दशकों पुराने संबंधों में खटास आने की आशंका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को एक पत्र में कहा कि वह कनाडा से आयातित वस्तुओं पर शुल्क 35 प्रतिशत करने जा रहे हैं। अमेरिका के इस कदम से दो करीबी साझेदार देशों के बीच दशकों पुराने संबंधों में और दरार आ सकती है।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को लिखे गए एक पत्र में ट्रंप ने फरवरी में घोषित 25 प्रतिशत शुल्क को और बढ़ाने का निर्णय लेने का जिक्र किया। यह कदम कथित रूप से कनाडा पर 'फेंटानायल' की तस्करी पर रोक लगाने के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि अमेरिका में इस मादक पदार्थ की तस्करी में कनाडा की भूमिका सीमित मानी जाती है।

नई शुल्क दरें एक अगस्त से लागू होंगी। राष्ट्रपति ट्रंप ने पत्र में लिखा, मुझे यह भी उल्लेख करना चाहिए कि फेंटानायल की तस्करी ही हमारे लिए कनाडा के साथ एकमात्र चुनौती नहीं है। कनाडा कई प्रकार की शुल्क और गैर-शुल्क नीतियां अपनाए हुए है तथा व्यापारिक अड़चनें भी हैं। ट्रंप के पत्र से कुछ घंटे पहले कार्नी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के साथ अपनी एक तस्वीर 'एक्स' पर साझा की और लिखा, वैश्विक व्यापारिक चुनौतियों के बीच, विश्व अब कनाडा जैसे भरोसेमंद आर्थिक साझेदारों की ओर देख रहा है।

## विमान हादसे पर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट बहुत जल्दः नायडू

**मुंबई।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि पिछले महीने अहमदाबाद में हुई एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट बहुत जल्द आने की उम्मीद है।

नायडू ने इस बात पर जोर दिया कि मंत्रालय जांच में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित कर रहा है। नायडू इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर प्रारंभिक जांच रिपोर्ट कब जारी होने की उम्मीद है। मंत्री ने यहां एक सम्मेलन से इतर कहा कि मंत्रालय यह सुनिश्चित कर रहा है कि पूरी जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही हो।

# सुविधाओं के साथ चुनौतियां भी
# सेटेलाइट इंटरनेट



सेटेलाइट आधारित इंटरनेट सेवा एक ऐसी तकनीक है जिसमें इंटरनेट कनेक्टिविटी ग्राउंड-बेस्ड केबल्स या मोबाइल टावरों के बजाय धरती के सेटेलाइट्स के माध्यम से प्रदान की जाती है। इस तकनीक के जरिए इंटरनेट सेवाएं दूरदराज पहाड़ी या समुद्री इलाकों में भी उपलब्ध होती है, जबकि साधारण इंटरनेट सेवाओं का कवरेज एरिया निश्चित होता है जो ज्यादातर शहरी इलाकों में ही होता है। सेटेलाइट इंटरनेट की स्पीड 50 से 200 एमबीपीएस तक हो सकती है जो फाइबर इंटरनेट की तुलना में बहुत ज्यादा है।

### इन बदलावों की उम्मीद

- गांवों, पहाड़ी क्षेत्रों तक हाईस्पीड इंटरनेट की पहुंच से ग्रामीण भारत में ऑनलाइन शिक्षा, ई-हेल्थ और डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा। छोटे किसानों और व्यवसायों की बाजार तक पहुंच बढ़ेगी।
- देश के हर कोने से डिजिटल उद्यम उभर सकते हैं। ई-कॉमर्स, ऑनलाइन सर्विसेज, फ्रीलांसिंग आदि में ग्रामीण भागीदारी और छोटे शहरों में वैश्विक स्तर की कंपनियां उभरने की उम्मीद रहेगी।
- शिक्षा और हेल्थ सेक्टर में क्रांति संभव है। रिमोट लर्निंग और टेलीमेडिसिन का ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार होगा। छात्र घर बैठे वर्चुअल क्लास में जुड़ सकेंगे। गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों से ऑनलाइन इलाज संभव।

### ये होती है तकनीक

इंटरनेट सिग्नल किसी जियोस्टेशनरी या लो अर्थ ऑर्बिट सेटेलाइट पर भेजा जाता है। वहां से यह डिश एंटीना तक पहुंचता है।

- ग्राउंड स्टेशन यानी गेटवे जो इंटरनेट डेटा सेटेलाइट भेजता है।
- सेटेलाइट जो सिग्नल को स्पेस से यूजर तक रिले करता है।
- यूजर टर्मिनल यानी डिश या रूटर जो डाटा रिसीव करता है।

### साइबर सुरक्षा के लिए चुनौतियां

- डेटा इंटरसेप्शन : सिग्नल अंतरिक्ष से भेजे जाते हैं जिन्हें हैकर्स इंटरसेप्ट करने की कोशिश कर सकते हैं अगर एनक्रिप्शन मजबूत न हो।
- सेटेलाइट सिस्टम हैकिंग : यदि सेटेलाइट के ग्राउंड कंट्रोल सिस्टम पर साइबर अटैक होता है तो पूरी सेवा बाधित हो सकती है।
- जैमिंग/स्पूफिंग : दुश्मन देश या आतंकी संगठन सेटेलाइट सिग्नल को जाम कर सकते हैं या नकली सिग्नल (स्पूफ) भेज सकते हैं।
- विदेशी नियंत्रण : स्टारलिंक अमेरिका की कंपनी है तो इसका डेटा सरकार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा बन सकता है।

### कई गुना महंगा पड़ेगा

- अनुमानित तौर पर स्टारलिंक किट (डिश-राउटर) 50,000 से 75,000 रुपये तक का होगा।
- इसका मासिक सब्सक्रिप्शन शुल्क 5,000 से 8,000 प्रति माह तक होने का अनुमान है।
- भारत में बीएसएनएल, रिलायंस जियो और एयरटेल जैसे प्रदाताओं की तुलना में स्टारलिंक शुरुआत में ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों को प्राथमिकता दे सकती है।

### आधी दुनिया में सेवाएं

सेटेलाइट इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों में प्रमुख रूप से स्टार लिंक, वन वेब, अमेजन कुइपर और ह्यूगेज नेट हैं। इनमें स्टारलिंक अकेले अमेरिका, यूरोप समेत 75 से ज्यादा देशों में सेटेलाइट इंटरनेट सेवा उपलब्ध करा रही है। बाकी कंपनियां फिलहाल कुछ देशों तक सीमित हैं और अपने सेवा क्षेत्र के विस्तार की योजनाएं बना रही हैं। भारत में स्टारलिंक के साथ वन वेब ने भी सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की है।

## एक नजर

### नेपाल : एक होंगी माधव और गौतम की पार्टियां

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और पूर्व उपप्रधानमंत्री बामदेव गौतम ने अपनी-अपनी कम्युनिस्ट पार्टियों को एकीकृत करने की सहमति जताई है। 'रिपब्लिका' अखबार की खबर के अनुसार, नेपाल और गौतम ने एक संयुक्त बयान में कहा कि क्रमशः सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट) और 'सीपीएन एकता राष्ट्रीय अभियान' के एकीकरण का निर्णय नेपाल के कम्युनिस्ट आंदोलन को एकजुट करने की ऐतिहासिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इसमें कहा गया है कि औपचारिक विलय की घोषणा 18 जुलाई को काठमांडू स्थित नेशनल असेंबली हॉल में की जाएगी।

### कंबोडिया में नागरिकता रद्द करने वाला कानून बना

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया की संसद ने राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुँचाने के मकसद से विदेशी देशों के साथ साज़िश रचने वाले किसी भी व्यक्ति की नागरिकता रद्द करने वाला कानून बनाने की इजाजत सरकार को दे दी है। संसद ने देश के संविधान में आज संशोधन करके सरकार को एक कानूनी ढाँचा बनाने की अनुमति दे दी। प्रधानमंत्री हुन मानेट सहित कुल 125 सांसदों ने संविधान में संशोधन को सर्वसम्मति से मंज़ूरी दे दी, जिससे विदेशी देशों के साथ साज़िश रचने वाले कंबोडियाई नागरिकों की नागरिकता रद्द की जा सकेगी।

### ओबामा-मिशेल के साथ शो करेंगे लैरी डेविड

**लास एंजिलिस।** अमेरिकी हास्य कलाकार एवं लेखक लैरी डेविड पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा के साथ एचबीओ पर एक शो करेंगे। अमेरिकी टेलीविजन प्रसारक एचबीओ ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। 'कर्ब योर एन्थुसिअज़्म' के निर्माता और 'सीनफेल्ड' के सह-निर्माता छह एपिसोड वाली इस सीरीज के कार्यकारी निर्माता, लेखक और अभिनेता के रूप में कार्य करेंगे। शो का प्रत्येक एपिसोड 30 मिनट का होगा। इस शो का निर्माण ओबामा की कंपनी 'हायर ग्राउंड' करेगी।

### अल्जाइमर के सर्जिकल उपचार पर चीन में प्रतिबंध

**बीजिंग।** चीन ने अल्ज़ाइमर रोग के सर्जिकल उपचार पर प्रतिबंध लगा दिया है। लगभग 400 अस्पतालों में इस उपचार को किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस पद्धति की सुरक्षा और प्रभावशीलता के समर्थन में उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा साक्ष्य की कमी है। लिम्फैटिक-वेनस एनास्टोमोसिस के नाम से जानी जाने वाली इस प्रक्रिया में मरीज की लिम्फ वाहिकाओं को गर्दन के पास की नसों से जोड़ा जाता है, ताकि लसीका द्रव का प्रवाह और निकास तेज हो सके।

# ट्रंप की कोशिशों को झटका, गाजा पर बिना समझौते के लौटे नेतन्याहू

## वाशिंगटन में कई दौर की वार्ता के बाद भी शांति समझौते पर नहीं बनी सहमति

**वाशिंगटन, एजेंसी**



इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की इस हफ्ते वाशिंगटन यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए एक और नामांकन मिला, लेकिन गाजा युद्ध के लिये जो युद्ध विराम वह चाहते थे, वह नहीं हो सका। बिना किसी समझौते के नेतन्याहू शुक्रवार को लौट गए।

ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच 60 दिनों के युद्धविराम समझौते की खातिर अपनी पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन नेतन्याहू की यात्रा के दौरान इस दिशा में किसी सफलता की घोषणा नहीं की गई। यह एक ऐसे राष्ट्रपति के लिए निराशा की बात है, जो एक शांतिदूत के रूप में अपनी पहचान बनाना चाहते हैं और जिन्होंने अपनी छवि समझौता कराने वाले के रूप में कायम की है।

'इजराइल पॉलिसी फोरम' की वाशिंगटन प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ फेलो राचेल ब्रैंडेनबर्ग ने कहा, उन्हें समझौते करा पाने की अपनी क्षमता पर गर्व है, इसलिए यह एक और परीक्षण का मामला है। इक्कीस महीने से जारी युद्ध में युद्धविराम समझौता कराने की ट्रंप की क्षमता यह दिखाएगी कि नेतन्याहू पर उनका प्रभाव किस हद तक है, खासकर इस सप्ताह व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए संयुक्त हमलों का बखान किये जाने के बाद।

### संवर्धित यूरेनियम भंडार तक पहुंच सकता है ईरान

**वाशिंगटन।** इजराइल का मानना है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के जिन परमाणु केन्द्रों पर हमला किया था उनमें से एक में गहराई में दबे संवर्धित यूरेनियम भंडार तक अब भी ईरान पहुंच सकता है। इजराइल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं जिस एजेंसी ने दो अन्य परमाणु स्थलों पर गिराए गए अमेरिकी बंकर बस्टर बमों का निर्माण किया था उसने कहा कि वह अभी भी डेटा का इंतजार कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये बम लक्ष्यों को भेद पाए या नहीं। दोनों घटनाक्रम हमलों में हुए नुकसान पर अलग-अलग राय रखते हैं। ट्रंप इस बात पर कायम हैं कि अमेरिकी हमलों ने ईरान के तीन परमाणु केंद्रों को नष्ट कर दिया है। वहीं अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने कहा है कि हमलों से फोर्दो, नतांज और इस्फहान परमाणु केन्द्रों को काफ़ी नुकसान पहुंचा है लेकिन वे नष्ट नहीं हुए हैं।

### गाजा में नकदी संकट जरूरी चीजों की चुकानी पड़ रही भारी कीमत

**दीर अल-बलाह।** गाजा में जारी संकट से कारण नकदी की भारी किल्लत के चलते लोग भोजन, ईंधन और दवाओं जैसी जरूरी चीजों के लिए भारी कीमत चुका रहे हैं। लगभग सभी बैंक शाखाओं और एटीएम के निष्क्रिय हो जाने के कारण, लोग दैनिक खर्चों के लिए धन प्राप्त करने के लिए नकदी दलालों के अनियंत्रित नेटवर्क पर निर्भर हो गए हैं और इन लेनदेन पर कमीशन लगभग 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। गाजा शहर में रहने वाले एक स्कूल के निदेशक अयमान अल-दहदौह ने कहा, लड़ाई की वजह से लोग खून के आंसू रो रहे हैं। इससे हमारा दम घुट रहा है, हम भूखे मर रहे हैं। बढ़ती महंगाई, उच्च बेरोजगारी और कम होती बचत राशि के बीच नकदी की कमी ने परिवारों पर वित्तीय दबाव बढ़ा दिया है। कुछ परिवारों ने आवश्यक सामान खरीदने के लिए अपनी संपत्ति बेचनी शुरू कर दी है।

## ईरान जाने में गंभीर खतरे, यात्रा न करें अमेरिकी नागरिक

- अमेरिका के विदेश विभाग ने अपने नागरिकों को खतरों से किया आगाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ईरान की यात्रा न करने की एक सलाह जारी करते हुए कहा है कि भले ही बमबारी बंद हो गई हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वहां की यात्रा सुरक्षित है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों खासकर ईरानी मूल के लोगों को ईरान की यात्रा के गंभीर खतरों के बारे में आगाह करते हुए एक नया जागरूकता अभियान शुरू किया है। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने ईरानी मूल के लोगों से ईरान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी प्रशासन की ओर से अवैध तेल व्यापार में शामिल कई जगहों में फैले एक नेटवर्क से जुड़ी 22 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है।

एक प्रेस वार्ता में ब्रूस ने ज़ोर दिया कि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करती है और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से राजनयिक पहुंच देने से इनकार करती है। उन्होंने कहा,विभाग एक नए जागरूकता अभियान की घोषणा कर रहा है।

# केरल: ऑनलाइन ठगी के मामलों में 286 गिरफ्तार 61,361 बैंक खाते सीज

- केरल पुलिस ने चलाया अभियान 18,653 सिम और 59,218 मोबाइल फोन भी जब्त किए

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

केरल पुलिस के साइबर विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एक विशेष अभियान में अबतक 286 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है और 61,361 बैंक खातों पर रोक लगा दी है और धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए 18,653 सिम कार्ड और 59,218 मोबाइल फोन जब्त किया है।

कार्रवाई के अंतर्गत पीड़ितों को 6.5 करोड़ रुपये की राशि सफलतापूर्वक लौटा दी गई है जबकि धोखाधड़ी की गई कुल राशि में से 26.26 करोड़ रुपये बैंक खातों में रोक दिए गए हैं।

यह सुनिश्चित करने की कोशिश जारी हैं कि धोखाधड़ी के शिकारों को अदालती प्रक्रिया के माध्यम से धोखाधड़ी की गई राशि जल्दी से जल्दी वापस की जाए।

जनवरी और मार्च 2025 के बीच, केरल में ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित 9,539 शिकायतें दर्ज की गईं। पीड़ितों को सलाह दी गई है कि वे ऐसी घटनाओं की सूचना एक घंटे के भीतर दें जिसे पैसा गंवाने का 'गोल्डन ऑवर' कहा जाता है ताकि दोषियों को पकड़ने की संभावना अधिकतम हो सके। शिकायत टोल-फ्री नंबर 1930 पर फोन करके या आधिकारिक वेबसाइट https:ybercrime.gov.in के माध्यम से दर्ज की जा सकती है। विशेष अभियान में केरल के सभी पुलिस स्टेशनों को शामिल किया गया और विभिन्न साइबर अपराध मामलों में 286 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

### राज्य में आयोजित हो रहीं जागरूकता कक्षाएं

साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं से निपटने के लिए जागरूकता कक्षाएं आयोजित की जा रही हैं तथा केरल पुलिस और राज्य पुलिस मीडिया सेंटर के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से लगातार जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं तथा सूचनात्मक पोस्ट एवं वीडियो साझा किए जा रहे हैं। केरल पुलिस ने ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ एक विशेष अभियान ऑपरेशन-सेफ-केरल 2023 में शुरू किया था।

# बलूचिस्तान: बस से उतारने के बाद नौ यात्रियों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद/कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बलोच चरमपंथियों ने शुक्रवार को एक बस से पंजाब के नौ यात्रियों को उतारकर उन्हें गोली मार दी। घटना झोब इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बृहस्पतिवार रात को हुई।

प्रांत के झोब इलाके के सहायक आयुक्त नवीद आलम ने कहा कि हथियारबंद चरमपंथियों ने पंजाब जाने वाली दो बसों को रोका। हमलावरों ने पहले यात्रियों के पहचान पत्र देखे और नौ लोगों को बस से उतरने को कहा तथा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। उनके शव बरामद कर लिए गए हैं। ये सभी लोग पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों से थे। प्रतिबंधित संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) ने हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। बीएलएफ पाकिस्तान में सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर हमले करता है। सुरक्षा बल राजमार्ग पर यातायात निलंबित कर दोषियों का पता लगाने के लिए व्यापक अभियान चला रहे हैं।



- बंदूकधारी हमलावरों ने पंजाब जा रही दो बसों में पहचान पत्र देखने के बाद यात्रियों को उतारा, फिर गोली मार दी

### सुरक्षा चौकियों और सरकारी प्रतिष्ठानों पर भी हमले

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चरमपंथियों ने रात में कई सुरक्षा चौकियों, सरकारी प्रतिष्ठानों, थानों, बैंकों और संचार टावरों को निशाना बनाया। रिंद ने हमलों की पुष्टि की लेकिन कहा कि किसी घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। चरमपंथी अक्सर इस तेल और खनिज समृद्ध प्रांत में सुरक्षा कर्मियों, सरकारी परियोजनाओं और 60 अरब अमेरिकी डॉलर की चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा को निशाना बनाते हैं।

## कश्मीर के धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक नजरबंद

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में उन्हें जुमे की नमाज अदा करने से रोकने के लिए फिर से नजरबंद कर दिया गया है।

मीर वाइज ने नज़रबंदी को 13 जुलाई को मनाए जाने वाले शहीद दिवस से जोड़ा है जो 13 जुलाई-1931 को श्रीनगर केंद्रीय जेल के बाहर सुरक्षाकर्मियों के हाथों 22 कश्मीरियों को मारे जाने की याद में मनाया जाता है, जहां वे निरंकुश शासन का विरोध के लिए एकत्र हुए थे। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले जम्मू कश्मीर में इस दिन आधिकारिक अवकाश होता था। मीरवाइज ने अधिकारियों से प्रतिबंध हटाने और लोगों को 13 जुलाई के 'शहीदों' को शांतिपूर्वक श्रद्धांजलि देने की अनुमति देने की अपील की।

## बचाव अभियान



अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में 'इंदिरा प्वाइंट' के दक्षिण-पूर्व में समुद्र में फंसी एक अमेरिकी नौका तथा इसके चालक दल के दो सदस्यों को भारतीय तटरक्षक बल ने बचा लिया। अधिकारियों के मुताबिक पाल उड़ जाने और प्रोपेलर उलझ जाने के कारण यह नौका बेहद कठिन परिस्थिति में फंस गई थी। **एजेंसी**

## यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल मराठा शासकों के किले, दुर्ग

**नई दिल्ली।** यूनेस्को ने कहा है कि मराठा शासकों द्वारा परिकल्पित असाधारण किलेबंदी और सैन्य प्रणाली का प्रतिनिधित्व करने वाले मराठा किलों को शुक्रवार को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कर किया गया।

यह निर्णय पेरिस में चल रहे विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र के दौरान लिया गया। यूनेस्को दर्जा के लिए नामांकन 2024-25 सत्र के लिए किया गया था। मराठा शासकों के 12 किले एवं दुर्ग को यह दर्जा दिया गया, जिनमें साल्हेर किला, शिवनेरी किला, लोहगढ़, खंडेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, स्वर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजय दुर्ग और सिंधुदुर्ग और तमिलनाडु में जिंजी किला शामिल हैं। विविध भौगोलिक क्षेत्रों में फैले ये धरोहर स्थल मराठा साम्राज्य की सामरिक शक्ति को प्रदर्शित करते हैं।

# महाभियोग के लिए सांसदों के हस्ताक्षर इकट्ठे करना शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- जल्द निचले सदन में लाया जा सकता है प्रस्ताव

सरकार ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के लिए संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने के वास्ते सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र करना शुरू कर दिया है। न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली स्थित अपने आवास में आग लगने की घटना के बाद वहां से जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने के बाद विवादों में घिर गये थे।

सूत्रों ने बताया कि महाभियोग प्रक्रिया के लिए लोकसभा के कई सांसदों के हस्ताक्षर एकत्र कर लिये गए हैं, जो इस बात का संकेत है कि यह प्रस्ताव निचले सदन में पेश किया जा सकता है। आग की घटना के वक्त न्यायमूर्ति वर्मा दिल्ली हाईकोर्ट में नियुक्त थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेज दिया गया और तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने आंतरिक जांच के आदेश दिए।

न्यायमूर्ति वर्मा के इस्तीफ़ा देने से इनकार करने के बाद, यह मामला राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के पास भेज दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि न्यायमूर्ति वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के आगामी सत्र में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के खिलाफ एकता का संदेश देने के लिए विपक्षी दलों से बात करेगी, ताकि उन्हें साथ लाया जा सके। लोकसभा में ऐसे प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।

## अमेरिकी विदेश विभाग में होगी 1300 कर्मचारियों की छंटनी

**कुआलांलपुर।** अमेरिका में ट्रप प्रशासन द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में शुरू की गई एक नाटकीय पुनर्गठन योजना के तहत विदेश विभाग 1,300 से अधिक राजनयिकों और प्रशासनिक अधिकारियों की सेवा समाप्त कर रहा है।

विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विभाग अमेरिका के भीतर काम कर रहे 1,107 प्रशासनिक अधिकारियों और विदेश सेवा के 246 अधिकारियों को छंटनी का नोटिस भेज रहा है। ट्रंप प्रशासन ने विभाग को और कुशल बनाने के लिए यह कदम जरूरी बताया है, लेकिन मौजूदा और पूर्व राजनयिकों ने इस की कड़ी आलोचना की है। इन राजनयिकों का कहना है कि इससे अमेरिका का प्रभाव कमजोर होगा और विदेशों में मौजूदा और उभरते खतरों का मुकाबला करने की उसकी क्षमता प्रभावित होगी।

**सेना की पहल** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के बढ़े खतरे के मद्देनजर सुरक्षा मजबूत करने का कदम

# अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए शुरू किया ऑपरेशन शिवा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन शिवा 2025' शुरू किया है।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है, इस वर्ष अभियान के लिए प्रौद्योगिकी और अन्य जरूरी संसाधनों से लैस 8500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है। साथ ही आतंकवाद-रोधी ग्रिड, सुरक्षा तैनाती और यात्रा मार्गों की सुरक्षा के उपाय किए गए हैं।



जम्मू से शुक्रवार को अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होता एक जत्था। ● एजेंसी

नागरिक अधिकारियों को भी विशेष रूप से आपदा प्रबंधन और आपात स्थिति में सहायता प्रदान की जा रही है। सेना ने ड्रोन खतरों को बेअसर करने के लिए 50 से अधिक ड्रोन रोधी प्रणाली भी तैनात की है। यात्रा मार्गों और पवित्र गुफा की निगरानी के लिए ड्रोन मिशन चलाए जा रहे हैं। पुल निर्माण, रास्तों को चौड़ा करने और आपदा जोखिम कम करने के लिए 'इंजीनियर टास्क फोर्स' तैनात की गयी है।

अमरनाथ यात्रियों और अन्य को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए 150 से अधिक डॉक्टर और चिकित्सा कर्मी, दो एडवांस ड्रेसिंग स्टेशन, नौ चिकित्सा सहायता पोस्ट, 100 बिस्तरों वाला एक अस्पताल और 2,00,000 लीटर ऑक्सीजन से लैस 26 ऑक्सीजन बूथ बनाये गये हैं। निर्बाध संचार के लिए सिग्नल कंपनियां, तकनीकी सहायता के लिए ईएमई टुकड़ी और बम निरोधक दस्ते भी तैनात किये गये हैं। 25 हजार लोगों के लिए आपातकालीन राशन, क्यूआरटी, टेंट सिटी, वाटर पॉइंट, और बुलडोज़र तथा उत्खनन मशीनों सहित अन्य उपकरणों की सुविधा की गई है। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर तैयार रखे गये हैं।

### अमरनाथ रवाना हुआ 6482 तीर्थयात्रियों का नया जत्था

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार सुबह 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि स्वनिर्मित हिम शिवलिंग दर्शन के लिए तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 268 गाड़ियों में रवाना हुए। इनमें 4129 तीर्थयात्री पहलगाम और 2353 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। वाहनों के बेड़े हल्के और भारी मोटर वाहन शामिल थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 03 जुलाई से शुरू होकर 09 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा कुल 38 दिनों की होगी।